सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com | रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 239




12 | झारखंड में राजनेताओं ने खेली होली


रोजा का समय
सेहरी (13.03.2025): 04.38 बजे
इफ्तार (12.03.2025): 05.58 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR


# झारखंड के आतंक का अंत

## एटीएस ने मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव को मार गिराया

### राजयपुर जेल से रांची लाने के दौरान पलामू में पुलिस पर हमला कर कुख्यात को छुड़ाने का हुआ था प्रयास

- पुलिस की राइफल छीनकर भागने के दौरान हुई मुठभेड़
- घटना पलामू जिले के रामगढ़-चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोड़ा जंगल के बीच घटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** झारखंड का गैंगस्टर अमन साव पलामू जिला के चैनपुर-रामगढ़ क्षेत्र के सीमा पर स्थित अंधारीढोढ़ा के जंगली क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। ज्ञात हो कि झारखंड एटीएस की टीम अमन साव को सेंट्रल जेल छतीसगढ़ से लेकर रांची आ रही थी। इसकी जानकारी अमन साव गिरोह के अपराधियों को लग गयी थी। मंगलवार की सुबह नौ बजे पुलिस का काफिला जैसे ही अंधारीढोढ़ा जंगल के पास पहुंचा वैसे ही गुर्गों ने पुलिस पर बम व गोली से हमला कर दिया। उस वक्त पुलिस के बीच अफरा तफरी मच गयी। यह देखकर अमन साव एक पुलिस से राइफल छीनकर भागने लगा जिसे पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाना शुरू कर दिया। जिसमें



रायपुर जेल से निकालते समय सुरक्षाबलों के साथ अमन साव।



एनकाउंटर स्थल पर पुलिस की राईफल के साथ मृत अमन साव।



गैंगस्टर अमन साव को झारखंड एटीएस की टीम छतीसगढ़ के रायपुर से रिमांड पर लेकर रांची आ रहा थी। जैसे ही पुलिस की काफिला अंधारीढोढ़ा के पास पहुंचा, अमन साव के गुर्गों ने उसे छुड़ाने के लिए पुलिस के काफिले पर बम व गोली से हमला कर दिया। जावाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें अमन साव के गुर्गे पुलिस को भारी देख भागने में सफल रहे। वहीं पुलिस की राईफल लेकर भाग रहा गैंगस्टर अमन साव एनकाउंटर में मारा गया।

रीष्मा रमेसन पुलिस अधीक्षक, पलामू

## एनकाउंटर में जवान के पैर में लगी गोली

अमन साव झारखंड में एनआइए के कई मामलों में वांछित था जिसमें झारखंड एटीएस की टीम अमन साव को रिमांड पर लेकर रायपुर से रांची ला रही थी। इसी क्रम में चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोढ़ा में पुलिस व अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान भाग रहा अमन साव मारा गया। इस घटना में एटीएस के पुलिसकर्मी को पैर में गोली लगी है जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा बम, गोली के कई खोखे समेत अन्य सामान बरामद किया है। कुख्यात गैंगस्टर अमन साव झारखंड, बंगाल, छतीसढ़ में आतंक का पर्याय बना हुआ था। इसके विरूद्ध तीन राज्यों में हत्या, अपहरण, फिरौती समेत कई गंभीर मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

अमन साव गिरोह से जुड़े अपराधी जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे लेकिन भागने के दौरान अमन साव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। यह सूचना जैसे ही पलामू पुलिस को मिली तो एसपी रीष्मा रमेसन के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए सड़क के दोनों ओर की सीमा को सील कर दिया और गहन तलाशी शुरू की गयी। (पेज 2 भी देखें)

## महंगी पड़ गयी भागने की सोच

छत्तीसगढ़ के रायपुर के एक कारोबारी के यहां फायरिंग मामले में अमन साहू रिमांड पर गया था। इधर झारखंड की राजधानी रांची में कोयला कारोबारी पर अमन ने कथित रूप से हमला करवा दिया। ऐसे में जब उसने यह जाना कि अब उसे पूछताछ का सामना करना पड़ेगा तो उसने रायपुर से रांची आने के क्रम में कस्टडी से फरार होने की प्लानिंग कर डाली। इसके लिए बकायदा पलामू का एक ऐसा क्षेत्र चुना गया जहां कोई भी वाहन धीरे-धीरे होकर सड़क से गुजरता है। इसमें वह सफल नहीं हो सका और मारा गया।

## पांच मिनट में आतंक का अंत

एके 47 जैसे अत्याधुनिक हथियारों के साथ अक्सर सोशल मीडिया पर छाए रहने वाले अमन साहू का भी वही हश्र हुआ जो एक अपराधी का होता है। जिस आतंक को बनाने में अमन को वर्षों लगे उसे झारखंड पुलिस ने मात्र सवा पांच मिनट में ही हमेशा के लिए खत्म कर दिया। एटीएस की टीम उसे छत्तीसगढ़ के रायपुर सेंट्रल जेल से वापस लेकर लौट रही थी। इसी क्रम में पलामू के चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अंधारीढोढा जंगल के बीच अमन साव के गिरोह ने पुलिस के वाहन पर बम से हमला कर दिया। अमन साव एक जवान का राइफल छीनकर गोलीबारी करते भागने लगा। एटीएस की टीम ने अमन को चेतावनी दी। रुकने को कहा। वह नहीं रुका। तब एटीएस टीम ने जवाबी कार्रवाई में उसे ढेर कर दिया।

## राज्य को अपराधमुक्त बना रहे



झारखंड का टेरर कहा जाने वाला अमन साहू के मारे जाने पर झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि पुलिस झारखंड को अपराधमुक्त बनाने में जुटी है। वह मंगलवार को हजारीबाग में पत्रकारों से बात कर रहे थे। डीजीपी ने यह भी कहा कि झारखंड में अमन साहू, विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और प्रिंस खान गिरोह सक्रिय है। इन सभी पर नकेल कसने में जुटी है। डीजीपी ने कहा है कि पुलिस रिपोर्ट के अनुसार एटीएस टीम पर हमला कर भागने के प्रयास में अपराधी मारा गया। यह पूरी घटना कैसे घटी है इसे लेकर एटीएस के एसपी को घटनास्थल पर भेजा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में एक जवान घायल भी हुआ है। पूरे मामले की तह तक जाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## न्यूज डायरी

### 100 और 200 के नये नोट जारी होंगे : आरबीआई

मुंबई। आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नयी) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों की डिजाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नयी) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी।

### तीन वर्षों में सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर : नड्डा


**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर-डे-केयर सेंटर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा है। श्री नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए बटजीय प्रावधान भी किये गये हैं।

### जेपीएससी के 5 अफसरों के खिलाफ होगी जांच

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जेपीएससी-2 के पांच अफसरों के खिलाफ नये सिरे से जांच करने का आदेश दिया है। इन अफसरों में प्रशांत कुमार लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजलि का नाम शामिल है। न्यायालय ने अपने आदेश की कॉपी सीबीआई के ब्रांच हेड को भेजने का निर्देश दिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने जेपीएससी-2 के अभियुक्तों के खिलाफ संज्ञान से संबंधित आदेश में लिखा है कि इन पांच अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित नहीं किया है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि जांच के दौरान प्रशांत लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजलि के खिलाफ के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। न्यायालय ने अपने आदेश में लिखा है कि यह सभी प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त हैं। प्राथमिकी में इनके खिलाफ स्पेसिफिक आरोप हैं।

### रांची के कोकर चौक के पास भीषण सड़क हादसा

## स्कॉर्पियो ने ट्रक में मारी टक्कर तीन लोगों की मौत, चार घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में राम लखन सिंह कॉलेज के पास मंगलवार की सुबह तीन बजे भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर ऐसी थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम सुजीत कुमार सिंकू (20), पृथ्वी कुमार सहदेव (17) और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा (25) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। मृतकों में वरिष्ठ भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल है।

इधर भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि पुत्र अग्नि बेसरा रांची एक्सआईएसएस रांची में एमबीए कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

### बजट सत्र : भू-राजस्व और स्वास्थ्य मंत्री ने दिया जवाब

## खास महल की हजारों एकड़ जमीन होगी फ्री होल्ड: मंत्री


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन में भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खास महल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द फ्री होल्ड किया जायेगा। उन्होंने सदन को बताया कि खास महल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठकें हो चुकी है। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जायेगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग वर्षों से खास महल की जमीन पर



रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। श्री चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में काफी लोग खास महल की जमीन पर रहते आये हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन, उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वे अपना घर नहीं बना पा रहे हैं और जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है। लेकिन, सरकार सड़क निर्माण और अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं। झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने भी खास महल की जमीन का मामला उठाया।

इसके पहले मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के एक ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुये कहा कि पूर्व में प्रोन्नति में विसंगतियां हुई है। अब जीबी की बैठक बुलाकर प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। उन्होंने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स का डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया।

# राजनेता बनने की हसरत पाले मारा गया अमन साहू

## बड़कागांव सीट से अपनी किस्मत आजमाने पूरी प्लानिंग कर ली थी, आइटीआइ पास अमन साहू को शौक ने बनाया क्राइम की दुनिया का बेताज बादशाह बना

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मंगलवार को पलामू में हुए एक एनकाउंटर में मारा गया। झारखंड में 150 से अधिक आपराधिक वारदातों में शामिल रहा अमन साहू पिछले तीन साल से जेल में बंद था। छत्तीसगढ़ के रायपुर से ही वह झारखंड में वह बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहा था। बुलेट से अपना खौफ कायम कर चुका अमन साहू अब 'बैलेट' की ताकत भी पाना चाहता था। वह विधायक बनने की ख्वाहिश पाल बैठा था, जो एनकाउंटर के साथ खत्म हो गई।



ज्ञात हो कि अपराध के रास्ते राजनीति का रास्ता बिहार से यूपी तक कई बाहुबलियों ने पकड़ा। अमन साहू भी इसी दिशा में बढ़ना चाहता था। अमन जेल में रहते हुए विधायक बनना चाहता था। इसके लिए वह बड़कागांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहता था। 2024 में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उसने कोर्ट से भी इजाजत मांगी थी, लेकिन उसकी मांग स्वीकार नहीं की गई।

अब वह 2029 के विधानसभा की तैयारी में अभी से जुट गया था। 21 फरवरी को इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा गया, जय श्री राम, मिशन 2029, बड़कागांव विधानसभा। साहू सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुद को बड़कागांव का भावी विधायक और समाजसेवी बताता था। वह कभी भाजपा तो कभी जेएमएम के नेताओं को सोशल मीडिया पर शुभकामना संदेश देता था।

**शौक ने बनाया अपराधी :** अमन मूल रूप से हजारीबाग के बड़कागांव निवासी निरंजन साहू का बेटा है। वह आईटीआई पास था। अपराध की दुनिया में उसने सिर्फ इसलिए कदम रखा था ताकि वह नाम और शोहरत कमा सके। अमन साहू ने 12वीं कक्षा के बाद आईटीआई में डिप्लोमा किया और एक मोबाइल शॉप खोली। इस दौरान उसकी मुलाकात कुछ अपराधियों से हुई, जिससे प्रभावित होकर उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा। अमन पहला ऐसा अपराधी था जो मिनी जैमर साथ मे लेकर चला करता था।

**अपराध जगत में उत्थान :** अमन ने अपनी आपराधिक गतिविधियों की शुरूआत के बाद, धीरे-धीरे अपनी गैंग बनाई और झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में सक्रिय हो गया। उसके गैंग का नेटवर्क धनबाद, रांची, रामगढ़, चतरा, हजारीबाग, पलामू, लातेहार, बोकारो जैसे झारखंड के कई जिलों में फैला हुआ था। वे कोल माइनिंग कंपनियों, कोयला व्यवसायियों और ट्रांसपोर्ट फील्ड के व्यापारियों को रंगदारी के लिए निशाना बनाता था।

**गिरफ्तारी के बाद जेल और एनआईए की कार्रवाई :** अमन साहू को पहली बार 2019 में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन 29 सितंबर 2019 को वह पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया। तीन साल बाद, जुलाई 2022 में उसे फिर से गिरफ्तार किया गया और दुमका जेल में बंद किया गया। जुलाई 2024 में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की, जिससे उसकी आपराधिक गतिविधियों का दायरा और साफ हुआ।

**अमन साहू का एनकाउंटर :** अमन साहू छत्तीसगढ़ के रायपुर सेंट्रल जेल में बंद था, 11 मार्च 2025 को, पुलिस उसे पूछताछ के लिए रांची ला रही थी, तभी पलामू जिले के चैनपुर में उसके गैंग ने पुलिस की गाड़ी पर बम से हमला किया। हमले के बाद, अमन ने पुलिस का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे मार गिराया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस जवान भी घायल हुआ है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बतायाा कि 'रांची में फायरिंग और एनटीपीसी डीजीएम की हत्या मामले में उसे पूछताछ के लिए रांची ले जाया जा रहा था। इसी दौरान एटीएस की टीम पर बम से हमला हुआ। इसका फायदा उठा कर अमन साहू ने एक एसटीएफ जवान का इंसास राइफल छीना और भागने लगा। उसने जवानों पर गोली भी चलाई, जिसमें एक जवान घायल हो गया। जवाबी फायरिंग में अमन साहू को गोली लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

वहीं, जख्मी जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसकी हालत खतरे से बाहर है। अमन साहू का रांची लाने की जिम्मेदारी जिस टीम को दी गई थी उसका नेतृत्व एटीएस डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह कर रहे थे। इन्हें झारखंड का एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाता है। कहा जा रहा कि पुलिस को आशंका थी कि अमन साहू को छत्तीसगढ़ से रांची लाने के दौरान कुछ भी हो सकता है। इसलिए इसकी जिम्मेदारी डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह को दी गई थी।

### गिरफ्तारी से बचने के लिए जैमर का प्रयोग

कुख्यात अपराधी अमन साहू आइटीआई तकनीक की पूरी जानकारी रखता था। शायद यही वजह है कि उसने कभी भी मोबाइल पास में नहीं रखा। साल 2020 में जब उसे रांची के तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा ने गिरफ्तार किया था, तब उसने यह कबूला था कि वह पकड़ा न जाए इसलिए वह हॉटस्पॉट डिवाइस और जैमर रखता था। अपने बयान में अमन ने बताया था कि छोटे जैमर की पहुंच 100 मीटर तक होती है। मोबाइल टावरों से मिले सिग्नल के जरिए ही मोबाइल काम करता है, लेकिन जैमर टावरों से मिलने वाले सिग्नल को मोबाइल तक पहुंचने ही नहीं देता है। ऐसे में सिग्नल (नेटवर्क) न मिलने के कारण मोबाइल पर कॉल संभव नहीं होती है। उस दौरान अमन ने बताया था कि बाजार में छह से लेकर 25 हजार रुपये तक के छोटे मोबाइल जैमर मौजूद हैं, जिनकी रेंज दस से लगभग 100 मीटर तक की होती है ये आकार में बहुत छोटे होते हैं, जिन्हें आसानी से अपने साथ ले जाया जा सकता है।

### अमन साहू नहीं रखता था मोबाइल

बाजार में मिलने वाले छोटे जैमर का वजन भी एक किलोग्राम से कम होता है। जैमर की वजह से पुलिस टेक्निकल सर्विलांस के जरिए भी अमन साहू के मौजूदगी का पता नहीं लगा पाती थी। वहीं, अगर कोई देख भी लेता था तो मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण तत्काल पुलिस को कॉल नहीं कर पाता था। अमन साहू जब तक जिंदा रह उसने मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया। वह जानता था कि मोबाइल से पुलिस उसका लोकेशन आसानी से पता कर लेगी। इसलिए वह सिर्फ वाईफाइ के जरिये जंगी जैसे एप का इस्तेमाल चलाता था।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध

अमन साहू के बारे में ये भी कहा जाता रहा है कि वह कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी था। सूत्रों के अनुसार, अमन अपने गुर्गों को लॉरेंस को सप्लाई करता था और बदले में हाईटेक हथियार प्राप्त करता था। हालांकि इसका कोई प्रमाणिक सबूत नहीं मिल पाया है।

### कौन हैं एनकाउंटर विशेषज्ञ प्रमोद कुमार सिंह

प्रमोद कुमार सिंह 1994 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं, जो अब एटीएस में डीएसपी के रैंक पर हैं। प्रमोद कुमार चैनपुर में थाना प्रभारी भी रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने एक डकैत का भी एनकाउंटर किया था। पलामू में प्रमोद ने कई अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की थी, और इनके एक्शन से अपराधियों में खौफ था। इसके बाद उन्होंने अपने करियर में विभिन्न पदों पर सेवा दी है और कई महत्वपूर्ण अभियानों में शामिल रहे हैं।

### पहली बार पकड़ाया और हो गया था फरार, 130 से ज्यादा मामले

कुख्यात अमन साहू बड़कागांव थाना से सितंबर 2019 की रात पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी को बर्खास्त तक होना पड़ा था। अमन साहू पर रांची में रंगदारी और अपराध की योजना बनाने से संबंधित मामले दर्ज हैं। जबकि राज्यभर के अलग-अलग थानों में 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अमन साहू को धनबाद, रांची, रामगढ़, पलामू, हजारीबाग, चतरा और लातेहार जिले की पुलिस के लिए चुनौती था। हजारीबाग के उरीमारी, बड़कागांव, डाड़ीकला, गिद्दी, केरेडारी थाना क्षेत्र, चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र, लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र में कार्यरत कोयला कंपनियों, ट्रांसपोर्टेरो, एवं उद्यमियों से लेवी की मांग करता था। लेवी नही देने पर जान से मारने की धमकी के साथ साथ वाहनों को जलाने की धमकी देता था।

# सरकार के पास नहीं है कोई ठोस खनिज नीति : सरयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन सदन में सरयू राय ने कहा कि सरकार के पास कोई टोस खनिज नीति ही नहीं है। श्री राय मंगलवार को अनुदान मांग पर वाद-विवाद में हिस्सा ले रहे थे। बजट में एक लाइन भी खान विभाग के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। खान और खनिज सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। उन्होंने कहा कि 9000 करोड़ का राजस्व आ रहा है जो काफी है। 30 खनिज के खदानों का ऑक्सन हो गया। इस पर सिर्फ तीन पर ही काम शुरू हुआ। अगर शुरू होता तो 500 करोड़ की आमदनी होती। उन्होंने कहा कि बजट में बालू का भी जिक्र नहीं है। जेएसएमडीसी शत-प्रतिशत पैसा अपने पास रख रहा है। 2014 के बाद से गैर कोयला खनिजों के सात खदानों का ही ऑक्सन हो पाया है। लीज भी कन्वर्ट नहीं हुआ। सोना खदान की भी यही स्थिति है। राजस्व अधिकारी और जिला अधिकारी तथ्य की सूचना नहीं देते हैं। कोडरमा व गिरिडीह में डिबरा का चालान राजस्थान से आता है। लिथियम पर अनुसंधान की कार्रवाई अब तक नहीं हुई। उन्होंने मानगो फ्लाईओवर का डिजाइन उपयोगी बनाने की मांग की।





**विस्थापन आयोग बनाया जाये : अरूप चटर्जी :** भाकपा माले विधायक अरूप तटर्जी ने कहा कि राज्य में विस्थापन आयोग बनाया जाये। रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के विस्थापितों को बसाने की व्यवस्था होनी चाहिये। म्यूटेशन को ऑनलाइन करने पर जोर दे। खनिज उठाव की पॉलिसी के कारण माइंस बंद हो गये। इस पर पॉलिसी लानी चाहिये।

**अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला: जनार्दन पासवान :** लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाल हैण जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र भी बिना पैसों के नहीं बनता है। कोई सुनने वाला नहीं है।

**भाजपा के लोग खा जाते थे आधा पैसा, सड़क कैसे बनेगा : सुरेश पासवान :** राजद विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि भाजपा के लोग आधा पैसा खा जाते थे, तो सड़क कैसे बनेगा। अब ग्रीन झारखंड क्लीन झारखंड है। रोड बढ़िया बन रहा है। विपक्ष के पास न काम है और न मुद्दा। झारखंड की रोटी खाकर दिल्ली का गुण गाते हैं। उन्होंने कहा कि एलायनमेंट को देखकर रोड बनाना चाहिये। पुनासी विस्थापितों की समस्या का समाधान होना चाहिये।

**दस्तावेज किये जा रहे हैं दुरूस्तः भूषण तिर्की :** झामुमो विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि जमीन के दस्तावेज दुरुस्त किये जा रहे हैं। अब लोग मोबाइल एप के जरीये लगान जमा कर सकेंगे। सीएनटी, एसपीटी और पत्थलगड़ी के नाम पर भाजपा ने खून की होली खेली। कालाधन वापस लाने, दो करोड़ नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया। एयरपोर्ट और बंदरगाह बेचने का काम किया। मणिपुर पर एक भी बयान नहीं आया।

**राज्य का प्रत्येक दूसरा घर जमीन विवाद से जूझ रहा : जयराम महतो :** विधायक जयराम महतो ने कहा कि राज्य का प्रत्येक दूसरा घर जमीन विवाद से जूझ रहा है। अंचल को दुरुस्त किया जाये, नहीं तो हर घर गृहयुद्ध में तब्दील हो जायेगा। फर्जी कागजात बनवाकर दावा किया जा रहा है। सशक्त विस्थापन आयोग का गठन किया जाये। विस्थापितों को नियोजन और मुआवजा दिया जाये।

### बजट में कोई नई योजना नहीं: रौशन

भाजपा विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि बजट में कोई नई योजना नहीं है। बजट में कटौती करने से विकास में रूकावत आयेगी। सीसीएल और कोल इंडिया के कारण सैकड़ों गांव उजड़ गये। बड़कागांव सबसे बड़ा विस्थापित क्षेत्र है। विस्थापन के नाम पर सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। विस्थापितों को मुआवजा नहीं देकर बेघर किया जा रहा है। जीएम लैंड झारखंड का बड़ा मुद्दा है। रैयतों को हक और अधिकार से वंचित किया जा रहा है। एसआइटी और सीबीआइ जांच का हवाला दिया जा रहा है। कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण लागू नहीं हो रहा है। अंचल कार्यालय में काम नहीं हो रहा है। सीएनटी एक्ट का उललंघन हो रहा है। सरकार अपने घोषणा पत्र के वादे को पूरा करे।

# 25 फीसदी गरीबों को नहीं मिला धोती, साड़ी, लूंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ड्रीम प्रोजेक्ट (मुख्यमंत्री धोती-साड़ी योजना) को भी राज्य के अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। नतीजा, राज्य के 25 फीसदी गरीबों को अब तक घोती-साड़ी और लूंगी का लाभ नहीं मिला है। सबसे खबर स्थिति तो राजधानी रांची की है। यहां बैठे अधिकारी इस योजना को अनलीजामा पहनाने की बजाये, इसे धरातल पर उतारने से भी परहेज कर रहे हैं। यही कारण है कि राजधानी में भी अब तक मात्र 74.75 फीसदी ही धोती-साड़ी-लूंगी का वितरण किया जा सका है। इस योजना का लाभ सिर्फ गरीबों को मिलना है। अधिकारियों को इस योजना को फलीभूत करने से कोई लाभ नहीं मिलता है। नतीजा राज्य के अधिकारी इस योजना में रूचि नहीं लेते हैं और गरीब-जरूरतमंद धोती-साड़ी के लिए तरसते रहते हैं।

### होली जैसे त्योहार पर भी साड़ी का इंतजार कर रही हैं महिलाएं

**होली में है गरीबों को धोती-साड़ी का इंतजार :** इसी हफ्ते होली का त्यौहार है। ऐसे में राजधानी की गरीब महिलाएं हेमंत सरकार की ओर से दी जानेवाली नयी साड़ी का इंतजार कर रहे हैं। रांची कलक्ट्रेट में पहुंची एक महिला रतिया उरांव ने बताया कि उन्हें अब तक साड़ी नहीं मिली है। इसी की शिकायत लेकर वह मैडम (एसओआर) से मिलने आायी हैं। उन्होंने बताया कि बाबू, हमको कभी भी समय से राशन नहीं मिलता है। महीना-दो महीना पर एक बार राशन डीलर अनाज दे देता है। डीलर का नाम पूछने पर उन्होंने बताया कि वह कांटाटोली में रहती हैं। एक महिला डीलर है, जो उन्हें अनाज देती है। साड़ी मांगने पर भी उन्हें नहीं मिल रहा है।

# निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली/ रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से 30 अप्रैल तक किसी भी अनसुलझे मुद्दे पर अपने सुझाव मांगे हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे पत्र में कहा है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन से जुड़े नियम और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही एक पारदर्शी कानूनी ढांचा मौजूद है।

**चुनावी प्रक्रिया को सुधारने के लिए संवाद की पहल :** इससे पहले, पिछले सप्ताह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों से नियमित बातचीत करें और 31 मार्च तक आयोग को अपनी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने की अपील की है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मजबूती लायी जा सके।

राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गये 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

### झाप्रसे के 232 अधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारियों का अंतिम वरीयता सूची प्रकाशित कर दी गयी है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने सारी आपत्तियों का निराकरण करते हुए अधिसूचना जारी कर दिया है। विभाग ने औपबंधिक वरीयता सूची जारी करने के समय आपत्ति मांगी थी। इसके बाद उसकी समीक्षा की गयी। विधि विभाग से भी राय ली गयी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मेघचन्द सिंह एवं अन्य बनाम निगम सिरो एवं अन्य में 19 नवंबर 2019 को पारित न्यायादेश एवं अन्य नियम/परिनियमों के आलोक में स्पष्टतः यह भी पाया गया कि प्रथम सीमित उप समाहर्ता प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्त पदाधिकारियों तथा दूसरे एवं तृतीय एवं चतुर्थ सीमित बैच के पदाधिकारियों की नियुक्ति बिहार प्रशासनिक सेवा (सीमित प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्ति) नियमावली 1991 के आलोक में की गई है। इस नियमावली में प्रोन्नति के माध्यम से नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है, बल्कि इसमें सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति का प्रावधान है। इसे ध्यान में रखते हुए यह प्रतीत होता है कि प्रथम सीमित तथा दूसरी, तृतीय एवं चतुर्थ सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में एसटी-एससी के अलावा पिछड़ा वर्ग-1 एवं पिछड़ा वर्ग दो कोटि के अभ्यर्थियों को भी आरक्षण का लाभ देकर उप समाहर्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। इस प्रकार इनकी नियुक्ति में प्रोन्नति संबंधी आरक्षण के प्रावधान को नहीं अपनाया गया है।

# उद्योग लगाने के लिए संथाल में भूमि उपलब्ध करायेगी सरकार : मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विधानसभा में मंगलवार को प्रथम पाली में श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सदन में कहा कि यदि कोई व्यक्ति संथाल परगना में उद्योग लगाने को उत्सुक है तो सरकार उन्हें जमीन और अन्य सुविधायें उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिए सरकार ने पाकुड़ में 616 एकड़ और लिप्तीपाड़ा में 254 एकड़ जमीन चिन्हित किया है। उद्योग लगाने को लेकर मुख्यमंत्री और उद्योग विभाग भी चिंतित है। उन्होंने सदन को बताया कि गोविंदपुर-साहेबगंज औद्योगिक गलियारा के लिए पाकुड़ जिला में 616.24 एकड़ जमीन चिन्हित किया गया है। जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई चल रही है। जमीन अधिग्रहण के बाद पाकुड़ जिला में किसी भी औद्योगिक इकाई की स्थापना का प्रस्ताव प्राप्त होने पर सरकार के विभिन्न नीतियों और नियमों के तहत जमीन आवंटन और अनुमान्य प्रोत्साहन प्रदान किया जा सकता है। मंत्री सदन में हेमलाल मुर्मू के अल्पसूचित सवाल का जवाब दे रहे थे। हेमलाल मुर्मू ने सरकार से पाकुड़ जिला में उद्योगों को आदिवासी व पिछड़े जिलों में विशेषकर स्थापना किये जाने की मांग की थी। इसके बाद मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन में कहा कि राज्य के अधीनस्थ विश्वविद्यालयों व अंगीभूत महाविद्यालयों के 700 से अधिक आवश्यकता आधिरत व्याख्याताओं को नियममित करने के लिए विचार करेगी। यदि उनकी उम्र सीमा पार रही है, तो इसपर भी सहानुभूति पूर्वक विचार होगा। उन्होंने कहा कि 1416 व्याख्याताओं की नियुक्ति के लिये जेपीएससी को अधियाचाना भेजी गयी है। उसी नियुक्ति में अनुबंधित 700 व्याख्याताओं को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता देने का नीतिगत फैसला है। किसी एक पद के लिये समायोजन उचित नहीं है। लेकिन, ये व्याख्याता पिछले आठ साल से काम कर रहे हैं तो उनका कार्यकाल व्यर्थ नहीं जायेगा। उनको नियुक्ति में कुछ वेटेज दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जेपीएससी को अधियाचना भेजी गयी है। लेकिन विज्ञापन प्रकाशन के पूर्व नियम में संशोधन का अनुबंधित अधिवक्ताओं को समायोजित करने का प्रयास किया जायेगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सदन में यह सवाल उठाया था।

उन्होंने 700 से अधिक आवश्यकता आधारित व्याख्याताओं, एनबीएएलद्ध जो यूजीसी रेगुलेशन के अनुरूप लंबे समय से कार्यकर रहे हैं। उन्हें नियमित करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सरकार जो नियुक्ति करने जा रही है। उसमें इन 700 व्याख्याताओं को समायोजित किया जाये। जिस प्रकार राजस्थान में 20 अंक देकर ऐसे व्याख्याताओं को समायोजित किया है। उसी प्रकार इन्हें भी वेटेज अंक देकर समायोजित किया जाये। इसके पहले मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन में बताया कि खान विभाग के मांग पत्रों के आधार पर कंपनियों से वसूली गयी 842 करोड़ रुपये की राशि ट्रेजरी में जमा है।

# झारखंड में गुटखा पर बैन, कोर्ट-कचहरी और कलेक्ट्रेट में खुलेआम उपलब्ध

## होलसेलर मालामाल, खुले बाजार में महंगा दाम पर बिक रहा गुटखा, सिग्नेचर में 2500 रु. अधिक वसूल रहे हैं होलसेलर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में जब-जब गुटखा पर बैन लगा है। इसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पड़ा है। एक बार फिर से जारखंड सरकार ने गुटखा पर बैन लगा दिया है। परंतु न तो इसकी बिक्री पर रोक के लिए कोई कमेटी बनायी और न ही फैक्टरी को बंद करने का नोटिस दिया। नतीजा, झारखंड के बाजार में आज भी खुलेआम गुटखा बिक रहा है। कोर्ट-कचहरी से लेकर कलेक्ट्रेट और विधानसभा के सामने तक इसकी खुलेआम बिक्री हो रही है। हां, गुटखा पर बैन लगने से एक बात तो साफ हो गया है कि जनता को महंगे दामों पर गुटखा मिल रहा है। 25 रुपये में मिलनेवाले रजनीगंधा-तुलसी अब, 30-32 रुपये में बिक रहा है।



**एक हजार से ढाई हजार बोरी तक महंगा हुआ गुटखा :** झारखंड के बाजर में बैन लगने से पहले गुटखा आमलोगों के लिए सुलभ था। परंतु बैन लगने के साथ ही होलसेलरों की चांदी हो गयी। गुटखा अब, एक हजार रुपये से लेकर ढाई हजार रुपये बोरी तक महंगा हो गया। सबसे अधिक दाम तो सिग्नेचर के बढ़े हैं। एक दुकानदार ने बताया कि होलसेलर पहले से ढाई हजार रुपये तक अधिक वसूल रहे हैं। वहीं, रजनीगंधा, कमला पसंद, शिखर, विमल और दिलरूबा जैसे पान मसाला पर एत हजार रुपये बोरी तक अधिक वसूले जा रहे हैं।

**इन जगहों पर खुलेआम बिक रहा गुटखा :** अपर बाजार, मेन रोड, कचहरी, कलक्ट्रेट, न्यू मार्केट रातू रोड, कांके रोड, पिस्का मोड़, पंडरा, धुर्वा जैसे बाजार में गुटखा चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम बिक रहे हैं। एक होलसेलर ने बताया कि बैन लगने के बाद उनके उपर भी बोझ बढ़ा है। ऐसे में वह बढ़े हुए बोझ को कम करने के लिए प्रति बोरा कुछ बढ़ा दिया है। जब खानेवाले लोगों को कोई आपत्ति नहीं है, तो फिर आपलोगों को क्या आपत्ति है।

### जिला प्रशासन को आदेश का इंतजार

कहने को तो सरकार के स्तर पर गुटखा की बिक्री और उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विभाग के स्तर पर इसका आदेश भी जारी कर दिया गया। परंतु गुटखा पर बैन लगाये जाने के एक माह बाद भी जिला प्रशासन को इस पर रोक और छापामारी के लिए अधिकृत नहीं किया गया। नतीजा राज्य के जिलाधिकारियों को आज भी स्वास्थ्य विभाग के उस आदेश का इंतजार है, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि झारखंड के खुले बाजार में गुटखा पर बिक्री के लिए जिला उपायुक्त जिम्मेवार होंगे।

सुप्रभात

बुधवार 12.03.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 320

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



# होली रमजान और ईद को लेकर पुलिस हुई चौकस, एसएसपी ने सभी थाना को क्षेत्र में निरंतर गश्ती करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** होली, रमजान और ईद को देखते हुए पुलिस विभाग ने सुरक्षा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। धनबाद पुलिस केंद्र में वरीय पुलिस उपाधीक्षक सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बलवा और दंगा नियंत्रण का मॉक ड्रिल किया।इस दौरान दंगा होने की स्थिति में उससे निपटने और लोगों को नियंत्रित करने का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान प्रचारी प्रवर, सर्जेन्ट समेत जिला पुलिस बल, जैप के जवान एवं चौकीदार शामिल थे। मॉक ड्रिल के दौरान डीएसपी महोदय ने दंगा नियंत्रण के लिए आवश्यक शस्त्रों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने जवानों को शस्त्रों के सटीक प्रयोग का पूर्व अभ्यास भी कराया।

प्रशिक्षण के दौरान कई विशेष टीमों का गठन किया गया। इनमें पुलिस पार्टी, सिविल पुलिस पार्टी, फायर फाइटिंग पार्टी, लाठी पार्टी, चिकित्सा पार्टी और रिजर्व पार्टी शामिल थीं। सभी को उग्र भीड़ को नियंत्रित करने का प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों को एंटी राइट गन, प्लास्टिक प्लेट्स, चिली बम और टियर गैस गन, वाटर केनन के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया गया। डीएसपी महोदय ने दंगाइयों को नियंत्रित करने के गुर सिखाए। उन्होंने शांति व्यवस्था के लिए ड्यूटी के दौरान दंगा नियंत्रक उपकरणों के अनिवार्य प्रयोग के लिए जवानों को प्रशिक्षित किया।

रमजान होली और ईद के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एसएसपी ने सभी थाना को क्षेत्र में निरंतर गश्ती का निर्देश जारी किया है। भीड़ भाड़ वाले स्थान, बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती सादे लिबास मे की गई है।

एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि मामले की सूचना डायल 112 या फिर पुलिस कंट्रोल रूम को 8210840901 अथवा 03262311217 पर फोन कर जानकारी दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

पुलिस के मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, व्हाट्सअप समेत अन्य सोशल मीडिया टूल पर किसी भी तरह के अफवाह फैलाने, अश्लील समग्री, भड़काऊ संदेश, जाति अथवा समुदाय विशेष के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के उद्देश से की गई किसी भी तरह के पोस्ट पर कड़ी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यूजर्स से अपील की गई है कि शांति व विधि व्यवस्था भंग करने के मकसद से कोई भी पोस्ट न करे। इस तरह के कंटेंट को लाइक, शेयर, फॉरवर्ड या कमेंट करने वालों का खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एसएसपी ने समाज के सभी लोगों से एक दूसरे के धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के तहत शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मानने की अपील की है।

## महुदा में रेलकर्मी के पुत्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिवार में शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**महुदा।** रेलवे क्वार्टर में रहने वाले रेलकर्मी प्रमोद कुमार के 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार की अचानक मौत हो गई, जिससे परिवार में मातम छा गया। परिजनों के अनुसार, मंगलवार तड़के करीब 4 बजे विशाल अचानक बिस्तर से उठा और अपनी मां से पानी मांगा। पानी पीने के बाद वह अचेत होकर गिर पड़ा। परिवार के लोग घबराकर उसे आनन-फानन में धनबाद अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टरों के अनुसार, विशाल की मौत हार्ट अटैक से हुई। परिवार के लिए यह घटना बेहद अप्रत्याशित और दुखद थी, क्योंकि विशाल पूरी तरह स्वस्थ था और बीटेक की तैयारी कर रहा था। तीन भाइयों में सबसे छोटा विशाल अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने संजो रहा था, लेकिन अचानक आई इस त्रासदी ने सबकुछ बदल दिया।

शव घर पहुंचते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था, वहीं पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने परिवार को संभालने की कोशिश की। विशाल के असमय निधन ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

### स्पीड न्यूज

## वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के कर्मी की बाइक चोरी

**तेतुलमारी।** वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के कर्मी कारू चौहान की ग्लैमर मोटरसाइकिल को चोरों ने चुरा लिया। घटना बेलदारी बस्ती के पास की है, जहां कारू चौहान ने अपनी बाइक खड़ी कर अपने रिश्तेदार के घर गए थे। जब वे वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई और चोरी की जांच कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार सजा 17 को

**धनबाद।** शादी की नियत से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले मे मंगलवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया धनबाद। पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी कोइरीबांध झरिया निवासी निहाल बर्मन को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 मार्च की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के मां की शिकायत पर झरिया थाने में 5 सितंबर 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 4 सितंबर 24 को सुबह 8 बजे पीड़िता कॉलेज जाने के लिए बोलकर घर से निकली थी . दोपहर करीब 12 बजे जब वह घर वापस आई तो उसने अपनी माँ को बताया कि आरोपी उसे जबरन झरिया के एक लॉज में ले गया और दुष्कर्म किया ।अनुसंधान के बाद पुलिस ने 31 अक्टूबर 24 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 6 दिसंबर 24 को आरोप तय किए जाने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने 5 गवाहों का परीक्षण कराया था।

# बेलगड़िया टाउनशिप की बदहाल स्थिति पर प्रमंडलीय आयुक्त ने जताई नाराजगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त एवं झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (JRDA) के अध्यक्ष पवन कुमार ने बेलगड़िया टाउनशिप की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। मंगलवार को समाहरणालय में हुई JRDA प्रबंध पर्षद की 35वीं बैठक में उन्होंने टाउनशिप की सुरक्षा, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने जिला प्रशासन और बीसीसीएल के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने की हिदायत दी। उन्होंने टाउनशिप में एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन और मेधा डेयरी बूथ स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही, निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टाउन आउट पोस्ट (T.O.P) बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया। उन्होंने JRDA के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए त्रैमासिक बैठकें नियमित रूप से करने का सुझाव दिया।

### सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश



### पुनर्वास और मुआवजे की प्रक्रिया होगी तेज

बैठक में लीगल टाइटल होल्डर (LTH) और नॉन-लीगल टाइटल होल्डर (NonLTH) के पुनर्वास, आवंटन और मुआवजे के मामलों में रडढ (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का पालन करने का निर्देश दिया गया।

### बुनियादी सुविधाओं पर दिया जोर

आयुक्त ने स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने फेज-1, 2 और 3 की नालियों और सेप्टिक टैंकों की सफाई, सड़क चौड़ीकरण, पेवर ब्लॉक बिछाने और सुलभ शौचालय निर्माण की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने बेलगड़िया टाउनशिप की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए पाइपलाइन बिछाने की बात कही। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट, ऑडिटर की नियुक्ति और शॉपिंग सेंटर में दुकानों के आवंटन सहित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त सह JRDA की प्रबंध निदेशक माधवी मिश्रा, बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समिरन दत्ता, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, JRDA प्रभारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

बेलगड़िया टाउनशिप को विकसित करने और वहां रह रहे लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रशासन अब कड़े कदम उठाने जा रहा है। आने वाले दिनों में टाउनशिप में बुनियादी ढांचे के विकास और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

### एक नजर में

## धनबाद में आधुनिक सुविधाओं से लैस होटल एचआरएस का भव्य उद्घाटन



**धनबाद।** शहर के श्रमिक चौक स्थित होटल एचआरएस का मंगलवार को भव्य उद्घाटन हुआ। इस खास मौके पर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने अपनी पत्नी के साथ होटल का शुभारंभ किया। होटल के एमडी शीतेश अग्रवाल ने बताया कि एचआरएस में कुल 20 कमरे उपलब्ध हैं, जिन्हें प्रीमियर और स्वीट दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। ग्राहकों की जरूरतों और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दोनों श्रेणियों की अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह होटल आधुनिक सुविधाओं से लैस है और मेहमानों को बेहतर सेवा और आरामदायक माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति देखी गई। इस अवसर पर नंदलाल अग्रवाल, संजय झा, बजरंग अग्रवाल, आर. टंडन, शांतनु चंद्रा, प्रदीप सिंह समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। होटल एचआरएस का उद्घाटन धनबाद के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में एक नई उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, जो शहरवासियों और आगंतुकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा।

## राजा कोलियरी कॉलोनी में पानी के लिए हाहाकार, पांच दिनों से ठप जलापूर्ति



**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की राजा कोलियरी ऑफिस कॉलोनी के लगभग 100 क्वार्टरों में पिछले पांच दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह से ठप है। इस संकट ने कॉलोनीवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जिससे गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलापूर्ति योजना के लिए पुरानी पाइपलाइन को काट दिया गया, जिसके बाद से इलाके में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। कॉलोनी में ईसीएल प्रबंधन की इस लापरवाही को लेकर आक्रोश व्याप्त है। स्थिति इतनी गंभीर है कि पानी के लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। कॉलोनी के पास स्थित पीएचईडी विभाग के एकमात्र पुराने नल से बेहद कम मात्रा में पानी आ रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। सुबह होते ही लोग पानी भरने के लिए बाल्टी और बर्तन लेकर लंबी कतार में खड़े हो जाते हैं। इस समस्या की जड़ निरसा ओसीपी के विस्तार के लिए की जा रही खुदाई है। पुरानी पाइपलाइन हटाने के दौरान कॉलोनी की जलापूर्ति बाधित हो गई। ईसीएल प्रबंधन ने कहा है कि पुराना पाइप हटाने के बाद जलापूर्ति फिर से बहाल कर दी जाएगी, लेकिन स्थानीय निवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

## सेल कोलियरी डिवीजन के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 106 मरीजों की जांच

**सिंदरी।** सेल कोलियरी डिवीजन द्वारा रोहड़ाबांध साउथ हॉस्टल में मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 64 महिलाएं और 42 पुरुषों सहित कुल 106 मरीजों की जांच की गई। विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को मुफ्त में दवाएं भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर में गंभीर रोगों से पीड़ित मोहन राम, भगवान शर्मा, नीति कुमारी, दीपमाला शर्मा, ममता देवी और रीना कुमारी की विशेष जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं दी गईं। इस सफल आयोजन में युवा समाजसेवी जितेंद्र शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मरीजों की देखभाल में सहयोग किया।

## फागुन में खिला पलाश, सूरज की किरणों से बढ़ी इसकी शोभा




फागुन का महीना आते ही प्रकृति अपने सबसे सुंदर रूप में नजर आने लगती है। जंगलों और बागों में खिलखिलाते लाल-नारंगी पलाश के फूल मानो धरती पर बिछी किसी चटख रंग की चादर जैसी दिखाई देते हैं। सूरज की सुनहरी किरणें जब इन फूलों पर पड़ती हैं, तो इनकी सुंदरता और भी निखर जाती है। हवा के हल्के झोंकों के साथ झूमते ये फूल मानो बसंत के संगीत पर थिरक रहे हों। पलाश के खिलने से प्रकृति के इस अनमोल सौंदर्य का हर कोई दीवाना हो जाता है। यह दृश्य सिर्फ आंखों को ही नहीं, बल्कि मन और आत्मा को भी सुकून से भर देता है। फागुन के रंग में रंगे ये फूल बसंत के सजीव प्रतीक बन जाते हैं।

## एमपीएल में हरित हाइड्रोजन प्रयोगशाला सह वर्कशॉप का उद्घाटन, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में खुले नए अवसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मैथन। एमपीएल में मंगलवार को हरित हाइड्रोजन प्रयोगशाला सह आधुनिक ग्रीन हाइड्रोजन वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन सीएमओ सर्विसेज दिनेश कुमार गंगवाल ने किया। टाटा पावर सामुदायिक विकास ट्रस्ट (टीपीएसडीई) में स्थापित इस प्रयोगशाला का उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक पर अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देना है।

इस प्रयोगशाला के जरिए छात्रों को हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण और उपयोग की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने अपने संदेश में कहा कि यह केंद्र स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नए अवसरों को जन्म देगा और युवा इससे लाभ उठाकर अपना भविष्य संवार सकेंगे। इस वर्कशॉप के माध्यम से छात्रों को कार्बन रहित तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, जिससे उन्हें उद्योग में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। यह केंद्र वैश्विक स्तर पर युवाओं को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करेगा। साथ ही, यह पहल कार्बन फुटप्रिंट और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने में भी मददगार साबित होगी। उद्घाटन के अवसर पर टीपीएसडीआई के प्राचार्य उमेश कुमार गौतम ने प्रयोगशाला और वर्कशॉप के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर टीपीएसडीआई हेड आलोक प्रसाद, मलय राकेश, दुर्गेश शर्मा, संदीप खेडवाल, श्रीनिवासा तिलारी, मोहन सिंह, समेत कई अन्य अधिकारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस दौरान पर्यावरण विभाग द्वारा एक अन्य कार्यक्रम में महरुम उत्पादन केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। सीएमओ सर्विसेज डी.के. गंगवाल ने इसका उद्घाटन कर उत्पादन कार्य में लगे कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विभागीय प्रमुख मलय राकेश, अमन सिंह और अजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# अबुआ आवास और मईया सम्मान योजना से वंचित वार्ड सदस्यों में रोष, सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के वार्ड सदस्य राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास और मईया सम्मान योजना से वंचित किए जाने को लेकर बेहद नाराज हैं। इस उपेक्षा से आहत वार्ड सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को वार्ड सदस्य संघ के एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों ने बीडीओ इंद्रलाल ओहदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दीपक सिंह ने स्पष्ट कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के गठन के बाद से ही वार्ड सदस्यों को कभी उचित सम्मान नहीं मिला। अबुआ आवास और मईया सम्मान योजना में भी उन्हें नजरअंदाज किया गया, जिससे उनका धैर्य जवाब दे चुका है। उन्होंने कहा कि वे जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं, केवल नाममात्र के सदस्य नहीं। पंचायत सरकार की तीसरी इकाई के रूप में उनकी भूमिका अहम है, लेकिन विकास योजनाओं में उनकी कोई राय नहीं ली जाती। मासिक बैठकों का भी कोई आयोजन नहीं हो रहा है। ऐसी परिस्थिति में वार्ड सदस्य अपने सम्मान के साथ समझौता नहीं करेंगे और अगर एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो वे सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को मजबूर होंगे।

बीडीओ इंद्रलाल ओहदार ने वार्ड सदस्यों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि ज्ञापन को धनबाद डीसी तक पहुंचाया जाएगा और इस मुद्दे पर उचित निर्णय लिया जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन वार्ड सदस्यों की मांगों पर क्या कदम उठाता है या यह असंतोष सामूहिक इस्तीफे के रूप में एक बड़ा आंदोलन बनकर उभरता है।

# हाइवा और पिकअप वैन की टक्कर में तीन घायल, चालक स्टेयरिंग में फंसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां कोयला लदी हाइवा और पिकअप वैन में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से हाइवा का चालक स्टेयरिंग में फंस गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना उस समय हुई जब फुसरो क्षेत्र से एमपीएल निरसा की ओर जा रही हाइवा तेज गति के कारण असंतुलित हो गई और विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन से जा भिड़ी। पिकअप वैन निचितपुर से मजदूरों को लेकर गोमो जा रही थी, जिसमें सवार मजदूर निचितपुर रेलवे हॉल्ट से काम खत्म कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाइवा सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई, जिससे चालक भोला साव स्टेयरिंग में फंस गया। इस दुर्घटना में गोमो निवासी मजदूर विरेंद्र मुंडा और हाइवा चालक भोला साव गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही बरोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल पहुंचाया



और दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धनबाद विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में उठाए शिक्षा और पर्यटन से जुड़े अहम मुद्दे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सत्र में धनबाद विधायक राज सिन्हा ने शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने धनबाद के प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं के विकास की मांग की, साथ ही विख्यात पर्यटक स्थल भटिंडा फॉल के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया।

**भटिंडा फॉल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग:** विधायक ने पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग से सवाल किया कि भटिंडा फॉल को अधिसूचित किए जाने के बावजूद इसका समुचित विकास और सौंदर्यीकरण क्यों नहीं किया गया? उन्होंने कहा कि भटिंडा फॉल झारखंड का एक प्रमुख पर्यटक स्थल है, जहां झारखंड, बंगाल और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव और सुरक्षा की कमी के कारण यहां दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।

**सरकार ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया:** धनबाद के लिए राहत की खबर यह रही कि विधायक की मांग पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने आश्वासन दिया कि स्थानीय युवाओं को पर्यटन मित्र के रूप में जोड़ा जाएगा और उन्हें गोताखोर की विशेष ट्रेनिंग देकर आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि भटिंडा फॉल को सुरक्षित और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। विधानसभा में उठाए गए इन सवालों से धनबाद के शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र के विकास की संभावनाएं बढ़ गई हैं।




### स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की पहल

विधायक ने भटिंडा फॉल के आसपास के बेरोजगार युवाओं को पर्यटन मित्र के रूप में जोड़ने और उन्हें गोताखोरी की विशेष ट्रेनिंग देकर आधुनिक उपकरणों से लैस करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर प्रशिक्षित गोताखोर उपलब्ध होंगे, तो पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा।

### शिक्षा क्षेत्र में सुधार की मांग

विधायक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से धनबाद विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों की आधारभूत संरचना को विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में चहारदीवारी, पेयजल की उचित व्यवस्था, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए शौचालय की सुविधा अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने राज्यकृत मध्य विद्यालय भूली डी ब्लॉक धनबाद-2 में खिड़की, दरवाजे, कंप्यूटर और स्मार्ट क्लास प्रोजेक्टर की चोरी का मुद्दा उठाया और इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में जल्द से जल्द आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई सुचारू रूप से हो सके।

## स्पीड न्यूज

### झामुमो का होली मिलन समारोह आयोजीत



**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जिला कमेटी ने मंगलवार को नवाडीह स्थित एक होटल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी के पारंपरिक फगुआ गीतों ने समा बांध दिया और सभी झूमने पर मजबूर हो गए। झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने धनबादवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झामुमो हमेशा सभी समुदायों और धर्मों को साथ लेकर चलने का काम करता है। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में झामुमो की नई सरकार बनने पर सभी को बधाई दी और इसे राज्य के विकास और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने वाला कदम बताया। इस कार्यक्रम में मुकेश सिंह, नीलम मिश्रा, रतीलाल टुडू, मदन महतो, हरीश सिंह, अनवरी खातून, मंटू चौहान, मिराज खान समेत कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए और होली के रंग में सराबोर होकर इस उत्सव को धूमधाम से मनाया।

### यादव महासभा भवन में होली मिलन समारोह



**धनबाद।** सबलपुर सहयोगी नगर स्थित यादव महासभा भवन में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और फगुआ गीतों का आनंद उठाया। भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक होली के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे माहौल भक्तिमय और रंगीन हो गया। महासभा के मीडिया प्रभारी गोपाल यादव ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक होने का संदेश देता है और समाज में सौहार्द बनाए रखने का अवसर प्रदान करता है। समारोह की अध्यक्षता आर.एन. यादव ने की। इस मौके पर महासभा के संरक्षक रामाधार यादव, योगेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव, गोपाल यादव, बैजनाथ यादव, रामस्वरूप यादव, बाबूलाल सांवरिया, लाल बहादुर यादव, निरंजन गोप मुखिया, राजेश्वर सिंह यादव, तारकेश्वर यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके अलावा भूटका यादव, मिथिलेश कुमार यादव, लक्ष्मण यादव, विक्रम यादव, जगन्नाथ सिंह यादव, लालमुनि सिंह यादव, नंदकुमार चौधरी समेत समाज के अन्य सदस्य भी समारोह में शामिल हुए और उत्सव का आनंद लिया। इस आयोजन ने समाज के लोगों को एकजुट करने और परस्पर सौहार्द बढ़ाने का कार्य किया, जिससे भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सड़क पार करते समय स्कूली छात्र प्रीतम महतो की दर्दनाक मौत, शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सड़क हादसे में नेहरू एकेडमी के छात्र प्रीतम कुमार महतो (14 वर्ष) की दुर्गापुर मिशन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप वैन की चपेट में आने के बाद गंभीर रूप से घायल प्रीतम को वेंटिलेटर पर रखा गया था, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशें नाकाम रहीं।

बेलाटांड़ निवासी प्रीतम महतो, पिता पुरन चंद्र महतो का इकलौता बेटा था। यह दर्दनाक हादसा तब हुआ जब वह स्कूल के पास सड़क पार कर रहा था। घटना के बाद स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों में आक्रोश और भय का माहौल है। इस घटना से स्कूली बच्चों के माता-पिता चिंतित हैं, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। लोग धनबाद प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं। ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक और केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल ने जिला प्रशासन से धनबाद पब्लिक स्कूल, नेहरू बाल एकेडमी और बीबीएमकेयू के बीच जल्द से जल्द दो ओवरब्रिज या फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में स्कूली बच्चों और आम लोगों की जान सुरक्षित रह सके। स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि अगर जल्द ही सड़क सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो ऐसी घटनाएं दोबारा हो सकती हैं। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## होली और रमजान पर सख्ती: असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर, अवैध गतिविधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** होली और रमजान के मद्देनजर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त पवन कुमार और बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने मंगलवार को समाहरणालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने सभी थाना क्षेत्रों में प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति में शामिल करने, संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च और विशेष निगरानी रखने, साथ ही हुड़दंगियों और उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया।

त्योहारों के दौरान शराब पीकर और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों से सुरक्षा तैयारियों की जानकारी ली और निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। क्विक रिस्पांस टीम (QRT) को एक्टिव मोड में रखा जाएगा, 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित होगा और सभी थाना क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के साथ ही अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटरों के पास विशेष निगरानी रखने के साथ ही कोयला व बालू के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए भी निर्देश दिए गए। इस अहम बैठक में धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएमओ रितेश राज तिग्गा, राज्य कर सहायक आयुक्त ध्रुव नारायण राय, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, नौशाद आलम, शंकर कामती, अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष कुमार सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट विशाल शर्मा और सहायक कमांडेंट एल. गौतम सहित कई महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोल कर्मियों ने सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बाइक चोरी की घटना से परेशान कर्मियों के साथ यूनियनों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के हाजिरी घर के समीप प्रदर्शन किया। प्रबंधक जयंत कुमार को घेर लिया। मोर्चा नेता का कहना था कि हाजिर घर के चारों ओर घेराबन्दी कर सुरक्षित कराया जाए। दिन व रात मे गार्ड की डियुटि लगाई जाए। यह चेतावनी देते हुवे कहा कि सुरक्षा की व्यवस्था नही हुई तू हम लोग वेस्ट मोदीडीह परियोजना का उत्पादन ठप कर देंगे। मोर्चा के नेता छोटू सिंह ने कहा कि एक पखवारा पूर्व कोल कर्मी सरजू रविदास की बाइक चोरी चली गई थी, उसके एक सप्ताह बाद योगेश्वर नोनिया की बाइक चोरी चली गई। चोर हाजिरी घर के आस पास घूमते रहते हैं। कोलियरी प्रबंधक जयंत कुमार ने शीघ्र सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की बात कही। अमरेश चौधरी, मनोज सिंह, बीपीन राय, भौमिक महतो, संतोष गिरी, टेकलाल महतो, प्रदीप राय, विनोद सिंह, राजू कुमार, भोला सिंह, आदि शामिल थे।

## एसीबी ने एएसआई को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को बोकारो के गांधीनगर थाना में तैनात एएसआई अजय प्रसाद को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने आरोपी को सीसीएल के क्वार्टर से 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।एसीबी डीएसपी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 9 मार्च को कुछ लोगों के बीच गाँधी नगर थाना क्षेत्र के चार नंबर पेट्रोल पम्प के समीप पैसे को लेकर नोंक-झोंक हुई थी। उस समय परिवादी वही खड़ा थे। इसी पर गांधीनगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक अजय प्रसाद ने मोबाईल के माध्यम से उसे थाना बुलाया और उसे बताया कि उक्त मारपीट के केस में वह अभियुक्त है और जेल भेजा जायेगा। उसे स्टूडेंट्स बताकर उसे बचने का उपाय बताया गया कि दस हजार रु देने पर केस से नाम हट जायेगा। रिश्वत नहीं देने पर करेक्टर पर दाग लगा देने की धमकी दी। परिवादी को डरा धमकाकर केस का अनुसंधानकर्ता सहायक अवर निरीक्षक अजय प्रसाद दस हजार रू की मांग करने लगा।बताया की शिकायतकर्ता के आवेदन का सत्यापन में तथ्य सही पाए जाने के बाद एएसआई को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। सीसीएल क्वार्टर से आरोपी को परिवादी से दस हजार रु रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

## एक नजर में

### अंचल कार्यालय के समक्ष रैयतों ने धरना दिया, मांगों को लेकर बुलंद किया आवाज



**कतरास।** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले रैयतों ने मंगलवार को बाघमारा अंचल कार्या लय परिसर में धरना दिया। वे अपने हाथों में तख्तियाँ लिए थी। जिसपर अंकित था हमारा सरकार, हमारा अधिकार, ना रुकेगी ना दबेगी अफसरों को देनी होगी जानकारी, म्युटेशन की ऑन लाइन प्रविष्टि और जानकारी देनी होगी। रैयतों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ई मेल के जरिए पुनः ज्ञापन भेजा। इसकी प्रति विधायक अरूप चटर्जी को भेजकर विधान सभा में धरनार्थी रैयतों की समस्या विधान सभा में उठाकर निदान कराने का आग्रह किया। धरना का नेतृत्व कर रहें जगत महतो ने कहा कि अंचल में लोगो की जमीन संबंधी ऑनलाइन प्रविष्ट और लगान अद्यतन करने के लिए भू स्वामी द्वारा दिए गए आवेदन में विभाग द्वारा पारदर्शिता नहीं बरता जा रहा है। इस संबंध में इन्होंने सूचना अधिकार के तहत अंचल अधिकारी से लंबित और निष्पादित आवेदन का सूचना जनहित में मांगी है । धरना में आज कमल महतो, विकास महतो, विकास रजवार, रुपेश रवानी, दिलीप कुमार महतो, भुवन महतो, परमेश्वर महतो, बिंदेश्वर नापित सहित महिलाएं भी शामिल थी।

### कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन का होली मिलन समारोह, रंगों के साथ मना उत्सव



**कतरास।** कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन, गोविंदपुर क्षेत्र द्वारा मंगलवार को महाप्रबंधक कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण माहौल में इस पर्व को मनाया। महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष सह अपर महाप्रबंधक जय कुमार जायसवाल, सचिव कृपा शंकर द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक रविकांत, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार महतो, क्षेत्रीय उत्खनन प्रबंधक शंभू रजक, परियोजना पदाधिकारी सुमन कुमार शरण, क्षेत्रीय विद्युत एवं यांत्रिक अभियंता आयुष आनंद, अभियंता रामाशीष कुमार समेत कई अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने संगीत और हंसी-मजाक के बीच एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उल्लासपूर्वक इस त्योहार का आनंद लिया। होली मिलन समारोह में उत्साह, उमंग और सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला।

## धनबाद पुलिस मुख्यालय में पिपिंग सेरेमनी, चार नवप्रोन्नत सब-इंस्पेक्टर को लगाया गया स्टार बैज

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला पुलिस मुख्यालय में चार नवप्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षकों (स्टेनो) के लिए पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह समारोह जिला समाहरणालय स्थित एसएसपी कार्यालय में संपन्न हुआ, जहां प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों को स्टार बैज पहनाया गया।

**चार सहायक पुलिस अवर निरीक्षकों को मिला प्रमोशन:** धनबाद जिला बल में तैनात चार सहायक पुलिस अवर निरीक्षक (स्टेनो) को पुलिस अवर निरीक्षक (स्टेनो) के पद पर पदोन्नत किया गया। प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों में-सर्वेश कुमार सिंह, सतीश कुमार, मृत्युंजय कुमार, खगेश चंद्र महतो शामिल हैं। सेरेमनी में एसएसपी हृदीप पी. जनार्दनन और पुलिस अधीक्षक (नगर) अजीत कुमार ने संयुक्त रूप से नवप्रोन्नत अधिकारियों को स्टार बैज पहनाया। इस अवसर पर एसएसपी ने सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें- सिटी एसपी अजीत कुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक सुमित कुमार, एसडीपीओ (निरसा) रजत मणिक बाखला, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## होली और रमजान को लेकर गलफरबाड़ी ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** रंगों के त्योहार होली और पाक महीने रमजान को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर गलफरबाड़ी ओपी प्रांगण में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी दीपक कुमार दास ने की, जबकि संचालन नागेंद्र कुमार ने किया। बैठक में वक्ताओं ने क्षेत्र में पानी, बिजली और सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की और प्रशासन से इसे दुरुस्त करने की मांग की। साथ ही, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि चौक-चौराहों पर पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी, डीजे बजाने और हुड़दंग करने वालों पर नकेल कसने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। ओपी प्रभारी दीपक कुमार दास ने सभी से अपील की कि लोग अपने स्थान पर रहकर ही होली मनाएं, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचें और सड़कों पर आगजनी न करें। इस बैठक में उप प्रमुख विनोद दास, मुखिया अजय राम, कली मुखर्जी, शौकत अली, मनु अधिकारी, रंजीत मोदी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कतरास में भव्य निशान यात्रा, जयकारों से गूंजा शहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर श्री श्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में श्री श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सूर्य मंदिर, नदी किनारे से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई और शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कतरास बाजार स्थित राजस्थानी हटिया धर्मशाला पहुंची।

निशान यात्रा में महिलाएं और युवतियां अपने हाथों में निशान लेकर श्रद्धा के साथ शामिल हुईं। वहीं, राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकार मोटरसाइकिल पर सवार होकर भक्ति नृत्य प्रस्तुत करते हुए यात्रा के आकर्षण का केंद्र बने रहे। चंद्रपुरा से आए कलाकार कान्हा रविराज ने मनमोहक प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया।

भक्ति संगीत के बीच जय श्री श्याम के गगनभेदी जयकारे पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। सुसज्जित वाहन पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजा था, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस पावन यात्रा में डॉ बी.एन. चौधरी, विनोद शर्मा, नितिन खंडेलवाल, विष्णु नारनोलिया, महेश अग्रवाल, डॉ मधुबाला, उषा चौधरी, दीपक अग्रवाल, दीपक शर्मा, बंटी कूलवाल, राजन खंडेलवाल, अशोक शर्मा, लाली शर्मा, उषा डगाइच, शालिनी अग्रवाल, कनिष्क केसरी, श्वेता शर्मा, अंजू अग्रवाल, संतोष कूलवाल सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल रहे। फाल्गुन महोत्सव के इस भव्य आयोजन ने कतरास की सड़कों को भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग दिया।

## पीए देवाशीष की जमानत अर्जी खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र होटल के कमरा नंबर 618 मे भाजपा नेत्री व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर पिस्टल तान देने के मामले में सीता सोरेन के पीए मधुबन अपार्टमेंट लोअर हटिया रांची निवासी देवाशीष मनोरंजन घोष की जमानत अर्जी मंगलवार को धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत में खारिज कर दी। देवाशीष को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्राथमिकी हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री की भाभी सीता। प्राथमिकी के मुताबिक सीता सोरन कतरास की राजस्थानी धर्मशाला शादी समारोह में हिस्सा लेना आई थी। समारोह में शिरकत करने के बाद बाद वह आराम करने के लिए होटल अपने पिए के साथ आ गई। आरोप है कि होटल के कमरे नंबर 618 में सीता सोरेन अपने सदस्यों और पीए के साथ विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर चर्चा कर रही थी और उससे संबंधित हिसाब किताब पर चचाएं हो रही थीं उसी वक्त आवेश में आकर देवाशीष ने उनके ऊपर पिस्टल तान दिया फौरन उनकी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के जवानों ने देवाशीष को पकड़ लिया।

### झारखंड टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक 16 मार्च को



धनबाद। झारखंड टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की एक अहम बैठक मंगलवार को शहर के एक निजी मैरिज हॉल में आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक 16 मार्च को होगी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। इस बैठक में टेंट व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह, महासचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी, कार्यकारिणी अध्यक्ष पी.के. रंजन, जयशंकर प्रसाद, महेंद्र गोप, गुड्डू साव, प्रवीण कुमार, भरतजी भगत, मनजीत सिंह, संजय कुमार तिवारी, अशोक पंडित समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर टेंट व्यवसाय से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया।

# महिला दुकानदार पर गोली चलाने के मामले में तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता




**गढ़वा।** जिले के कांडी थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव में सिगरेट मांगने को लेकर महिला दुकानदार लालो देवी पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हैदर नगर थाना क्षेत्र के कोरियाडीह गांव निवासी मंटू विश्वकर्मा, अमन कुमार विश्वकर्मा और पनसा गांव निवासी संदीप कुमार चंद्रवंशी के पास एक देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और लालो देवी की बेटी से लूटे गए सैमसंग मोबाइल को जब्त किया है। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

एसपी श्री पांडेय ने बताया कि सोमवार की शाम 5 बजे संदीप और मंटू सुंडीपुर गांव निवासी रामदास चौधरी के दुकान पर पहुंचे। दुकान पर उस समय रामदास की पत्नी लालो देवी थी। संदीप और लालो देवी के बीच सिगरेट मांगने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आसपास के लोग एकत्रित हो गए। उसके बाद संदीप और अमन वहां से भाग गए। कुछ देर बाद संदीप, अमन और मंटू विश्वकर्मा तीनों दुकान पर पहुंचे और लालो देवी पर फायरिंग कर दी। उसी दौरान लालो देवी की बेटी रंजू देवी का सैमसंग का मोबाइल भी लूट लिया। उक्त मामले में लालो देवी ने कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसके आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में उसके गांव के बगल के नदी से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि अमन और संदीप का आपराधिक इतिहास है। उक्त दोनों पहले भी हत्या, लूट और बलात्कार के अलग-अलग मामले में जेल जा चुके हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, पुलिस अवर निरीक्षक विद्या सागर प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## पटाखा बिक्री को लेकर चला अभियान

**रमना।** गढ़वा जिले के गोदरमाना में पटाखे की दुकान में लगी आग से दम घुटने के कारण पांच लोगों की मौत के बाद जिला प्रशासन पटाखा की खरीद, बिक्री और भंडारण पर गंभीर हो गया है। जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देश के बाद सीओ विकाश कुमार पांडेय एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने मंगलवार को रमना के मुख्य पथ के दुकानदारों के साथ बाजार एवं गली मोहल्ला के दुकानों में डोर टू डोर जाकर पटाखा बिक्री की जानकारी ली। इस दौरान सीओ विकास कुमार पांडेय एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने दुकानदारों को कहा कि जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गढ़वा जिले में बिना वैध अनुज्ञप्ति के पटाखा का निर्माण, भंडारण एवं खरीद-बिक्री पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यदि किसी व्यक्ति या संस्थान के द्वारा बिना वैध अनुज्ञप्ति के पटाखा का निर्माण, बिक्री अथवा संग्रहण किया जाता है तो उसके विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 एवं विस्फोटक नियम 2008 की सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीणों ने की आंगनबाड़ी सेविका का चयन रद्द करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 0223, खाड़ टोला भंडार गांव में सेविका के लिए सोमवार को रिजवाना खातून को सेविका के रूप में चयन किया गया था। लेकिन एक दिन बाद तुरंत विरोध होना शुरू हो गया। दरअसल सेविका चयन में कुल तीन उम्मीदवार थे, जिसमें फूलकुमारी देवी का प्राप्त अंक 14, रिजवाना खातून का प्राप्त अंक 21 तथा पूजा कुमारी का भी प्राप्त अंक 21 वहीं पूजा कुमारी को पिछले 5 वर्षों से जेएसएलपीएस में सीआरपी ईपी के पद का कार्य अनुभव भी प्राप्त है। बराबर अंक होने पर मैट्रिक से चयन किया गया। उम्मीदवार ने मांग की है कि बराबर अंक आने पर प्रतियोगिता परीक्षा लिखित ग्राम सभा में लेकर चयन किया जाए। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बाल विकास परियोजना धुरकी तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और उपायुक्त, गढ़वा को आवेदन देकर चुनाव रद्द कर पुनः लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चुनाव कराने की मांग की है। सेविका चयन में बीडीओ सह सीओ सह सीडीपीओ प्रभारी जुल्फिकार अंसारी, महिला पर्यवेक्षिका गुंजन कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


## कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, लातेहार

### आम सूचना

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 144 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन–2025 के निमित लातेहार नगर पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) हेतु प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन कर आम जनों से आपत्ति या सुझाव प्राप्त करना है।

एतद् द्वारा नगर पंचायत, लातेहार के सभी सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन नगर पंचायत कार्यालय एवं प्रत्येक वार्ड हेतु चिन्हित मतदान केन्द्र के सूचना पट्ट पर दिनांक 11.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्रकाशित रहेगा।

इस प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के विरूद्ध किन्हीं को दावा या आपत्ति देना है तो प्रारूप प्रकाशन स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र क (परिशिष्ट–1) प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) में दिनांक 20.03.2025 तक कार्यालय अवधि में अपना लिखित सुझाव/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुए आपत्ति एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ह0
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 348335 (Election) 24-25 (D)


# थाना प्रभारी ने एक दशक पुराने विवाद का कराया निपटारा

- वृद्ध महिला को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सगमा/धुरकी।** थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की एक बार फिर अनूठी पहल सामने आई है। थाना प्रभारी के धुरकी थाने में योगदान के बाद आपराधिक घटनाओं, अवैध कारोबार, विवादों का निपटारा, असहाय लड़कियों की शादी में मदद करना, घरेलू विवादों को लेकर घर जाकर निपटारा करना सहित अन्य ऐसे नेक कार्यों से थाना प्रभारी ने लोगों का दिल जीत लिया है। थाना क्षेत्र के लोगों द्वारा थाना प्रभारी के ऐसे कार्यों से जमकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशंसा हो रही है। एक ओर जहां पुलिस के प्रति लोगों की नकारात्मक मानसिकता रहती थी, वहीं धुरकी थाना प्रभारी के कुशल कार्यों ने उन सभी मानसिकता को गलत साबित किया है।

दरअसल घघरी गांव निवासी पूनम कुंवर (पति स्व. महेश यादव) ने अपने भसूर रामकिशोर यादव के विरुद्ध जमीन हिस्सेदारी में बंटवारा को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप थाने में आवेदन देकर लगाया था। जिसमें थाना प्रभारी ने मामले की जांच की और थाना कार्यालय बुलाकर दोनों लोगों के विवाद का निपटारा कराया। वहीं रामकिशोर यादव ने विवादित जमीन बंटवारे में पूनम कुंवर को बराबर का हिस्सा देने की बात कही। साथ ही भविष्य में लड़ाई झगड़ा नहीं करने का निर्णय लिया। वहीं थाना कार्यालय में साथ में आयी पूनम कुंवर की सास वृद्ध महिला सरस्वती कुंवर को थाना प्रभारी ने मिठाई खिलाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना कार्यालय में आने वाले सभी आगंतुकों का सम्मान के साथ मानवता का परिचय देनी चाहिए, जिससे समाज में एक नई पहचान मिलती है। उन्होंने कहा कि मेरी सोच सिर्फ ड्यूटी करना नहीं है बल्कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए लोगों की समस्या का निपटारा कर उनकी सेवा करना भी है। मौके पर पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, इंद्रमणि जायसवाल, शैलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## लिट्रेसी कैंप का आयोजन



गढ़वा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय पिपरा कलां गढ़वा परिसर में लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 7, 8 के छात्र और छात्राओं को कानून के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत पीएलवी रमाशंकर चौबे ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत मिलने वाली स्पॉन्सरशिप योजना के विषय में जानकारी देते हुए की। पीएलवी सुधीर चौबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन एवं कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिलाओं की साक्षरता दर, हिट एंड रन और असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों को श्रमाधान पर अपना निबंधन करवाने से संबंधित जानकारी दी। मौके पर सहायक शिक्षिका समेत काफी संख्या में स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

## छापामारी के दौरान 350 किलो जावा महुआ नष्ट

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरपुरवा, गहेड़ी एवं खरसोता गांव के लगभग डेढ़ दर्जन घरों में सोमवार की शाम अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी की गई। जिसमें लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया और लोगों को चेतावनी देखकर छोड़ा गया। मंगलवार को बाजार क्षेत्र में पटाखा को लेकर विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गई। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में एसआई संजय मुंडा, नसीम अंसारी, एएसआई विद्याधर मछुआ एवं पुलिस बल के द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी में लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया है। सभी को चेतावनी दिया गया। अगर दोबारा पकड़े जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पटाखा दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि बिना लाइसेंस के पटाखा बिक्री नहीं करना है अन्यथा अगर पकड़े जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि से वंचित महिलाएं पहुंचीं प्रखण्ड कार्यालय



**कांडी।** प्रखंड कार्यालय कांडी में कई गांव की मंईयां सम्मान योजना की 7500 की राशि से वंचित सैकड़ो महिलाएं अपनी शिकायत लेकर मंगलवार को पहुंचीं लेकिन प्रखंड कार्यालय में समस्या सुनने के लिए भी कोई तैयार नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राम नरेश मेहता को महिलाओं ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की एकमुश्त तीन किस्त 7500 रुपए 08 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ही झारखंड राज्य के गढ़वा समेत कई जिलों के लाभुकों के खाते में भेज दिया गया। परन्तु योग्य लाभुक होने के बावजूद इन लोगों को पैसे नहीं मिले। जबकि इनके आस-पड़ोस की महिलाओं को योजना की एकमुश्त 7500 रुपए की राशि 08 और 09 मार्च को ही मिल चुकी है। प्रखंड कार्यालय आने पर भी कोई जानकारी नहीं मिल रही है। पीएलवी राम नरेश मेहता, पीएलवी परशु राम, कृष्णा यादव और नवनीत कुमार दुबे ने बताया कि होली तक सभी उचित लाभुकों को पैसे देने के लिए सरकार कही है। मौके पर आशा देवी, नीलम देवी, सविता देवी, दुर्गा देवी, सरस्वती देवी, कौशल्या देवी, सविता देवी, कविता देवी, तारा देवी, सोनम देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

# कृषि और किसानों के विकास से ही देश का विकास संभव : जिप अध्यक्ष

- प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रमना।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा एवं कृषि विभाग गढ़वा के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। उक्त आयोजन में रमना प्रखंड, बंशीधर नगर, मेराल, बिशनपुर के किसान अपनी फसलों के साथ मेला में शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप निदेशक आत्मा योगेंद्र नाथ सिंह, सीओ विकास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, उप प्रमुख खजीदा बीवी, झामुमो कार्यकर्ता रोहित वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर शांति देवी ने कहा कि सरकार कृषि और किसानों पर मेहरबान है। कृषि और किसानों के विकास से ही देश का विकास संभव है। कृषि और किसानों के लिए सरकार कई प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। कुछ किसान सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक समृद्धि की गाथा लिख रहे हैं। किसान अपने अपने प्रखंडों के बीटीएम, कृषि पदाधिकारी से कृषि और किसानों के हित की योजनाओं की जानकारी लेकर आधुनिक तरीके से फसलों का उत्पादन करें ताकि गांव समृद्ध हो सके। मौके पर योगेंद्र नाथ सिंह, बीटीएम रंजीत कुमार, प्रभात कुमार, अजीत कुमार, रोहित वर्मा आदि ने भी संबोधित किया। अंत में भागोडीह के किसान राजेश्वर चौधरी, आश कुमार चौधरी तथा मंगरा के किसान बालेश्वर मेहता को फसल के उत्कृष्ट उत्पादन को लेकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर श्री बंशीधर नगर के बीटीएम विजय कुमार, मेराल के प्रवीण कुमार सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।


## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.

(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

### SHORT e-TENDER NOTICE

NIT No. - 550/PR/ JUSNL/ 2024-25

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, supply, erection, testing & commissioning of line differential protection in under construction 400 kV D/C QM Katia – Patratu Transmission line on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,14,13,698.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,28,500.00 On line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 11.03.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 11.03.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 21.03.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 24.03.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (6202162568) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)

PR 348353 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D



## कार्यालय सहायक निदेशक गन्ना विकास रॉंची

कृषि भवन कॉंके रोड रॉंची,संयुक्त कृशि निदेशक रॉंची के प्रथम तल Email Id. Sugar cane ranchi@gmail.com

### आवश्यक सूचना पहले आओ पहले पाओ

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त कार्यालय द्वारा सस्टेनेबल गन्ना बड़–चिप सिड़लिंग नर्सरी की स्थापना प्रत्यक्षणः–कुल लक्ष्य 30 (तीस) वैसे कृशको से आवेदन आमंत्रण की जाती है। जो कम से कम 1 हे0 रकबा में गन्ना की खेती करते हों वैसे कृशकों को अधिकतम अनुदान, उपादान (छायाजाल , गृह टयूबलर संरचना सहग्रोइग मिडिया मिश्रण, एच.डी.पी.ई. ग्राउड़ अच्छादन, रोजकेन एडिटिभस, बड–चीप कटर , पी0भी0 सी0 पानी टैंक जैविक खाद उत्पादन इकाई,ट्रेनिंग मेन्युअल, प्रोट्रे एवं प्लास्टिक कैरेट 2000 वर्गफिट प्रति इकाई/ ) के रूप मे 3.00 लाख प्रति इकाई का होगा। इस हेतू –रांची, खूँटी, गुमला, लोहरदगा, पलामु, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खरसांवा, लातेहार, सिमडेगा, चाईबासा, के इच्छुक कृशको द्वारा निम्न शर्तो के अनुसार जिला कृशि पदाधिकारी के माध्यम से विहित प्रपत्र मे दिनांक 11.03.2025 से...20.03.2025...तक समय 10:30 (पूर्वाहन) से 5:00 (अपराहन) तक अधोहस्ताक्षरी को आवेदन प्राप्त तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जमा किया जा सकता है।

शर्ते :–

1. आवेदन पुर्ण रूप से भरा होना चाहिए,अधुरे आवेदन पर विचार नही किया जाएगा।
2. आवेदन पर BAO/BTM/ATM/ एवं जनप्रतिनिधि का सत्यापन आवश्यक है। साथ ही साथ अनुसंशित सूचि जिला कृशि पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाय।
3. आवेदन उक्त वर्णित अंतिम तिथि एवं समय के बाद स्वीकार नही किया जाएगा ।
4. आवेदन के साथ वांक्षित कागजात निर्धारित समय के बाद स्वीकार नही किया जाएगा।
5. लक्ष्य पूर्ण होने के स्थिति में पहले आवो पहले पावो मे, पहले प्राप्त होने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. सिर्फ आवेदन प्राप्त होंने का मतललब यह नही होगा कि इस वित्तीय वर्श 2024–25 मे आपको उपादान उपलब्ध हो जाएगी।
7. किसी भी त्रुटीपूर्ण आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
8. रविवारीय/राज्य द्वारा घोषित अवकास के दिन कार्यालय बंद रहेगा

आदेशानुसार
सहायक निदेशक गन्ना विकास रांची

PR 348315 Agriculture(24-25)D


# श्री बंशीधर महोत्सव 19 एवं 20 मार्च को

## महोत्सव की तैयारी को लेकर डीसी-एसपी ने किया श्री बंशीधर नगर का दौरा, दिये दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से श्री बंशीधर नगर का दौरा किया। बताते चलें कि श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाई बाग मैदान में किया जाना है।

डीसी व एसपी ने 19 एवं 20 मार्च को दो दिवसीय महोत्सव के आयोजन के लिए कार्यक्रम के मुख्य स्थल गोसाई बाग मैदान एवं राधा कृष्ण (बाबा बंशीधर) मंदिर परिसर समेत अन्य संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने श्री बंशीधर महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा शहर एवं जिले के अन्य जगह पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, साज-सज्जा कराने, लाइटिंग, डेकोरेशन, महोत्सव के वृहद प्रचार-प्रसार करने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, हेलीपैड निर्माण, अथितियों के लिए रहने की व्यवस्था समेत गोसाईं बाग मैदान में महोत्सव की तैयारी करने आदि के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात महोत्सव के सफल संचालन के लिए अनुमंडल कार्यालय श्री बंशीधर नगर एवं समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं चयनित कार्यकारी एजेंसी के इवेंट मैनेजर आदि के साथ एक बैठक आयोजित की। उक्त बैठक में श्री बंशीधर महोत्सव मनाने को लेकर आवश्यक तैयारी पर विचार विमर्श किए गए एवं कार्यक्रम के संचालन, स्टेज निर्माण, साज-सज्जा, अतिथि सत्कार, कलाकारों के चयन, सीटिंग अरेंजमेंट, अल्पाहार, सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग, डेकोरेशन, हेलीपैड निर्माण, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल निर्माण, यातायात रूट निर्धारण, पार्किंग आदि से संबंधित विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।


## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा (भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII

झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय)या उपायुक्त या समुचित सरकार

### अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0 .................... दिनांक..............................

चूंकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – टांगरटोली, थाना नं0 – 129, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – अघरमा मोड़ (SH-03) पर टकरमा–ससिया पथ का (13.09 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य योजना हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि ग्राम – टांगरटोली, थाना नं0 – 129, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोबेश 0.41 एकड़ यानि 0.16592 हेक्टेयर मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | द0 | पू0 | प.0 | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाएँ प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 26 | 124 | रैयती | टांड़ | 0.12 | जुएल मुंडा वगैरह | सड़क | अंश | 125 | 123 | | | | |
| 2 | 26 | 125 | रैयती | टांड़ | 0.01 | जुएल मुंडा वगैरह | सड़क | अंश | 124 | 125 | | | | |
| 3 | 26 | 126 | रैयती | टांड़ | 0.02 | जुएल मुंडा वगैरह | सड़क | अंश | 125 | 127 | | | | |
| 4 | 26 | 127 | रैयती | दोन | 0.04 | खीस्तोफर मुण्डा वगै0 | सड़क | अंश | 126 | 128 | पेड़ | 4 | | |
| 5 | 26 | 128 | रैयती | दोन | 0.04 | खीस्तोफर मुण्डा वगै0 | सड़क | अंश | 126 | 129 | | | | |
| 6 | 26 | 129 | रैयती | दोन | 0.04 | जुएल मुंडा वगै0 | सड़क | अंश | 128 | 130 | | | | |
| 7 | | 130 | गै0म0 | दोन | 0.10 | गैरमजरुआ खास | सड़क | अंश | 130 | 129 | | | | |
| 8 | 26 | 123 | रैयती | दोन | 0.04 | जुएल मुंडा वगै0 पिता – धर्मदास मुंडा | सड़क | अंश | 122 | 124 | | | | |
| कुल | | | | | 0.41 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा –15(1) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा | अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 348381 (Simdega)24-25*D

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार .12 मार्च 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# मेक अमेरिका ग्रेट अगेन

वर्ष 2008-2009 के वैश्विक वित्तीय संकट को विशाल अपस्फीति कहा गया था। 2020 की महामारी को विशाल लॉकडाउन का नाम दिया गया था। इन घटनाओं ने बड़े पैमाने पर आर्थिक प्रभाव डाला लेकिन विश्व व्यवस्था को भंग नहीं किया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद जो व्यवस्था बनी थी अब उसे भंग किया जा रहा है। उनका नारा है मेक अमेरिका ग्रेट अगेन यानी अमेरिका को दोबारा महान बनाना है। इस कोशिश में उनके हथियार हैं मौजूदा वैश्विक समझौतों (पेरिस समझौता) और संस्थानों (विश्व स्वास्थ्य संगठन) से दूरी बनाना, साझेदारों (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो) से अधिक मांग करते हुए उनका रक्षा व्यय सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के दो फीसदी तक बढ़ाना, अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने के लिए टैरिफ बढ़ाना और लाखों प्रवासियों को वापस भेजना। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं को अमेरिकी मदद की छमाही समीक्षा शुरू की है। इनमें विश्व बैंक तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष शामिल हैं। अमेरिका का व्यापार भारित टैरिफ 2.2 फीसदी है जो उसके कई साझेदारों से कम है। केवल जापान में यह 1.7 फीसदी है। यूरोपीय संघ में यह टैरिफ 2.7 फीसदी, चीन में 3 फीसदी, कनाडा में 3.4 फीसदी, मेक्सिको में 3.9 फीसदी, वियतनाम में 5 फीसदी, ब्राजील में 6.7 फीसदी, दक्षिण कोरिया में 8.4 फीसदी और भारत (ट्रंप के शब्दों में टैरिफ किंग) में 12 फीसदी है। परंतु ट्रंप ने टैरिफ में भारी इजाफा किया है। उन्होंने स्टील और एल्युमीनियम पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। कनाडा और मेक्सिको के साथ व्यापार समझौते के बावजूद उन्होंने उन पर 25 फीसदी का शुल्क लगाया। चीन पर 10 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया और भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय संघ पर बराबरी का शुल्क लगाने की घोषणा की है।

## आज का राशिफल

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

कुंभ : शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# छावा ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया

सिनेमा दृश्य श्रव्य माध्यम है। यह करोड़ों को रोजगार देता है और प्रतिभाशाली लोगों को सृजन के अवसर। लेकिन बड़े पर्दे के सिनेमा के दर्शक घटे हैं। सोशल मीडिया में अनेक रास्तों से फिल्मी दृश्य और गाने सुने-देखे जा सकते हैं। एक तरह से बहुत बड़े हाल में बैठकर अपनों के साथ फिल्म देखने का अवसर अब नहीं रहा। इधर तीन-चार फिल्में ऐसी आईं जिनमें हिंसा का अतिरेक था। कुछ वेब सीरीज में भी हिंसा और गलियों की बौछार है। ऐसे कथानक कला का आनंद नहीं देते। सभी कलाएं आनंद मार्गी हैं। गीत-संगीत चित्त में आनंद रस का सृजन करते हैं। कुछ फिल्मों की कहानी भी रुचि पैदा करती है। सिनेमा अभी लाखों दर्शकों को सम्मोहित करता है। इस पर देश के जागरूक लोगों को खुशी मनानी चाहिए कि तमाम आधुनिक उपकरणों और तरीकों के बावजूद सिनेमा अभी भी अपना स्थान पूरी प्रतिष्ठा के साथ बनाए हुए है। इस लिहाज से निर्देशक लक्ष्मण के निर्देशन में बनी फिल्म ह्यछावाह्न दर्शकों की वाहवाही लूट रही है। इस वाहवाही के अनेक कारण हैं। केवल फिल्मांकन ही नहीं। यह अभिनय की दृष्टि से भी कमजोर फिल्म नहीं है। कसे संवाद और कलाकारों का अभिनय फिल्म के आकर्षण का कारण है। फिल्म की राष्ट्रीय चर्चा है। इसका मूल कारण औरंगजेब का व्यक्तित्व है।औरंगजेब किसी एक व्यक्ति का नाम भर नहीं है। औरंगजेब का नाम लेते ही लगभग 350-400 साल पहले भारतीय संस्कृति और परम्परा को रौंदने वाले अत्याचारी शासक का चेहरा सामने आ जाता है। कथित सेकुलरों ने औरंगजेब की प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। वह उसे फकीर और संत सिद्ध करने में आमादा हैं। औरंगजेब इस देश की संस्कृति को नष्ट करने के लिए ज्यादा जाना गया है। स्वयं ईश्वर की उपासना करता था लेकिन उसे हिन्दुओं को यह छूट देने पर ऐतराज था। औरंगजेब का एक भाई दारा शिकोह भारतीय संस्कृति और दर्शन का अनुरागी था। अब्बा शाहजहां ने दारा शिकोह के लिए उपनिषद् और वेदांत पढ़ने वाले आचार्यों की नियुक्ति की थी। उसके मन में इस संसार को जान लेने की जिज्ञासा थी। पिता ने ऐसी ही व्यवस्था औरंगजेब के लिए भी की थी। औरंगजेब ने अपने अध्यापक आचार्य को चिट्ठी लिखी थी कि, ह्वमेरे पिता ने आपको मुझे दर्शनशास्त्र पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है, जबकि दर्शन में कोई लाभप्रद बात है ही नहीं। जो विषय समझ में नहीं आते जो, समझने और याद करने में क्लिष्ट होते हैं,




वही दर्शन शास्त्र है। अच्छा होता कि आप मुझे शहर में घेरा डालने की विधि समझाते ह्व औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को भी जेल में डाल दिया था। फिल्म छावा में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण अंश को दशार्या गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता विकी कौशल के अभिनय की भी प्रशंसा हो रही है। औरंगजेब के व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने के लिए अतिरिक्त साहस और बुद्धि की आवश्यकता थी। फिल्म के निर्देशक इस कार्य में सफल हुए हैं।

औरंगजेब ने सनातन धर्म के सभी नियमों, आस्था और विश्वास को खत्म करने का काम किया था। काशी का मंदिर ध्वस्तीकरण औरंगजेब के काले कारनामों में से एक है। मूर्ति पूजा और मंदिरों में जाना औरंगजेब की निगाह में अपराध था। हम भारत के लोग औरंगजेब की प्रशंसा नहीं सुन सकते। छत्रपति शिवाजी आराध्य हैं। फिल्म में छत्रपति शिवाजी के पुत्र की भूमिका बहुत अच्छे तरीके से की गई है। फिल्म की कहानी का मूल आधार शिवाजी सावंत द्वारा लिखे गए उपन्यास छावा पर आधारित है। इस फिल्म ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया है। इसके अलावा औरंगजेब के मूल चरित्र को भी उजागर किया है। हम भारत के लोग विजय पर्व दशहरा का उत्सव मनाते हैं। रावण के पुतले को आग लगाते हैं। इसलिए कि रावण भारतीय ज्ञान परंपरा में खलनायक माना जाता है। विजयादशमी के दिनों में देश के कोने-कोने रामलीलाएं होती हैं। देश में अत्याचार करने वाले किसी भी आताताई अपराधी की उपासना की अपेक्षा हमसे क्यों की जाती है। औरंगजेब भारतीय मध्यकाल के इतिहास का खलनायक था। लेकिन सेकुलर समूह औरंगजेब की छवि को लेकर चिंतित दिखाई पड़ते हैं।



-हृदयनारायण दीक्षित

> दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं। भारत का अब तक का उपलब्ध इतिहास अतिरेकों से भरा पूरा है।

भारत की संस्कृति सभी कलाओं से भरी पूरी है। भारतीय सिनेमा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। यूनानी दार्शनिक अरस्तु ने लिखा है कि, ह्वकला प्रकृति की अनुकृति है ह्व सही बात है। अनुसरण से कलाओं का विकास हुआ है। लेकिन भारतीय कला के शतपथ ब्राह्मण की परिभाषा जान लेने लायक है-यो वे रुपम् तत शिल्पम परम सत्ता सब तरफ रूप रूप प्रतिरूप हो रही है। सिनेमा में तमाम प्रतिभाओं का श्रम जुड़ता है। सिनेमा आकर्षित करता है।

सिनेमा के कथानक को लेकर पहले भी विरोध या समर्थन होते रहे हैं। पद्मावत फिल्म के विरोध का किस्सा लोगों को मालूम है। उस समय महारानी की छवि वैसी नहीं दिखाई गई जैसी वास्तव में है। कश्मीर फाइल्स को पूरे देश ने बहुत ध्यान से देखा था। इस कहानी में कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न को फिल्माया गया था। यहां भी फिल्म के विरोधी कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न के प्रकाश में आ जाने से नाराज थे। दि केरला स्टोरी नाम की फिल्म पर लगातार विवाद होता ही रहा है।

दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं। भारत का अब तक का उपलब्ध इतिहास अतिरेकों से भरा पूरा है। कुछ विद्वानों का कहना है कि इतिहास के पात्रों को हम फिल्म का विषय बनाकर अच्छा नहीं करते। इतिहास भूतकाल की स्मृतिजन्य विरासत है, लेकिन अब तक लिखे गए सभी इतिहासों में तथ्यों को छिपाने या अधिक उजागर करने के आरोप लगाते हैं। भारतीय इतिहास का विरूपण हुआ है। कुछ विद्वानों ने चन्द्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखे व अभिनीत किए गए चाणक्य सीरियल की कहानी में कल्पनाशीलता का आरोप लगाया है। जबकि ऐसा सच नहीं है। सीरियल में इतिहास है। साहित्य है और भारत के लिए गर्व करने लायक अनेक तथ्य।

फिल्म निमार्ता सिनेमा बनाते हैं। वह इससे भारी कमाई पाते हैं। निन्दा-स्तुति भी होती है। जरूरी नहीं कि वह देश के लिए अपने सामाजिक दायित्व का ध्यान रखें। 80 के दशक में गौतम घोष की ह्यपारह्य गोविन्द निहलानी की ह्यआक्रोशह्य और ह्यअर्धसत्यह्य जैसी फिल्मों ने सामाजिक दायित्व वाले दर्शकों को मोहित किया था। फिल्मों में इतिहास देखना गलती निकालना कोई अच्छी बात नहीं है। कला को कला, साहित्य को साहित्य और इतिहास को इतिहास की तरह रखकर ही हम जिम्मेदार राष्ट्र बन सकते हैं। (लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**एमएसपी** की गारंटी और कर्ज. माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए।

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# लोकप्रियता का आधार खो रहे नयी पीढ़ी के हीरो

**युवा**

**ऐसे प्रशंसक नहीं जो किसी खास हीरो की फिल्म रिलीज का इंतजार करें**

वरुण धवन

पुराने दिग्गज अभिनेताओं के मुकाबले में देखें तो आज के दौर के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। चाहे वह वरुण धवन हो, चाहे आयुष्मान खुराना ,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा या फिर शाहिद- काफी अनुभव के बाद भी ऐसे प्रशंसक नहीं जो इनकी फिल्म का इंतजार करें। अब वरुण धवन फिल्म ह्यबेबी जॉनह्न के जरिए फिर दर्शकों से मुखातिब हैं।

असीम चक्रवर्ती

निश्चित तौर पर ह्यपुष्पा-2ह्न के बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन के फैन बेस को एक बड़ा मजबूत आधार मिला है। दूसरी ओर वरुण धवन फिल्म ह्यबेबी जॉनह्न के जरिए फिर दर्शकों की तरफ मुखातिब हैं। गौरतलब है इस फिल्म को लेकर यह तीसरी-चौथी बार उनकी धमाकेदार लॉन्चिंग हो रही है। यही नहीं, आजकल के कई नये हीरो की बात करें,तो कई-कई फिल्में करने के बाद भी उनका कोई प्रशंसक वर्ग नहीं बन पाता है। इनकी तुलना में पुराने दौर के किसी भी हीरो का नाम ले लीजिए,अपने-अपने दौर में इन सबका सशक्त फैन बेस होता था।

**सफलता की कसौटी पर नये दौर के हीरो**

बात नये दौर के हीरो वरुण धवन की करें तो उन्हें अपने दिग्गज पिता डेविड धवन की वजह से ही बॉलीवुड की जमीन बहुत अच्छी मिली मगर वह उसमें कुछ खास उगा नहीं पाए। हालांकि उनके पिता ने उन्हें स्थापित करने में कोई कोशिश बाकी नहीं रखी थी। कभी उन्हें गोविंदा की इमेज दी,तो कभी सलमान की,पर हर बार वह निरर्थक साबित हुए। उनके एक और गॉड फादर करण जौहर ने भी उन्हें स्थापित करने में कोई कमी नहीं बरती। लेकिन वरुण सशक्त पहचान नहीं बना पाए। बार-बार कुछ नया रूप धरने के बावजूद उनकी किसी भी नयी फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच कोई क्रेज नजर नहीं आता है। जोरदार प्रचार के बावजूद उनकी नयी फिल्म ह्यबेबी जॉनह्न की रिलीज इससे पहले भी कई बार टल चुकी है। अब अंततः दर्शकों के बीच में यह आ रही है।

**और भी कई हीरो हैं**

वरुण की तरह कई हीरो इसी तरह के लॉन्चिंग पैड से चलने की कोशिश करते हैं। अब जैसे कि अभिनेता मनोज बाजपेयी एक जिद की तरह कई बार हीरो बनने की काशिश करते हैं,मगर हर बार उन्हें हताश होकर अपने रुटीन ट्रैक पर वापस आना पड़ता है। कुछ माह पहले की अपनी एक फिल्म ह्यभैयाजीह्न के साथ दमदार एंट्री लेनी चाही थी,मगर दर्शकों ने उन्हें पहले दिन ही जतला दिया कि आप एक अच्छे अभिनेता हैं,इसलिए दमदार कैरेक्टर ही आप पर फबता है। हीरो बनने की चाह में आपकी बेवजह की कोशिश किसी दर्शक को पसंद नहीं है। इसी तरह से प्रचार का सहारा लेकर काबिल एक्टर राजकुमार राव ने फिल्म ह्यस्त्री-2ह्न के बाद अपनी कीमत काफी बढ़ा दी थी,मगर इसके बाद आई ह्यविकी और विद्या का वो वाला वीडियोह्न ने उन्हें समझा दिया कि वह अपने फैन बेस के आधार पर कोई फिल्म अब भी नहीं चला पाते हैं। देखा जाए तो आयुष्मान खुराना,विकी कौशल,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा,शाहिद कपूर जैसे आजकल के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। यहा तक कि इनमें उम्रदराज अभिनेता शाहिद कपूर अभी तक अपना प्रशंसक वर्ग तैयार नहीं कर पाए। पांच साल पहले की उनकी सफल फिल्म ह्यकबीर सिंहह्न के बाद ऐसा लगा था कि शाहिद अपनी इस सुपर हिट फिल्म के सहारे अपनी इमेज को पुख्ता करेंगे। मगर इसके बाद वह फिर जर्सी,ब्लडी डैडी,तेरी बातों में उलझाङ्ख जैसी फिल्मों में उलझ कर रह गए। जबकि अभिनेता इतने अनुभव के बाद उम्दा एक्टर के तौर पर सामने आ ही जाता है।

**दिलीप, राज, देव, की अलग शान**

पुराने दौर के दिग्गज अभिनेताओं को उनके बाद के आए कई हीरो अपना प्रेरणा बताते है। उस दौर के तीन हीरो दिलीप कुमार,राज कपूर और देव आनंद का कोई सानी नहीं था। इनका अलग-अलग विस्तृत आकलन हमेशा चर्चा का विषय होगा। पर इनका जुदा अंदाज इनके फैन बेस का मुख्य आधार रहा है। जैसे कि राज साहब के गरीबीवाले अंदाज को ढेरों दर्शक पसंद करते थे। दूसरी ओर दिलीप कुमार ट्रेजड्री किंग के तौर पर दर्शकों के जेहन में छाए रहे। और देव साहब के लटकों-झटकों का अपना अलग मैनरिज्म था। और इन सबसे ऊपर थी इनकी एक्टिंग संपन्नता। इसी वजह से तीनों एक्टर का प्रभाव अभी तक है।

**धर्मेंद्र,राजेश,अमिताभ का जुदा अंदाज**

ये तीन महान एक्टर जब सक्रिय थे,तभी धर्मेंद्र,राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन आदि अपनी पुख्ता जगह बनाने की जद्दोजेहद कर रहे थे। इन तीनों ने फिल्म वर्ल्ड को उम्दा योगदान दिया है।

# कुंभ का महाविज्ञान-पंच महाभूतों का त्रिगुण संपन्न आधार

**धर्म**

**संजय तिवारी**

**प्रयागराज** में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार , प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है।

सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा , यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है।

इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है।

यह कुंभ क्या है ? एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं।

**कुंभ और ब्रह्माण्ड**

कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है वह घट जैसा है। ऐसे घट के आकार वाले ब्रह्मांड का ही स्वरूप महाकुंभ अथवा कुंभ का आयोजन भी है।

इस कुंभ में भरे हुए अमृत की बूंद पाने को लालायित प्रेमी ही इस आयोजन के भागीदार होते हैं।

सनातन संस्कृति में कुंभ अर्थात घट या कलश का बहुत महत्व है। जन्म से मृत्यु तक के सभी शुभाशुभ संस्कारों में कुंभ (कलश) को स्थापित करने के पश्चात ही देव पूजन कर्म करने का विधान है। कलश या घट ही कुंभ है। ज्योतिष शास्त्र में बारह राशियों में से कुंभ एक राशि भी है। कुंभ का आध्यात्मिक अर्थ है ज्ञान का संचय करना, ज्ञान की प्राप्ति प्रकाश से होती है और कुंभ स्नान, दर्शन, पूजन से आत्म तत्व का बोध होता है। हमारे अन्दर ब्रह्माण्ड की समस्त रचना व्यापत है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ह्ययत पिण्डे, तत ब्रह्माण्डे, तत ब्रह्माण्डे, यत पिण्डेह्न, अर्थात जो मानव पिण्ड में है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड में है, वही मानव पिण्ड में है। कुंभ, ह्यघटह्न का सूचक है और घट शरीर का, जिसमें घट-घट व्यापी आत्मा का अमृत रस व्याप्त रहता है।

**अंड अर्थात अणु और इसके अंग**

जब कुंभ के आकार वाले ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं तो इसके सूक्ष्म स्वरूप से चिंतन आरंभ होता है। सृष्टि में जो भी साकार है उसका निर्माण अणुओं से हुआ है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक सूक्ष्म के तीन गुण बताए गए हैं। इसी आधार पर प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी कहा गया। रज, तम, सत की संज्ञा वाले इन गुणों पर आगे चर्चा करेंगे।

अभी इतना संज्ञान में लेना आवश्यक है कि पश्चिम के आधुनिक विज्ञान ने भी सृष्टि के सूक्ष्म को तोड़ कर तीन हो गुण प्राप्त किया है जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में हम इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संज्ञा देते हैं। इन्हीं तीन के आधार पर आज की आधुनिक दुनिया दौड़ रही है। सनातन संस्कृति में सृष्टि के आधार कारक स्वरूप तीन देव सुनिश्चित किए गए हैं जिन्हें क्रम से ब्रह्मा , विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। जन्म के कारक ब्रह्मा जी हैं। जीवन के पोषक विष्णु जी हैं। मृत्यु के देव महेश हैं। आधुनिक विज्ञान के आधार अन्वेषण में प्राप्त इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के गुणों की विवेचना से स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे सनातन शास्त्रों ने प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी क्यों कहा होगा। हमारे पूज्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश की निरंतर उपस्थिति के कारण क्या हैं और ब्रह्माण्ड का सृष्टि पर्व कुंभ ही क्यों है।

## स्पीड न्यूज

### शांति समिति की बैठक, होली और ईद मिलजुलकर मनाने की अपील

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना परिसर में होली और ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन उमेश दांगी ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शांतिपूर्वक और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने पर चर्चा की। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि होली और ईद भाईचारे के प्रतीक हैं, जिन्हें सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने शराब से दूर रहने की अपील की, क्योंकि इससे विवाद उत्पन्न होते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए और किसी भी तरह की गड़बड़ी की स्थिति में प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने त्योहार को हर्षोल्लास और नियमों के तहत मनाने की बात कही और असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरतने की चेतावनी दी। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने और भड़काऊ संदेश व गाने न बजाने की हिदायत दी।

### खनन प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल संकट विधायक रोशन लाल ने सदन में उठाई मांग

**बड़कागांव।** बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड समेत रामगढ़ जिले के सीसीएल और एनटीपीसी के खनन क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस गंभीर मुद्दे को विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में उठाते हुए खनन कंपनियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों के कारण भूजल स्तर में भारी गिरावट आई है, जिससे फरवरी-मार्च से ही स्थानीय ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके, एनटीपीसी और सीसीएल जैसी कंपनियों ने जलापूर्ति को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। विधायक चौधरी ने राज्य सरकार से अपील की कि खनन प्रभावित और विस्थापित गांवों में पेयजल आपूर्ति योजना स्वीकृत की जाए। साथ ही, गर्मी के मौसम में कंपनियों को आवश्यक सेवा के तहत पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि खनन कंपनियों को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं, विशेष रूप से पेयजल व्यवस्था, सुनिश्चित करनी चाहिए।

### जनता मजदूर संघ द्वारा कुजू कोलियरी को सौपे गए 12 सूत्री मांग को लेकर हुआ एजेंडा बैठक

**कुजू।** जनता मजदूर संघ कुजू द्वारा सीसीएल कुजू परियोजना को दिए गए 12 सूत्री मांग पत्र पर सीसीएल प्रबंधन के साथ मंगलवार को परियोजना कार्यालय में एजेंडा बैठक हुई। बैठक में परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक रॉबर्ट सांडिल्य, यूनियन प्रतिनिधि की ओर से संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, कुजू कोलियरी शाखा अध्यक्ष रौशनलाल महतो के अलावे अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में दिए गए मांग पत्र पर चर्चा करते चर्चा करते हुए बताया गया कि संवेदनशील पदों पर वर्षों से एक ही स्थान पर कार्य कर रहे, कर्मचारियों को स्थानांतरण किया जाए, सीसीएल कुजू कोलियरी के धार्मिक स्थल चरण पहाड़ी मंदिर को पर्यटक के रूप में विकसित करने, सीसीएल कुजू कोलियरी के ओबी डंप में आग लगा है उसे बुझाया जाए, कर्मचारियों के आवास मरमती करने, सीसीएल कुजू कोलियरी में मजदूरों के मेडिकल में ले जाने हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था करने, सीसीएल कुजू कोलियरी को अभिलंब चालू करने सहित अन्य मांगों पर को बताया गया।

### बैंक जा रही बुजुर्ग महिला से उच्चकों ने खुद को पुलिस बताकर ठगा कंगन और चेन

**रामगढ़।** गोला रोड स्थित कॉपरेटिव बैंक में मंगलवार को नईसराय की एक बुजुर्ग महिला जा रही थी। उसी दौरान हेलमेट लगाए दो उच्चके अचानक पहुंचे और महिला दलजीत बलविंदर कौर पति दलजजीत कौर से कहा कि बैंक में जेवर पहनकार जाने की मनाही है। इसके बाद उच्चकों ने महिला सोने का कंगन और चेन ले लिया और जबतक बुजुर्ग महिला कुछ समझ पाती वे भाग निकले। घटना के बाद इसक जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसमें उच्चकों की तस्वीर कैद हुई है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल उच्चकों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### एनसीओईए सीटु भुरकुंडा शाखा कमेटी का गठन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनसीओईए सीटु भुरकुंडा शाखा की बैठक मंगलवार को युनियन कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से बासुदेव साव और क्षेत्रीय सचिव रामनरेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से भुरकुंडा शाखा कमेटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष किरण कुमार, उपाध्यक्ष सुभाष तिवारी व राजेंद्र मुंडा, सचिव संतोष यादव, सह सचिव प्रमोद सिंह, मो. असगर अली व सन्यासन घोष, संगठन सचिव गणेश उरांव, सह संगठन सचिव इजराफुल अंसारी, कोषाध्यक्ष एतवा मुंडा, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक कुमार सिंह, बुधू उरांव, अशोक कुमार शामिल हैं। सभी चयनित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## डीजीएम हत्याकांड पर गरजे डीजीपी, बोले, जल्द होंगे हत्यारे बेनकाब

# झारखंड में अपराध का खेल होगा खत्म

**खबर मंत्र संवाददाता**



जानकारी देते डीजीपी अनुराग गुप्ता

**हजारीबाग।** झारखंड में संगठित अपराध और कोल माफिया पर शिकंजा कसने की तैयारियां तेज हो गई हैं। एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के बाद पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है। इसी बीच झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता मंगलवार को हजारीबाग पहुंचे। उनके साथ एटीएस एसपी ऋषभ झा भी मौजूद थे। इस दौरान हजारीबाग एसपी कार्यालय में डीजीएम हत्या कांड समेत संगठित अपराध, जमीन विवाद, जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों और लंबित मामलों की समीक्षा के लिए अहम बैठक बुलाई गई। इस बैठक में बोकारो जोनल आईजी, हजारीबाग रेंज के डीआईजी, रामगढ़ और हजारीबाग जिले के एसपी समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस इस हत्याकांड की हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच में यह देखा जा रहा है कि कुमार गौरव जिस पद पर थे, वहां से वे किसी को सीधे लाभ या हानि पहुंचाने की स्थिति में नहीं थे, तो फिर हत्या का मकसद क्या था? उन्होंने कहा कि कई बिंदुओं पर मंथन किया जा रहा है, जिसमें यह भी देखा जा रहा है कि कहीं हत्या किसी निजी दुश्मनी का नतीजा तो नहीं है। साथ ही यह भी जांच हो रही है कि कहीं अपराधियों का असली निशाना कोई और था और गलती से गोली कुमार गौरव को लग गई। पुलिस इस मामले में गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। डीजीपी ने एनटीपीसी के अधिकारियों को आश्वस्त किया कि इस मामले की पूरी गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि एनटीपीसी के केरेडारी कोल परियोजना के डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव को शनिवार, 8 मार्च की सुबह करीब 9:30 बजे कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा चौक पर अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। गंभीर हालत में उन्हें हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और राज्यभर में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे। अब जब खुद डीजीपी ने मोर्चा संभाल लिया है, तो उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा होगा और अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

## अमन साहू का रामगढ़ जिला के कई कांडों में भी रहा था हाथ



**रामगढ़।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मंगलवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रिमांड पर रांची ले जाने के क्रम में पलामू में पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में मारा गया। गैंगस्टर पर लूट, हत्या, अपहरण के लगभग 150 मामले में विभिन्न थानों में दर्ज थे।

**गैंगस्टर ने रामगढ़ जिला में भी दिया था घटनाओं को अंजाम :** पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया गैंगस्टर अमन साहू ने रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा था। साथ ही गैंगस्टर को रामगढ़ उपकारा में भी कुछ समय के लिए रखा गया था। उसपर 1 दिसंबर 2023 को कुजू ओपी के ट्रांसपोर्ट कार्यालय के निकट फायरिंग में शामिल होने का आरोप था। साथ ही रामगढ़ जिला में उसके विरूद्ध अलग अलग थाना क्षेत्र में मामले दर्ज थे।

**इससे पूर्व राहुल तुरी की पुलिस के इनकांउटर में हुई थी मौत :** गत जनवरी माह में हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच जिलों के लिए आतंक का पर्याय रहे आलोक उर्फ राहुल तुरी की मौत हो गई थी। वहीं, उसके साथी आकाश करमाली को गिरफ्तार किया गया था। राहुल तुरी उरीमारी के झामुमो नेता एवं सीसीएल कर्मी संतोष सिंह की हत्याकांड में मुख्य आरोपी था। जिसकी तलाश में रामगढ़ और हजारीबाग की पुलिस जुटी थी।

**अपराध को समाप्त करने का पुलिस का नया तरीका :** गैंगस्टर अमन साहू और इससे पूर्व जनवरी में कुजू में हुई अपराधी राहुल तुरी की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मौत को लेकर कुछ विशेषज्ञ यह कह रहे हैं कि अब अपराधियों को लेकर पुलिस का नजरिया बदल रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक पुलिस अब अपराधियों को बिना मौका दिये उनपर कार्रवाई करने का कार्य कर रही है। ताकि अपराध को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

## मनीष जायसवाल के निरीक्षण का असर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ सुधार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सांसद व अन्य

हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के बीते शुक्रवार को किए गए औचक निरीक्षण का असर अस्पताल व्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। निरीक्षण के दौरान सांसद ने पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बंद होने, पंजीकरण काउंटर में स्टाफ की कमी, मरीजों से व्हीलचेयर, स्ट्रेचर व कम्बल के लिए सिक्योरिटी मनी लेने, कैथेटर लगाने व ड्रेसिंग के नाम पर अवैध वसूली, रविवार की रात को लैब बंद रहने, डॉक्टरों की गैरमौजूदगी, पोस्टमार्टम में देरी, ब्लड बैंक के प्लाज्मा सेपरेशन कार्य बंद होने समेत कई गंभीर मुद्दों को उठाया था। सांसद के सवालों के बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति ने लिखित जवाब में सुधारात्मक कदमों की जानकारी दी। अब रविवार को भी लैब खुलेगा, बेडशीट, कम्बल, व्हीलचेयर व स्ट्रेचर के लिए कोई सिक्योरिटी मनी नहीं ली जाएगी, अनावश्यक वसूली पर रोक लगाई गई है, दोषियों पर कार्रवाई होगी, पोस्टमार्टम में देरी नहीं होगी और ब्लड बैंक में प्लाज्मा सेपरेशन कार्य जल्द शुरू होगा। निरीक्षण के बाद अस्पताल में सुधार देखने को मिल रहा है। मरीजों को बेडशीट उपलब्ध कराई जा रही है और डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। सांसद जायसवाल ने आश्वासन दिया कि वे जनहित में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए लगातार सक्रिय रहेंगे।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी होली



होली मिलन में शामिल लोग

**पदमा।** प्रखंड के कर्मटांड़ स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में महाविद्यालय परिवार ने रंगारंग कार्यक्रम और पारंपरिक पकवानों के साथ होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रबंधन के अधिकारीगण, प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विभिन्न संकाय के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने कहा कि जैसे हर रंग का अपना महत्व होता है, वैसे ही होली समाज में सामंजस्य और सद्भाव का प्रतीक है। संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता ने होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रशिक्षुओं द्वारा संगीत, नृत्य और काव्य पाठ जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें गुनगुन, प्रीत, प्रिया, स्नेहलता, निशांजलि, पम्मी, रूबी, नीतू, काजल, विकी, कृष्णा मोहन, अनन्या, सुमन, अभिराज, कामेश्वर, अमित, प्रेरणा, सारिका, अक्षय, अमित, राजीव रंजन और अजय प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रशिक्षु काजल कुमारी ने किया। इस आयोजन ने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को एकता और सौहार्द के रंगों में रंगने का अवसर दिया, जिससे माहौल उल्लासपूर्ण और यादगार बन गया।

## 14 मार्च को 11.11 बजे के बाद प्रतिपदा में होली का त्यौहार मनाये : पं. रामकुमार पाठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा जवाहरनगर निवासी मां दुर्गा के उपासक पंडित रामकुमार पाठक ने रंगों का त्योहार होली पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शास्त्रों के मतानुसार बताया कि होलिका दहन और होली का पर्व तीन बातो को ध्यान में रखकर मनाया जाना चाहिए। प्रथम होलिका दहन रात्रि का समय हो, रात्रि में पूर्णिमा तिथि हो और भद्रा बीत चूका हो। उसी समय होलिका दहन किया जाना चाहिए और पूर्णिमा तिथि जब बीत जाये तब प्रतिपदा में होली खेलना चाहिए। इस वर्ष 13 मार्च गुरुवार को चतुर्दशी तिथि दिन 10 बजकर 02 मिनट तक है। उसके बाद पूर्णिमा तिथि पड़ता है जो दूसरे दिन 14 मार्च शुक्रवार को सुबह 11 बजकर 11 मिनट तक है। उसके बाद प्रतिपदा तिथि पड़ रहा है। भद्रा 13 तारीख गुरुवार दिन 10 बजकर 02 मिनट से प्रवेश कर रहा है, जो रात्रि 10 बजकर 37 मिनट तक है। इसलिए 13 तारीख को पूर्णिमा रहित व भद्रा रात 10 बजकर 37 मिनट में अंत होने के कारण होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च को रात 10.50 बजे से 11.50 बजे के अंदर करें। शुक्रवार को दिन 11.11 बजे तक पूर्णिमा है इसलिए 14 तारीख शुक्रवार को दिन 11.11 बजे के बाद प्रतिपदा में होली का त्यौहार मनाये।

## हिंदू राष्ट्र संघ द्वारा पंच मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन

**हजारीबाग।** हिंदू राष्ट्र संघ के तत्वावधान में पंच मंदिर में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी ने की, जबकि संचालन प्रदेश संगठन महासचिव दीप प्रकाश नारायण ने किया। उन्होंने होलिका दहन की पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्री हरि ने प्रह्लाद को बचाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया था। इसी तरह, हमें भी अपने भीतर की नकारात्मकता और द्वेष को समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनानी चाहिए। इस अवसर पर हिंदू राष्ट्र संघ के नगर, जिला, नारी शक्ति एवं प्रदेश के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने रंगों के इस पावन पर्व पर एकता और भाईचारे का संदेश दिया और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



बैठक में शामिल लोग

**पदमा।** आगामी होली और रमजान को लेकर मंगलवार को पदमा थाना ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मोतीलाल हेम्ब्राम ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने किया। बैठक में अंचल अधिकारी मोतीलाल हेम्ब्राम ने दोनों समुदायों के लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ रही है, इसलिए सभी को एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हुए शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाना चाहिए। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रखंड में नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई और इसे रोकने की मांग की, जिस पर थाना प्रभारी ने आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया। उन्होंने यह भी बताया कि होली और रमजान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बैठक में कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें पदमा जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, प्रमुख वीणा देवी, पदमा मुखिया अनिल मेहता, मुखिया विजय मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, भाजपा नेता बाबू लाल मेहता, अशोक केशरी और अविनाश सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं० –09/2024-25 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी०आर०सं० –347826 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

1. निविदा सूचना सं० – 08/2024-25 को निविदा सूचना सं० – 09/2024-25 पढ़ा जाए।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक– 19.03.2025 से दिनांक–20.03.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक– 21.03.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक– 21.03.2025 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. ग्रुप संख्या 2 में प्रखण्ड कोडरमा के स्थान जयनगर पढ़ा जाए।

PR 348361 Rural Work Department(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा


## राजस्व संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली। वहीं ,उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिया। मौके पर उपायुक्त ने परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के लिए फैंसी नंबर निर्गत किए जाने का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा फैंसी नंबर प्राप्त करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क करने के संबंध में जानकारी दी गई। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी श्री वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने एक सप्ताह के अंदर सभी अंचलों में न्यायालय संबंधित मामलों में कॉज लिस्ट अपडेट करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## रंग गुलाल और फूलों से ज्यादा ज्यादा होली खेलेः मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



होली मिलन समारोह में शामिल लोग

**कुजू।** कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया जय कुमार ओझा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रुप के महिला समिति के महिलाएं और पंचायत सचिव और वार्ड सदस्य मौजूद होकर होली मिलन समारोह में भाग लिया। मौके पर मुखिया पंचायत सचिव वार्ड प्रतिनिधि और महिलाएं एक दूसरे को कबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर मुखिया और पंचायत सचिव ने क्षेत्र वासियों को होली की बधाई देते हुए ड्राई होली खेलने का संदेश दिया। कहा कि होली के दिन लोग पानी का बबार्दी ना करें। कोशिश करें रंग गुलाल और फूलों से ज्यादा ज्यादा होली खेले। उनके द्वारा दिया गया संदेश से लोगों में खुशी है। मौके पर मौजूद महिलाओं ने भी ड्राई होली खेलने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया जय कुमार ओझा, पंचायत सचिव शशि किरण , उप मुखिया संगीता देवी , वार्ड सदस्य , संदीपा केसरी सोनू कुमारी मुंडा , सरिता देवी ,किरण देवी ,आशीष कुमार चौबे , मेघवाल रविदास , रघुनाथ प्रसाद मेहता, राजेंद्र प्रसाद केसरी , नरेश करमाली , मोहम्मद इमरान , मोहम्मद शमशाद , सुरेश रविदास, महिला समिति में शांति देवी , रोशन आरा , सुनीता देवी , पिंकी देवी, मंजू देवी , मोहम्मद अकरम सहित दर्जनों महिला और प्रतिनिधि मौजूद थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी ( जिला ग्रामीण विकास शाखा ) मनरेगा कोषांग**

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक (N) 273 (अनु०) दिनांक 03.03.2025, पत्रांक (N) 77 दिनांक 22.01.2025 एवं पत्रांक (N) 265 (अनु०) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में खूँटी जिला में 2000 एकड़ में बागवानी किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रासंगिक पत्र के आलोक में बिरसा हरित ग्राम योजना के क्रियान्वयन हेतु बागवानी में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया जाना है। उक्त के संबंध में सुयोग्य/अधिकृत इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं से निम्न सामग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र० सं० | सामग्री का नाम | विवरण | इकाई |
|---|---|---|---|
| 1 | खाद | (a). केंचुआ खाद (Vermi Compost) | Kg |
| | | (b). केंचुआ खाद के समतुल्य | Kg |
| | | (c). नीम खल्ली | Kg |
| | | (d). करंज खल्ली | Kg |
| | | (e). बोनमिल (Bone Meal) | Kg |
| | | (f). SSP | Kg |
| | | (g). Dolomite | Kg |
| 2 | फफुन्दनाशक | (a). Trichoderma Viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8 CFU/gm) | Kg |
| | | (b). Chlorothalonil 75% WP | Kg |
| | | (c). Copper Oxychloride 50% WP (Blue Copper or Equivalent ) | Kg |
| 3 | कीटनाशक | (a). Fipronil 0.3 GR | Kg |
| | | (b). Azadirechtin 3000 PPM | Liter |
| | | (c). Lambda-Cyhalothrin 5% EC | Liter |
| | | (d). दीमकनाशक दवा (Bifenthrin 2.5% EC) | Liter |
| | | (e). दीमकनाशक दवा (Biflex TC or Equivalent) | Liter |
| 4 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% या समतुल्य) | Liter |
| 5 | रसायनिक खाद | (a). सुक्ष्म–पोषक तत्व(Micronutrient) (Toto Care/Agromin या Equivalent) | Liter |
| | | (b). यूरिया | Kg |
| | | (c). NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) | Kg |
| | | (d). MoP (पोटाश) | Kg |
| 6 | जलकुण्ड के लिए प्लास्टिक | (a). 250 माईक्रोन का UV Resistant Ploythene (एक जलकुण्ड हेतु 6 Kg पॉलिथीन जिसका सम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो) | Kg |

नोट :– 1. निविदा की विस्तृत जानकारी खूँटी जिला के वेबसाइट www.khunti.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है अथवा कार्यालय अवधि में जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 24.03.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में मुहरबंद निविदा जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन दिनांक 24.03.2025 को अपराह्न 03:00 बजे उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे। लिफाफे के उपर **Plantation under MGNREGA (Material)** अंकित किया जाए।

ह०/–

उप विकास आयुक्त –सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी।

PR.NO.348314 District(24-25):D


## जेएसपी पतरातु में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार वितरण के साथ हुआ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सुरक्षा का शपत लेते जेएसपी के अधिकारी और कर्मचारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल समुह की इकाई जिंदल स्टील एंड पॉवर पतरातू में भव्य समापन समारोह के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का सोमवार को समापन हुआ। अग्नि एवं सुरक्षा प्रमुख एके सिंह के संचालन में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह उपस्थित थें। कार्यक्रम ने संयंत्र और टाउनशिप में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों से भरे एक सप्ताह के सफल समापन को चिह्नित किया। सप्ताह के दौरान संयंत्र के श्रमिकों और टाउनशिप निवासियों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए सुरक्षा प्रथाओं और रोजमर्रा की जिंदगी में उनके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। जहां प्रतिभागियों ने महत्वपूर्ण सुरक्षा संदेश फैलाते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। चार मार्च से शुरू हुई सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में सुरक्षा रथ भी शामिल था। इसके पूर्व प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों, श्रमिकों और अधिकारियों ने सुरक्षा शपथ लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या। सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें सुरक्षा क्विज (मजदूरों, एचओडीएस, डीएसओएस और गृहिणियों के लिए) ऑनलाइन सुरक्षा क्विज, (कर्मचारियों के लिए) सुरक्षा पोस्टर, नारा और निबंध प्रतियोगिता, सुरक्षा गीत और कविता प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं मंच नाटक आदि का आयोजन हुआ। समापन समारोह में प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा त्रिभुज का अनावरण किया। जिसमें ह्यसुरक्षा और कुशलता, विकसित भारत के लिए अनिवार्यह्ल का संदेश था। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान 175 प्रतिभागियों जिनमें कर्मचारी, बच्चे और गृहिणियां शामिल थीं। को सुरक्षा जागरूकता और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्लापंट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कार्यस्थल पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य, कार्य कुशलता और सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सड़क सुरक्षा नियमों,

## महिला समिति ने होली मिलन समारोह हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया विशनपुर महिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर महिलाओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को बधाई दी और पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया। वहीं समिति की महिलाओं ने बताया कि इस वर्ष होली मिलन का आयोजन विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें लोकगीत, नृत्य, और हास्य नाटक रहा। वहीं होली मिलन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें रंगोली, फूलों की होली और गीत-संगीत कार्यक्रम शामिल थे। वहीं समिति की सदस्यों ने पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। अंत में सभी ने मिलकर होली है के जयघोष के साथ इस रंगों के पर्व का आनंद लिया।

महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपसी सौहार्द और प्रेम का संदेश दिया। सभी ने मिलकर नारा दिया होली के रंग-सशक्तिकरण के संग। वहीं समिति की महिलाओं कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, अपितु सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का भी पर्व है। समाज में समरसता, एकजुटता व आपसी प्रेमभाव बना रहे, इस होली में सभी को संकल्प लेने की जरूरत है।

मौके पर सीमा सिंह, ललिता देवी, मधु सिंह, बंदना सिंह, ब्यूटी सिंह, शालिनी पांडे, सृष्टी यादव, विनिता सिंह, ममता सिंह, गुड़िया सिंह, ज्योति प्रसाद, रिंकी देवी, मीरा देवी, निधि अंबष्ठ आदि महिलाएं शामिल हुईं।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई दिशा-निर्देश

# लंबित कार्यों को यथाशीघ्र निष्पादित करें : मेघा भारद्वाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** परिसदन सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं उन्होंने कहा कि लंबित कार्यों का यथाशीघ्र निष्पादन करें। वहीं उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, वन विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, परिवहन विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, उद्योग विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पर्यटन विभाग, नगर पंचायत, नगर परिषद्, श्रम विभाग, सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, एनएचआई, भवन प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल समेत अन्य विभागों में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से समीक्षा की गयी। वहीं उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक करें। वहीं नगर परिषद् झुमरीतिलैया और नगर पंचायत कोडरमा को निर्देशित करते हुए कहा कि रैन हार्वेस्टिंग की दिशा में कार्य करें, दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का निस्तारण करें, बिना किसी वैध कारण के आवेदनों को रिजेक्ट न करें।

जिले में विभिन्न क्षेत्रों में बन रहे स्वास्थ्य उप केन्द्र के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों पर चापानल की मरम्मत कराने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने जल संचयन एवं जल भागीदारी अभियान को लेकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए तालाब का जीर्णोद्धार, साफ सफाई, रैन हार्वेस्टिंग संरचना समेत अन्य तरह की गतिविधियों को करें। एडवेंचर पार्क के निर्माण कार्य को पूरा करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त होली एवं रमजान पर्व के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सभी बीडीओ, सीओ एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके अलावा उपायुक्त ने बागीटांड़ स्टेडियम में पार्किंग एवं पार्क निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया।

बैठक में डीएफओ सौमित्र शुक्ला, एसी पूनम कुजूर, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुर्णेदु, अधीक्षक उत्पाद, डीपीओ अनूप कुजूर, डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी समेत सभी बीडीओ, सीओ व संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

**खबर एक नजर में**

## होली शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसमें होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कांशी महतो और पंचायत मुखिया निर्मला देवी ने की। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने तय किया कि होलीका दहन सामूहिक रूप से डीजे साउंड के साथ किया जाएगा, लेकिन होली के दौरान कुछ नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। इनमें कपड़े नहीं फाड़ना, कीचड़ नहीं फेंकना, और मुख्य सड़कों से गुजरने वाले राहगीरों पर जबरदस्ती रंग नहीं डालना शामिल है। ग्रामीणों ने सभी से अपील की कि होली मिलन प्रेम और भाईचारे का पर्व है, इसलिए इसे शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाए। किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए आपसी सहयोग की जरूरत पर जोर दिया गया। बैठक में डोमन महतो, राजू लाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, महादेव दांगी, सतेंद्र दांगी, निरंजन दांगी, प्रणात दांगी, उपेंद्र दांगी, अजय दांगी और अमेरिका दांगी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व जिप सदस्य के फार्म हाउस से दो लाख के सोलर प्लेट और जेनरेटर की चोरी

**सिमरिया।** सिमरिया कुटी निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह के फार्म हाउस में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दो लाख रुपये से अधिक के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने फार्म हाउस के अंदर का ताला तोड़कर 200 वाट की 10 सोलर प्लेट, तीन समरसेबल सेट और एक जेनरेटर सेट चुरा लिया। जयप्रकाश सिंह ने बताया कि कृषि कार्य के लिए 300 फीट गहराई में लगाए गए दो समरसेबल सेट को चोरों ने पाइप तोड़कर निकाल लिया। चोरी की इस घटना के बाद उन्होंने सिमरिया थाना में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, क्षेत्र में नशा करने वालों की संख्या बढ़ने के बाद चोरी की घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। नशे के आदी लोग आसानी से पैसे जुटाने के लिए इस तरह की चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इस मामले पर सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि पुलिस चोर गिरोह की पहचान कर चुकी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी चोरों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा और चोरी गए सामान की बरामदगी का भी प्रयास किया जा रहा है।

## जंगली हाथियों का कहर जारी, ग्रामीणों में दहशत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बेरहवा जंगल से सटे गांवों में हाथियों का कहर जारी है। इससे बेरहवा जंगल से सटे गांवों के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं बार-बार जंगली हाथियों के गांव में प्रवेश करने व इसको लेकर वन विभाग की कार्यशैली से ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं हाथियों का झुंड जामू पंचायत के ग्राम हरलाडीह गांव पहुंच जमकर उत्पात मचाया। वहीं जंगली हाथियों के झुंड ने खेतों में लगे गेहूं की फसलों को नष्ट कर दिया। जिसमें रजक धोबी का 6 कट्ठा, बशीर धोबी का 6 कट्ठा, भीम यादव का 7 कट्ठा, योगेश्वर यादव का 5 कट्ठा में लगे गेहूं की फसल को पैरों से रौंद दिया। वहीं ग्रामीणों ने मशाल जलाकर व पटाखे फोड़ कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया। वहीं जंगली हाथियों का झुंड अभी भी बेरहवा जंगह में अपना डेरा जमाये हुए हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत कायम है।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**सतगावां (कोडरमा)।** रंगों का त्योहार होली को लेकर सीओ केशव प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक का संचालन पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव ने किया। बैठक में होली त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं सीओ ने लोगों से पर्व को आपसी भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही उन्होंने डीजे धीमी आवाज में बजाने की बात कही। मौके पर विजय सिंह, महेंद्र यादव, रणधीर कुमार, अजहर रब्बानी, मो. गुलाम रसूल, अशोक कुमार, नरेश यादव, अरविंद सिंह, अविनाश कुमार, तारणी सिंह, कंचन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## शांति समिति की बैठक का जनप्रतिनिधियों ने किया बहिष्कार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना परिसर में मंगलवार को होली व रमजान को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक का प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से बहिष्कार किया है। प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि एक तरफ पुलिस कर्मी जनप्रतिनिधियों से अपराध नियंत्रण की अपेक्षा रखते हैं, वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों पर झूठा मुकदमा दर्ज कर जनप्रतिनिधि को नीचा दिखाने का कार्य करते हैं। वहीं जनप्रतिनिधियों ने मौजूदा थाना प्रभारी पर निर्दोष लोगों को दोषी मानकर कानूनी कार्रवाई कर भय उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। उक्त आशय की जानकारी प्रखंड उप प्रमुख मनोज कुमार निराला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लेंगरापिपर में परिवारिक विवाद में सोमवार की देर शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक की पहचान 35 वर्षीय नीरज कुमार मेहता लेंगरापिपर डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी मायके गई हुई थी, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। इसके बाद अपनी पत्नी से वीडियो कॉल पर बात करते हुए फांसी लगाया, जिसके बाद मृतक की पत्नी आस-पड़ोस के लोगों को फोन के माध्यम से जानकारी दी। वहीं स्थानीय लोग जब तक इकट्ठा हुए तब तक नीरज की मौत हो चुकी थी। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डोमचांच पुलिस को दी। वहीं घटना स्थल पर डोमचांच पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मंगलवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि मृतक के दो पुत्री और एक पुत्र हैं। घटना से आहत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बीआर.इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** बीआर. इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में एनुअल स्पार्ट्स मीट के तहत इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीआर एजुकेशनल ट्रस्ट की सदस्य आशा राय श्रीराम मिशन स्कूल दिल्ली की शिक्षिका नूपुर एवं विद्यालय के निदेशक ओपी राय तथा उपप्राचार्य नवल किशोर ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस और येलो हाउस के छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने विजेता टीम का खिताब हासिल किया, जबकि रेड हाउस उपविजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में रेड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और येलो हाउस उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बेस्ट रेडर का अवार्ड विशाल कुमार और बेस्ट डिफेंडर के लिए विशाल कुमार को दिया गया, जबकि लड़कियों में बेस्ट रेडर का अवार्ड प्रियांश्री कुमारी और बेस्ट डिफेंडर में श्रुति कुमारी को दिया गया।

इसके अलावा विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें कक्षा 7, कक्षा 8 और कक्षा 9 के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में लॉन्ग जंप, शॉट पुट, स्लो साइकिल रेस, स्पून मार्बल रेस, रिले रेस और 200 मीटर दौड़ जैसे रोमांचक खेल शामिल थे। छात्रों ने इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी पुनर्जन्म पर विश्वास रखते हैं, जिसका एक उदाहरण यह कबड्डी है, जिसमें हर खिलाड़ी मरता है और पुनः जीवित होकर और भी उत्साह के साथ खेलता है, यह हमें दृढ़ता का संदेश देता है। वहीं निदेशक ओपी राय ने बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाने के लिए कहा कि हमारे स्कूल के बच्चे कबड्डी में नेशनल प्लेयर बने हैं मुझे उम्मीद है ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो जिले में विद्यालय के नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता में बतौर रेफरी की भूमिका स्पोर्ट्स टीचर्स अंशु राज एवं नित्यानंद का रहा। वहीं प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्पोर्ट्स प्रोग्राम कोर्डिनेटर आलम उद्दीन का अहम योगदान रहा।

मौके पर सुनील कुमार, अजय कुमार यादव, रौशन कुमार, शिवम् सिंह, अमित कुमार, अजय कुमार राणा, अंशु कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सेरनदाग पंचायत में मुखिया और पंचायत सचिव के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने खोला मोर्चा



**सिमरिया।** सेरनदाग पंचायत में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर मुखिया इफ्तेशाम प्रवीण और पंचायत सचिव कुमारी करुणा के खिलाफ स्थानीय वार्ड सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। वार्ड सदस्यों ने दोनों पर ग्राम सभा में मनमानी करने और डीएमएफटी मद से मिलने वाले सोलर पंप सेट के वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। वार्ड सदस्यों का कहना है कि ग्राम सभा के आयोजन की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई और न ही प्रचार-प्रसार किया गया। जब वे पंचायत भवन पहुंचे, तो पंचायत सचिव ने पंचायत भवन का दरवाजा बंद कर दिया और किसी की कोई बात नहीं सुनी। इस मामले में वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद से लिखित शिकायत दर्ज कराई है और जल्द ही उपायुक्त से भी शिकायत करने की बात कही है। गौरतलब है कि मुखिया इफ्तेशाम प्रवीण पहले भी विवादों में रही हैं। पंचायत में विकास योजनाओं को लेकर कई बार पारदर्शिता पर सवाल उठ चुके हैं। वार्ड सदस्यों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## कैसे हो बाल विकास.. जब समय से नहीं खुलते आंगनबाड़ी केंद्र

- **आंगनबाड़ी केंद्र पर लटका रहता है ताला, जिम्मेदार कौन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति इन दिनों बद से बदतर दिख रही है। मनमर्जी से इसका खोलना और बंद होना आम बात हो गई है। वैसे तो सरकारी नियमों के तहत आंगनबाड़ी केंद्र को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होना है, किंतु प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र राम भरोसे चल रहे हैं एवं बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की दयनीय स्थिति है। जो अपने उद्देश्य से भटका हुआ नजर आ रहा है। यह कहना गलत नहीं कि केंद्रों का संचालन कागजों पर ही किया जा रहा है।

मंगलवार को खबर मन्त्र टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 12 पूर्णानगर खेशमी एक की पड़ताल की, जिसमें कई खामियां देखने को मिलीं। टीम मंगलवार को 10:12 बजे केंद्र पर पहुंची, जहां ताला लटका पाया गया न तो केंद्र पर बच्चे थे और न ही सेविका व सहायिका उपस्थित थी। यहां परिसर में कुछ किशोर खेलकूद कर रहे थे। पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के मुताबिक केंद्र का संचालन भगवान भरोसे किया जा रहा है। सबसे अहम बात है कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद संबंधित अधिकारी जांच करने पहुंचते तो जरूर हैं, मगर जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन मनमानी तरीके से हो रहा है। विभाग का उद्देश्य बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य देते हुए गांव को कुपोषण मुक्त बनाना है। मगर इस मुहिम पर लापरवाही का ग्रहण लगा हुआ है। केंद्र निर्धारित समय पर न खुलते हैं और न ही बंद होते हैं। ऐसे में केंद्र पर पंजीकरण बच्चों को न तो प्री-प्राइमरी की शिक्षा मिल पा रही है और न ही योजनाओं का लाभ। यह स्थिति तब है जब निगरानी के लिए सुपरवाइजर व सीडीपीओ भी तैनात हैं। इससे महिला पर्यवेक्षकों की जांच पर भी सवाल उठने लगे हैं। सरकार के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 साल के बच्चों को शिक्षा दी जाती है, स्वस्थ वातावरण दिया जाता है। बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाता है। कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा प्रदान की जाती है, मगर आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाला लाभ लोगों को नहीं मिलता दिखाई दे रहा है। जहां आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का समय का दुरुपयोग कर संचालन किया जा रहा है। वहीं प्रखंड पर्यवेक्षिका द्वारा नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में कई आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्र के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चे तो नामांकित हैं, मगर उनकी उपस्थिति न के बराबर है। शहर और गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों के हालात एक जैसे हैं, ना कोई हकीकत देखने वाला है और ना ही इन पर कोई कार्रवाई करने वाला।

## होली व रमजान पर परिचर्चा का आयोजन



कोडरमा। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को होली व रमजान पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन डीसीपीओ सन्तोष कुमार ठाकुर, जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव और मुखिया पिंटू यादव ने संयुक्त रूप से किया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीसीपीओ ने कहा कि होली और रमजान का त्यौहार आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारा का सन्देश देता है, हमारे देश की सुंदरता विविधता में एकता का रहा है, जहां सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के साथ प्रेम भाव से रहते हैं। कार्यक्रम को जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव, मो. मोबारक, प्रदीप शर्मा, चाइल्ड लेबर फ्री माइका कार्यक्रम के परियोजना पदाधिकारी शुभाशीष राय, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर मनोज कुमार, अख्तर अंसारी, देवन्ति देवी, मो साजिद, मो आरिफ अंसारी, रागिनी रंजन, अफजल अंसारी, ज्योति कुमारी, सुमन देवी, दशरथ कुमार, छाया कुमारी, राधा पांडेय आदि मौजूद थे।

## कौलेश्वरी मंदिर परिसर में गंदगी का अंबार, सुविधाओं का अभाव

- **प्रबंधन समिति और प्रशासन की लापरवाही पर उठ रहे सवाल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** विश्व प्रसिद्ध मां कौलेश्वरी मंदिर, जो सनातन, बौद्ध और जैन धर्मों के संगम स्थल के रूप में जाना जाता है, प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रहा है। झारखंड-बिहार के अलावा विदेशों तक प्रसिद्ध यह धार्मिक स्थल हर साल हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। बावजूद इसके, मंदिर परिसर और आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर साल मंदिर में हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना और मुंडन संस्कार के लिए आते हैं। हाल ही में 7205 बच्चों का मुंडन संस्कार किया गया, लेकिन श्रद्धालुओं को पीने के पानी, शौचालय और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी झेलनी पड़ी। खासकर महिला श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। मंदिर प्रबंधन समिति लाखों रुपये का राजस्व वसूलती है, लेकिन इन पैसों का इस्तेमाल मंदिर की देखरेख और साफ-सफाई पर नहीं किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द कचरे का ढेर लगा है, जबकि दो प्राकृतिक सरोवर भी बदहाल स्थिति में हैं। सुरक्षा व्यवस्था का भी अभाव है, जिससे श्रद्धालु असहज महसूस करते हैं।

### पर्वत के नीचे शराब की बिक्री का आरोप

सूत्रों के मुताबिक, मंदिर से लगे क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है, जिससे धार्मिक स्थल की गरिमा धूमिल हो रही है। प्रशासन की निष्क्रियता से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं, और मंदिर आने वाले श्रद्धालु असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं मंदिर विकास प्रबंधन समिति के सदस्य?

इस मामले में जब मंदिर विकास प्रबंधन समिति के सदस्य अरविंद कुमार केशरी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि काफी दिनों से मजदूरों की तलाश की जा रही है, लेकिन मिल नहीं रहे हैं। होली के बाद मंदिर परिसर की सफाई करवा दी जाएगी। श्रद्धालु और स्थानीय लोग इस जवाब से संतुष्ट नहीं हैं और मांग कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करे। लोगों का कहना है कि यदि लाखों की आमदनी हो रही है, तो साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा? प्रशासन और प्रबंधन समिति की इस लापरवाही पर अब सवाल उठने लगे हैं।

## रंग-बिरंगे रंगों के साथ राज इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को होली का त्यौहार धूम-धाम से मनाया गया। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अबीर गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार का आगाज किया। इस दौरान लोक गीतों पर जमकर थिरके। वहीं विद्यालय में बच्चों ने चेहरे पर पेंटिंग बनाकर होली की शुभकामनाएं दी।

बताते चलें कि स्कूल में होली को लेकर छुट्टी होने से पहले मंगलवार को बच्चों ने स्कूल में धूम-धाम से होली मनाई एवं दीवारों पर स्लोगन लिखे गए। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर त्योहार का आनंद लिया और शिक्षकों को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली।

त्योहार के मौके पर टीचर भी बच्चों के साथ बच्चे बन गए। उन्होंने भी बच्चों को अबीर गुलाल लगाया एवं बच्चों को आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

होली महोत्सव के दौरान स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को होलिका दहन का महत्व बताया और उन्हें त्योहार की बधाइयां दीं। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष रामलखन सिंह ने बच्चों को अपने सन्देश में बताया कि हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर गई। किंतु भगवान विष्णु की कृपा से भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन होने लगा और यह त्योहार मनाया जाने लगा। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



केरल समाज जमशेदपुर में 1945 में स्थापित हुआ था। यह संगठन मलयाली समुदाय के सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। केरल समाज ने केरल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, और इसके सदस्यगण के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, त्योहारों और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया है।

# बैंकों में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल 24 से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यूनाईटेड फोरम आफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू )के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर चरणबद्ध तरीके से हुई प्रदर्शन के सफल आयोजन के पश्चात हमारा दूसरा प्रदर्शन आज 11 मार्च 2025 को संध्या 5.15 बजे बैंक आफ बड़ौदा के समीप किया गया। बैंककर्मियों की जायज मांगों के समर्थन में आज काफी भीड़ देखी गयी। जमशेदपुर यूएफबीयू के सभी घटक दलों के नेतृत्व और विभिन्न बैंकों के कामरेडों ने प्रदर्शन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रदर्शन को सफल बनाने में यूएफबीयू जमशेदपुर के शीर्ष नेतृत्व कामरेड मनोज कुमारख कामरेड अमीत कुमार, कामरेड सुजय राय, कामरेड रामजी प्रसाद, कामरेड सपन अदक कामरेड गौतम घोष कामरेड आंनद वर्मा ने संबोधित किया। कामरेड सपन कुमार अदक, कामरेड दिव्यांग्सु ने नारेबाजी कर साथियों का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शन में कामरेड पंकज सिंह,अजय, विनय वर्मा, रविनंदन प्रसाद, गौरव राज, कविता, संतोष, कौशल किशोर, किंजल, रिशीकेश, पवन, बबन, मनोज, ज्वाला, संजय रविदास, पुनम चक्रवर्ती, सी के सिंह अंजू कुमारी, हरि नाग, मुकेश कुमार, सीता किस्कू, सी के नायडु, पवन कुमार, हरेंद्र सिंह, संजय कुमार, अरिंदम बरूआ, बाबूलाल मार्डी, दीपक, जितेंद्र कुमार, संतोष ओझा ममता पूजा शकुंतला, विकास कुमार, प्रमोद कुमार, रितेश सुरेंद्र पूर्ति, कमलेश राम, कमलेश सिंह, मनोतोष चक्रवर्ती, संजय कुमार समरेश, मनोहर, संजय सिंह, अरिंदम बरूआ, निशांत चौधरी, विकास रजक और अन्य साथियों ने प्रदर्शन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अंत में संयोजक कामरेड रींटु रजक ने सभी साथियों को आगामी 21 मार्च को संध्या 5.15 बजे बिष्टुपुर पोस्टल पार्क से रैली में शामिल होने का आह्वान किया एवं प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सभी का धन्यवाद अदा किया।




बिष्टुपुर में विरोध प्रदर्शन निकालते यूएफबीयू से जुड़े बैंककर्मी।

## बिष्टुपुर में बैंककर्मियों ने दिखायी एकता

### यूएफबीयू की मांगें

बैंको में पर्याप्त कर्मचारीयों एवं अधिकारियों की नियुक्ति। आरबीआई, डीएफएस, सेबी, नाबार्ड, फाइनेंस मिनिस्ट्री और स्टोक एक्सचेंज की तरह बैंको में भी पांच दिवसीय कार्य दिवस हो। कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिनिधि को निदेशक मंडल में शामिल करना। लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण। सेवानिवृत्ति के पश्चात केन्द्रीय कर्मियों की तरह ग्रेच्युटी की राशि 25 लाख की जाए। बैंक कर्मचारी और अधिकारी के खिलाफ दुर्व्यवहार और हिंसा पर रोक लगायी जाये। पीएलआई भुगतान प्रणाली में आवश्यक सुधार और भेदभावपूर्ण रवैया समाप्त की जाये। बैंकों में शिक्षुओं (अप्रेंटिस और कान्ट्रेक्ट) संविदा भर्ती की जगह स्थायी कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति की जाये। सरकारी बैंकों को मजबूती प्रदान करने की नीति बनाई जाए आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बैंक कर्मचारी और अधिकारी आज अपनी जायज मांगों एवं समाज में व्याप्त बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर संघर्ष के लिए तैयार हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता बास्को बेसरा के बेटे अग्नि समेत तीन की मौत



**गम्हरिया।** भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा (25) की सोमवार देर रात रांची के कोकर इलाके में सड़क हादसे में मौत हो गयी। उसके साथ दो अन्य युवकों की भी मौत की सूचना मिली है। इस वीभत्स घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया है। मिली जानकारी के अनुसार अग्नि बेसरा रांची एक्सआईएसएस जेवियर कॉलेज रांची में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौटने के क्रम में एक सड़क हादसे में तीनों की मौत हो गयी।

### चौड़ा में पावर प्लांट लगाये टाटा पावर या किसानों को जमीन वापस करे



**चांडिल।** ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने शून्यकाल की सूचना के दौरान सदन में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चौड़ा में टाटा पावर प्रोजेक्ट का मामला को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने सदन में कहा कि कुकड़ू प्रखंड के मौजा चौड़ा, कुदा, सिरकाडीह, गुंदलीडीह, तिरुलडीह में टाटा पावर प्रोजेक्ट ने 3660 एमभी यूनिट कंपनी लगाने के नाम से करीब 470 एकड़ जमीन का वर्ष 2010 में अधिग्रहण किया है लेकिन कंपनी द्वारा कोई भी काम शुरू नहीं हुआ है। यदि टाटा पावर कंपनी नहीं लगाना चाहती है तो लोगों को उनकी जमीन नियम के अनुसार वापस होनी चाहिए। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि टाटा पावर कंपनी द्वारा 470 एकड़ लिये गये भूमि को जमीन मालिकों को वापस किया जाये।

### सिंहभूम चेंबर का होली मिलन समारोह 16 को

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा चैम्बर सदस्यों के लिये होली के शुभ अवसर पर पारिवारिक ह्यहोली मिलन समारोहह्ण का आयोजन रविवार, दिनांक 16 मार्च, 2025 को संध्या 7.30 बजे से नरभेराम हंसराज इंगलिश स्कूल परिसर, बिष्टुपुर में आयोजित किया गया है। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि चैम्बर प्रत्येक वर्ष अपने सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के मनोरंजन हेतु होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन चैम्बर भवन में करता रहा है। लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान चैम्बर सदस्यों की चैम्बर के कार्यक्रमों में बढ़ती सहभागिता और भागीदारी तथा चैम्बर सदस्यों की लगातार बढ़ती संख्या को लेकर होली मिलन समारोह का आयोजन चैम्बर से बाहर किसी बड़े स्थान पर करने की परंपरा शुरू की गयी है।

# बिरसानगर 10 बेड हॉस्पिटल का होगा विस्तार, 81 लाख स्वीकृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिरसानगर जोन नंबर 1 स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के विस्तार और उन्नयन की मांग को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्वीकार कर लिया है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयासों से स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस परियोजना के लिए 81 लाख 32 हजार 380 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें से 40 लाख रुपये की राशि आवंटित भी कर दी गयी है। महिला होने के नाते विधायक पूर्णिमा साहू ने इस अस्पताल का दौरा करने के पश्चात यहां की कमियों को देखा, और समझा था। नयी वित्तीय स्वीकृति उन्हीं के प्रयास का नतीजा है। इस संबंध में विधायक पूर्णिमा साहू ने 6 फरवरी 2025 को विभाग के प्रधान सचिव को पत्र (पत्रांक संख्या 0390/25/MLA-JP-ख) लिखकर बिरसानगर सीएचसी में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की मांग की थी। उन्होंने पत्र में क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर 247 प्रसव सुविधा, मरीजों के लिए अतिरिक्त वार्ड, वेटिंग एरिया, नर्सिंग स्टेशन, मेडिसिन स्टोर, सीढ़ी एवं रैंप जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता को रेखांकित किया था। विधायक के इस अनुरोध पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने 10 मार्च 2025 को पत्र (सं०-5/पी०-05/2025-55(9) ब) जारी कर स्वीकृति प्रदान की है। विधायक पूर्णिमा साहू ने स्वास्थ्य मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिरसानगर जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।





जोन नंबर-1, बिरसानगर स्थित सीएचसी और विधायक पूर्णिमा साहू।

- विधायक पूर्णिमा साहू का प्रयास रंग लाया
- अब अस्पताल में जुड़ेंगी कई नयी सुविधाएं

**अस्पताल में जल्द मिलेंगी ये सुविधाएं**

- पुरुष एवं महिला वार्ड
- वेटिंग एरिया
- प्रसव कक्ष
- नर्सिंग स्टेशन
- मेडिसिन स्टोर
- और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण जल्द ही किया जायेगा।

## एक नजर में

### सीनियर क्राइम रिपोर्टर मनीष सिन्हा का निधन



**जमशेदपुर।** शहर के वरिष्ठ क्राइम रिपोर्टर मनीष सिन्हा (51 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। मनीष विगत एक साल से बिस्तर पर थे। उन्हें चलने-फिरने में काफी दिक्कत थी। मंगलवार की सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए मानगो के एक नर्सिंग होम में ले जाया गया, जहां स्थिति देख डॉक्टरों ने उन्हें ब्रम्हानंद नारायण मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल, तामोलिया अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोग जब तक उन्हें अस्पताल ले जाकर भर्ती कराते, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। तामोलिया अस्पताल के डॉक्टरों ने भी जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पार्थिव शरीर को दाइगुट्टू स्थित आवास पर लाया गया। शाम पांच बजे भुइयांडीह स्थित सुवर्णरेखा बर्निंग घाट पर मनीष का अंतिम संस्कार किया गया। मंझले भाई नवीन सिन्हा ने मुखाग्नि दी। सभी ने इसपर दुख जताया।

### विद्या भारती, टेल्को में बाल विहार कैंप का समापन



**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में सत्र के अंत में आयोजित होने वाले बाल विहार कैंप के अंतर्गत मंगलवार 11 मार्च को कक्षा सात के विद्यार्थियों को सम्मिलित करते हुए कैंप विशेष का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। शिक्षिका द्वारा नैतिक मूल्यों पर आधारित कहानी सुनायी गयी। इसके बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, भजन, गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हवन एवं चिन्मय आरती की गयी। विद्यार्थी बहुत ही सुंदर ढंग से नैतिक शिक्षा पर आधारित कहानी प्रस्तुत किये, जो उनके भीतर समाहित नैतिकता की सही समझ का द्योतक है। रोचक गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अ4 शीट पर भारत ऑन माई माइंड विषय पर पोस्टर बनाया।

# चेशायर होम में होली के गीतों पर थिरके विशेष बच्चों के पांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मंगलवार को सुंदरनगर स्थित चेशायर होम के विशेष बच्चों (दिव्यागों) ने अबीर गुलाल की होली खेली। होली के गीतों पर विशेष बच्चों तथा उपस्थित लोगों के पांव भी खूब थिरके। गुलाल उड़ाकर विशेष बच्चे होली के रंग में रंग गए। यह नजारा चेशायर होम परिसर में दिखने को मिला। इसका आयोजन हर साल की तरह इस साल भी सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार द्वारा किया गया था। पप्पू ने अपने चिर-परिचित अंदाज में इस साल नई थीम खुद को लस्सी वाला के रूप में पेश कर होली के दिन नशा नहीं करने के साथ ही समाज में आई नशे रूपी कुरीति को दूर करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली आपस में मिलना जुलना और पुरानी रंजिश भूलकर आपसी भाईचारा कायम करने के लिए मनाया जाता है आप यदि नशा मुक्त पर्व मनाएंगे तो आपके परिवार, समाज और प्रशासन को भी काफी राहत मिलेगी। होली के गीतों पर विशेष बच्चों संग पप्पू ने जमकर डांस किया। मौके पर चेशायर होम की सिस्टर सारिका ने होली की बधाई दी।

# आदित्यपुर : कुख्यात छोटू राम सहित आठ अपराधी गिरफ्तार, हथियार जब्त

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते कुख्यात अपराधी रवि राम उर्फ छोटू राम को उसके सात सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रिपल मर्डर केस में जेल से जमानत पर छूटे छोटू राम अपने साथियों के साथ आदित्यपुर थाना क्षेत्र के धीराजगंज इलाके में अपराध की योजना बना रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गोलू गुप्ता, छोटू राम, सुमित गोप, अंगद प्रमाणिक, रोहित महतो, सूरज महतो, अनीश कुमार शर्मा और राजू कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, एक बुलेट और सात मोबाइल फोन जब्त किये गये।



सरायकेला के एसपी मुकेश लुणावत पत्रकारों के सामने छोटू राम को पेश करते हुए।

### श्री श्याम मंदिर,चांडिल में मना फाल्गुन महोत्सव



**चांडिल।** श्री श्याम कला भवन चांडिल ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह पर श्याम मंदिर मे पुरे एक माह बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया। बुधवार की रात को निशान यात्रा नीमडीह के रघुनाथपुर से चांडिल पहुंचने के बाद चांडिल श्याम कला भवन में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक सुभाष शर्मा, रवि शर्मा ने कई भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किये। साथ ही मम्मी सिल दे निशान मन्ने खाटु जाना सा के भजन से पूरा मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारा से झूम उठे। मौके पर जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायक, पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायक, राकेश वर्मा, पप्पु वर्मा, कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी, समीर कुंडू, दुर्गा चौधरी, राजीव साव, परमानंद पसारी, पवन शर्मा जॉनी बगड़िया सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जेलों में फोर जी और फाइव जी जैमर लगेगा वाच टावर पर तैनात होंगे पर्याप्त सुरक्षाकर्मी

- घाघीडीह, साकची कारा और घाटशिला उप-कारा में मजबूत होगी सुरक्षा व्यवस्था, इंफ्रा. का होगा विकास



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में कारा सुरक्षा एवं उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गई। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में घाघीडीह कारा, साकची कारा, घाटशिला उप कारा में सुरक्षा व्यवस्था एवं कारा में स्थित सेल, अस्पताल, वॉच टावर, पेयजल आपूर्ति आदि आधारभूत सुविधा की आवश्यक मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की गयी। बैठक में रेलवे कोर्ट जमशेदपुर में बंदियों के रखने हेतु कोर्ट हाजत बनाने पर भी चर्चा हुई। गर्मी के मौसम को देखते हुए केंद्रीय कारा घाघीडीह, मंडल कारा साकची, उप कारा घाटशिला में पेयजल की समुचित व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही बंदियों के लिए प्रशिक्षण व अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ने पर विचार किया गया। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से जेल में 4-जी, 5-जी जैमर लगाने, आवश्यकतानुसार वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराने, वॉच टॉवर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने को कहा।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एमएसएमई-डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, रांची, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तत्वावधान में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) का आयोजन श्रीनाथ विश्वविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवा उद्यमियों को उद्यमिता के महत्व, संभावनाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गौरव, सहायक निदेशक एमएसएमई-डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, रांची द्वारा स्वागत भाषण और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुआ। कार्यक्रम में श्री अंजन कुंडु (वरिष्ठ प्रबंधक, आइडीटीआर, जमशेदपुर), केमेश्वर प्रमाणिक (सहायक प्रबंधक, सीएससी, सरायकेला-खरसावां), बरन कुमार (एलडीएम, सरायकेला-खरसावां) आदि भी थे।

### तुलसी छवि पब्लिक स्कूल डोरका साईं स्कूल को सौंपी कुर्सी व अन्य सामग्री, बच्चों के खिले चेहरे



**जादूगोड़ा।** टाटा स्टील की जेडीसी ने तुलसी छवि पब्लिक स्कूल डोरका साईं (नारायणपुर) स्कूल को कुर्सी समेत अन्य सामग्री दी। इधर, समान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। जादूगोड़ा-आसनवनी मुख्य सड़क किनारे स्थित डोरकासाईं स्थित तुलसी छवि पब्लिक स्कूल को जमशेदपुर की जेडीसी कंपनी द्वारा कई जरूरत सामग्री का वितरण किया। इस बाबत स्कूल के संस्थापक तुलसी नाथ महतो,छवि महतो विश्वनाथ महतो ने कहा कि जे डी सी कंपनी बीते 12 सालों से तुलसी छवि पब्लिक स्कूल को हर साल जरूरत के अनुसान सामान मुहैया कराती है ।आज कंपनी की ओर से कुर्सी, वाटर फिल्टर, खेलकूद सामग्री, व्हाइट बोर्ड, पंखा, बुक-कॉपी मुहैया करायीग गयी। मौके पर कंपनी के सुब्रतो बसाक, अनुभा सिंह, आर आर सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, सुधीर मायती, ज्ञान रंजन कुमार, विजय मुर्मू, सुशीला तिरु उपस्थित थे।

# एनएचएम, सीएसआईआर-सीसीएमबी और टाटा स्टील फाउंडेशन ने झारखंड में सिकल सेल एनीमिया के समाधान के लिए मिलाया हाथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड में सिकल सेल एनीमिया की पहचान और रोकथाम को मजबूत करने के उद्देश्य से, टाटा स्टील फाउंडेशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), झारखंड और काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलीक्यूलर बायोलॉजी (सीएसआईआर-सीसीएमबी), हैदराबाद के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का लक्ष्य बड़े पैमाने पर समुदाय आधारित जांच सुनिश्चित करना और व्यापक जागरूकता फैलाकर झारखंड में सिकल सेल एनीमिया के प्रभाव को कम करना है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर समारोह झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक अबू इमरान, सीएसआईआर-सीसीएमबी के जेसी बोस फेलो डॉ गिरीराज रतन चंदक, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर फाउंडेशन, एनएचएम और सीएसआईआर-सीसीएमबी के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस सहयोग के तहत, झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया की व्यापक जांच को सशक्त बनाने के लिए पूर्वी सिंहभूम के खासमहल जिला अस्पताल में एक अत्याधुनिक सिकल सेल परीक्षण हब स्थापित किया जायेगा। यह हब पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों की बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग के लिए आवश्यक बुनियादी अवसंरचना और संसाधन उपलब्ध करायेगा।



एमओयू पर हस्ताक्षर करने के पश्चात टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय के साथ स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव अजय सिंह व अन्य पदाधिकारी।

### स्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्वराज फाउंडेशन ने आयोजित किया फुटबॉल टूर्नामेंट



**जमशेदपुर।** महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वराज फाउंडेशन ने नंदुप फुटबॉल ग्राउंड, जमशेदपुर में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की किशोरियों और सरकारी स्कूलों की छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली को अपनाते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। टूनार्मेंट का भव्य उद्घाटन बायांगबिल, पोड़ेनहासा और केरूआडुंगरी के सम्मानित मुखिया श्री कान्हू मुर्मू और ग्राम प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुखिया जी ने कहा कि, खेल-कूद के माध्यम से किशोरियों का स्वास्थ्य और आत्मविश्वास बढ़ाना एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।इससे न केवल उनकी फिटनेस सुधरेगी, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास भी होगा। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी केंद्र लटकुगोड़ा, डुंगरीटोला-गोराडीह, पोढ़ेनहासा, नीलडुंग्री की किशोरियों और नंदुप, खुक्रादीह स्कूल की छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# सड़क निर्माण में लगी पोकलेन और हाइवा में लगायी आग, क्षेत्र में दहशत

■ अपराधकर्मियों के खिलाफ संवेदक ने मामला दर्ज कराया

खबर मन्त्र संवाददाता





**हरिहरगंज पलामू।** थाना के जगदीशपुर में सोमवार की रात प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण कर रही कंपनी के बेस कैंप पर धावा बोल एक पोकलेन मशीन और दो हाइवा में आग लगा दी। तीन कर्मियों पोकलेन चालक रामावतार यादव, हाइवा चालक वीरेंद्र यादव, कइलू यादव व खलासी मनोज यादव को पीटा। घटनास्थल बिहार सीमा के करीब है। सूचना मिलते ही रात में ही छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव, हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार घटनास्थल पहुंच जायजा लिये। मंगलवार को अभियान एसपी राकेश सिंह भी पहुंचे। आगजनी में हाइवा (बीआर 02 जीसी 7661, बीआर 02 जीसी 3122) व पोकलेन एन 710052 पर आग लगा दी। नक्सलियों ने भाकपा माओवादी जिंदाबाद व पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए पश्चिम दिशा जंगल की तरफ चले गये। इससे क्षेत्र में दहशत है। संवेदक राजेश कुमार उर्फ रामविलास यादव के आवेदन पर हरिहरगंज थाना में चार-पांच अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि संवेदक से किसी ने लेवी नहीं मांगी थी। एसडीपीओ ने बताया कि सड़क निर्माण में लगे दो हाइवा तथा एक पोकलेन को अपराधियों ने जलाया है। इसे किस अपराधी गिरोह अथवा नक्सलियों ने अंजाम दिया है, इसकी जांच की जा रही है। किसी तरह का पर्चा बरामद नहीं किया गया है।

# छठ के लिए सुविधाजनक बनेगा चैनपुर का सूर्य मंदिर पार्क : अरुणा शंकर

■ निगम की बहनों द्वारा बनाये गये हर्बल गुलाल का होली में करें प्रयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर में बन रहे शहर का सबसे बड़ा सूर्य मंदिर पार्क जिसे अत्याधुनिक तरीके से सजाया जा रहा है। इस पार्क को छठ पर्व करने हेतु सुविधाजनक बनाने के लिए मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, स्थानीय समाजसेवी काशी प्रसाद, अशोक दास, राकेश सोनी, प्रदीप कुमार दिनेश कामलापुरी, उमेश, पप्पू, धीरज कमलापुरी एवं कई गणमान्य लोगों ने स्थल पर जाकर उसे और भी सुविधाजनक बनाने पर विचार किया।



**खास बातें :** सभी लोगों ने कहा कि प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल में चैनपुर शाहपुर को दिया। यह पार्क एक शानदार तोहफा है लेकिन इस पार्क और तालाब की महत्ता छठ पर्व से जुड़ी हुई है इसलिए तालाब के चारों ओर घाट बनाकर छठव्रतियों के लिए और भी सुविधाजनक बनायी जाये। श्रीमती शंकर ने इसे तुरंत संज्ञान लेते हुए निगम के एसडीओ, संवेदक एवं स्थानीय सम्मानित लोगों के साथ सामूहिक राय बनायी। कहा कि सूर्य मंदिर तालाब में छठ करने की अलग ही महत्ता है। इसे और भी सुविधाजनक बनाकर छठ व्रतियों को सुविधा दी जाए जिसकी सहमति निगम के पदाधिकारियों ने भी दी है। प्रथम महापौर एवं स्थानीय लोगों में यह भी सहमति जतायी कि पूर्व में निर्मित स्टेज के सामने एक छोटे सभा हेतु पेवर ब्लॉक लगाकर स्थल बनाया जाये जहां छोटे-मोटे कार्यक्रम भी हो सकें, जिसकी सहमति निगम से बनी। प्रथम महापौर ने कहा कि इस घाट में एक आधुनिक शौचालय एवं स्नान गृह भी बनवाया जायेगा, ताकि सुबह शाम घूमने वाले लोगों को और पूजा पाठ या अन्य कार्यक्रम में किसी को असुविधा न हो। प्रथम महापौर ने कहा कि शहर के अन्य चौक चौराहा पार्क की तरह इस पार्क का भी देखरेख निःशुल्क मेरी टीम मेरे खर्चे से करेगी। नगर आयुक्त खुद इस पार्क की निगरानी एवं गुणवत्ता पर ध्यान बनाये हुए हैं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक, बोले

# प्रदूषण रोकथाम में उठायें बेहतर कदम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी-सह- जिला पर्यावरण समिति के सदस्य सचिव सत्यम कुमार, नगर आयुक्त जावेद हुसैन उपस्थित थे। बैठक में वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, सीडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, हजारदौस वेस्ट मैनेजमेंट, ई-वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट, घरेलू सीवेज प्रबंधन, इंडस्ट्रीयल वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, एयर क्वालिटी मैजमेंट, माइनिंग एक्टिविटी, ध्वनि प्रदूषण प्रबंधन प्लान आदि पर विचार-विमर्श हुआ। उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन तथा प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में बेहतर कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने जमीन चिन्हित कर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने की कार्रवाई का निर्देश दिया।



नगर आयुक्त ने बताया कि मंगरदाहा एवं पोखराहा में जमीन चिन्हित किया गया है। इसके लिए अग्रेतर कार्रवाई जारी है। नगर पंचायत एवं नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि उनके स्तर से विभागीय समन्वय कर डीपीआर तैयार कर भूमि चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने इसपर सक्रियता से कार्य करने को कहा। वहीं मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। उपायुक्त ने अन्य जगहों पर इसे शुरू कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने बायामेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर चल रहे कार्यों की सतत निगरानी हेतु निगरानी कमेटी एवं अवैध माइनिंग की गतिविधि की रोकथाम के लिए माइनिंग गतिविधि मैजमेंट प्लान बनाने को कहा। उन्होंने अवैध माइनिंग की गतिविधियों की रोकथाम हेतु एसडीओ की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तर पर कमेटी गठित करने को कहा। इस कमेटी में संबंधित क्षेत्रों के वन क्षेत्र पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी रहेंगे। कमेटी अवैध माइनिंग के संभावित क्षेत्रों में प्रतिमाह कम- से-कम अलग-अलग चार दिन औचक निरीक्षण कर अवैध माइनिंग की गतिविधियों को रोकने और इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का कार्य करेगा। पर्यावरण संरक्षण के दिशा में सभी विभागों को समन्वय से कार्य करने को कहा।

# खास महाल से जुड़े विवादों का निपटारा करे सरकार : आलोक

■ खास महाल से जुड़े विवाद का निपटारा और पेयजल आपूर्ति जल्द बहाल करे सरकार : आलोक चौरसिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान डालटनगंज भंडरिया विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा ध्यान आकर्षण करते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से वर्तमान सरकार तक बार-बार विधानसभा सत्र के दौरान डालटनगंज भंडरिया विधानसभा का दर्द बयां किया। जिसमें कहा कि पलामू जिले के नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर में गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति पूर्ण तरह से सूख जाती है जिसके कारण कई वार्ड के लोग तो अपना घर छोड़कर कहीं और चले जाते हैं। ऐसी समस्या से निपटारा करने के लिए सदन के माध्यम से सरकार को कई बार अनुरोध किया गया कि जलापूर्ति किया जाए एवं जल स्तर बढ़ने के लिए शिवाला घाट राम जानकी मंदिर आरसीसी बियर बांध का निर्माण करना चाहिए परंतु सरकार एकदम निरंकुश हो गई है और आम जनमानस की मूलभूत सुविधा को भूल सी गई है। बजट सत्र के दौरान श्री चौरसिया ने वर्तमान सरकार को घेरते हुए प्रश्न पूछा कि आप खास महल पर क्या काम कर रहे हैं परंतु वर्तमान सरकार खास महाल से जुड़े विवाद का निपटारा नहीं कर रही है। डालटनगंज अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में खास महाल सबसे बड़ा जटिल समस्या है, महोदय इस पर सरकार कार्य नहीं कर रही है। सरकार कार्य करें इस समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। इसी बीच गढ़वा विधायक भी आलोक चौरसिया के सहमति में उतरकर सरकार को घेरते हुए पूछा कि सरकार फ्री होल्ड क्यों नहीं कर रही है। कई वर्षों से रह रहे लोगों को मध्यम वर्गीय लोगों को साथ में कृषि योग्य भूमि पर भी होल्डिंग टैक्स आखिर क्यों लग रहा है।



**आलोक चौरसिया, विधायक।**

# अंजलि, प्रीति और रिद्धि को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार

➲ बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा संस्कार युक्त हो : अरुणा शंकर

➲ लड़कियां पढ़ेगी तभी बदलेगा समाज : अविनाश वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय में रविवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव 2025 धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे तथा विद्यालय परिवार के प्रमोद अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल तथा निदेशक सतीश अग्रवाल ने की। कार्यक्रम प्रस्तुति के शुरुआत में बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी अभिभावको और अतिथियों का सम्मान दिया। इसके बाद विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, पर्यावरण पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू मुस्लिम एकता, देशभक्ति की वीरता, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश, संगीत और नाटक के माध्यम से तथा क्लीन इंडिया थीम पर गाड़ी वाला आया है, कचरा निकाल गाने पर डांस की प्रस्तुति देख मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।




**पुरस्कार देतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।**

## स्पीड न्यूज

### नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में होली मिलन आज



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में आज दिनांक 12 मार्च को होली मिलन समारोह रखा गया है। इसकी जानकारी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता दी। बताया कि समारोह में विस क्षेत्र के प्रबुद्धजन जुटकर आपसी एकता व भाईचारगी की प्रेरणा देंगे।

### छतरपुर में दवा इंडिया का ब्रांच खुला



**छतरपुर पलामू।** ग्रामीण बैंक के नीचे दवा इंडिया का नया प्रतिष्ठान खोला गया। उद्घाटन गणमान्य व्यक्तियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने किया। कहा कि दवा इंडिया का यह मेडिसिन सेंटर गरीबों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा जहां उन्हें 50 प्रतिशत की रियायत पर जेनरिक दवाइयां मिलेगी। कंपनी के अभिनव जी, प्रोपराइटर कुणाल कुमार का आभार जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मौके पर विजय प्रसाद, कामख्या सिंह, जहांगीर खान, रितेश सोनी, कुणाल कुमार, अरुण गुप्ता, उत्कर्ष कुमार, संतोष सिंह, प्रभाकर कुमार आदि थे।

### ब्रेन हेमरेज से रेलकर्मी की मौत



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप के वार्ड 14 के उरसुला गांव निवासी अरविंद राम (35) की मौत ब्रेन हेमरेज से हो गयी। अरविंद का कुछ दिन पहले ब्रेन हेमरेज हो गया था। रांची रिम्स में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही सोमवार की रात उनकी मौत हो गयी। परिजन रो-रो कर बेहाल हैं।

### ऊर्जा संचालित पंप सेट किसानों के लिए सिंचाई में कारगर होगा : बीडीओ



**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित झा एवं सहायक तकनीक प्रबंधक पाटन ने 20 किसानों को किसान समृद्धि योजना के तहत 2 एचपी डीसी एसी सोलर पंप सेट बांटा। कृषि विभाग लाभुकों को 10 प्रतिशत अंशदान पर किसानों को दिया है। बीडीओ ने कहा कि इससे किसान सिंचाई कर सकेंगे तथा सोलर उर्जा से संचालित यह पंप सेट कारगर होगा। किसान इसका भरपूर लाभ उठा सकते हैं। इस पंप सेट को किसान कहीं भी अपने खेत में ले जाकर सिंचाई कर सकते हैं। मौके पर किसान अजय सिंह, ललेन्दर सिंह, मिथलेश सिंह, कमलेश कुमार, रुपम कुमारी, सुनीता देवी, रंजीत कुमार, जय प्रसाद थे।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में होली मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में होली मिलन समारोह किया गया। मौके पर कॉलेज परिसर में रंगों और उमंगों का शानदार नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने किया। होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्राओं को प्रेम और सौहार्द के इस पर्व को मिल-जुल कर मनाने का संदेश दिया। समारोह के सफल आयोजन में माया त्रिपाठी और अंजना दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम के दौरान रंग-अभिषेक और गुलाल के खेल ने वातावरण को रंगीन बना दिया। छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. अनुपमा गुप्ता ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए शिक्षकों और छात्राओं की सराहना की। कार्यक्रम का समापन रंग-अभिषेक के साथ हुआ।

# पशु लदा ट्रक खाई में गिरा, पांच मवेशी मरे


■ पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से ट्रक में दबे मवेशियों को निकाला गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** ताबर गांव के समीप दुधारू पशु लदा मवेशियों से भरी ट्रक पांच फीट खाई में गिरने के दौरान दो बार पलटी खाने से एक मवेशी के बच्चा समेत 4 मवेशियों की मौत हो गयी। घटना मंगलवार के अहले सुबह चार बजे के करीब की बताई जा रही है। एनएच 39 पर सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर गांव में दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। एएसआई सुबोध कुमार और संतोष साहू के नेतृत्व में दुर्घटना स्थल पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मृत पड़े ट्रक के नीचे दबे मवेशियों को बाहर निकाला। दुर्घटना में करीब दर्जन पर मवेशी जख्मी है। जिसका इलाज कराया जा रहा है। एएसआई सुबोध कुमार में पुष्टि करते हुए बताया कि तीन गाय तथा एक बाछी की मौत हुई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। इस दौरान गाड़ी छोड़कर सभी लोग फरार थे। पुलिस जांच करने में जुटी हुई है। इधर, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर तौफीक अहमद बताया कि तीन गायें और एक बच्चे की मौत हुई है। एक गाय और एक भैंस का पैर टूट गया है बाकी अन्य मवेशी को चोटें आयी है।

### बिश्रामपुर के गुरी ग्राम में होगा श्रीमद्भागवत कथा सह ज्ञान महायज्ञ, तैयारी जोरों पर



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के गुरी में श्रीमद्भागवत कथा सह ज्ञान महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। जानकारी देते हुए महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश मिश्रा ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले महायज्ञ की शुरुआत 18 मार्च को कलश यात्रा के साथ होगी। 25 को महायज्ञ की पूर्णाहूति होगी। इस दौरान प्रतिदिन सायंकाल में गौरव कृष्ण पाठक श्रीमद्भागवत कथा कहेंगे। इसके अलावा अयोध्या के स्वामी अनंताचार्य जी महाराज शिवपुराण कथा सुनायेंगे। आयोजन रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट कर रहा है, जिसमें स्थानीय लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है। मौके पर कमेटी के विनोद पाठक, अनिल मिश्रा, शिवराज मिश्रा, अमित पाठक, राजन मिश्रा, सोनू तिवारी, मणिकांत पाठक, पंकज तिवारी, राधा कृष्ण मिश्रा, कर्मदेव यादव, संजय चंद्रवंशी मौजूद थे।

### अतिक्रमण का आवेदन बेबुनियाद है : मुखिया

**पाटन पलामू।** प्रखंड के लोइंगा पंचायत मुखिया रंजीत यादव उर्फ गुडु यादव ने मकबूल एवं सफीक अंसारी ग्राम लोइंगा के द्वारा अतिक्रमण के बारे में दिये गये आवेदन को बेबुनियाद एवं गलत बताया है। मुखिया ने कहा है कि लोइंगा में सतार अंसारी के घर से देवी मंडप होते सीताराम साव के घर तक अतिक्रमण का आवेदन पाटन सीओ को दिया गया है जो गलत है। उन्होंने रोजन मियां के अतिक्रमण हटाने के प्रतिशोध में ऐसा किया है। मुखिया ने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा आवेदन देकर प्रशासन को उलझाया जा रहा है।

### होली पर्व उमंग और भाईचारे का त्योहार है : ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद



**चैनपुर पलामू।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने होली मिलन समारोह का आयोजन सदीक मोड़ स्थित त्रिपाठी होटल में किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि होली उमंग व आपसी भाइचारे का त्योहार है जिसे सभी जाति, धर्म के लोग सौहार्द के साथ मिलकर मनाते हैं। उन्होंने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समृद्ध लोगों को भी समाज सेवा के लिए आगे आने की जरूरत है। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने टीका लगाकर और अक्षत छिड़ककर सभी का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। उन्होंने होली में आपसी भाईचारे के साथ रहने और संस्था की गतिविधियों को और तेज करने की बात कही। मौके पर मन्नत सिंह बग्गा ने कहा कि रंगों का अपना ही महत्व होता है जो मनुष्य को उसकी जिंदगी की समस्याओं को भुलाने की सीख देते हैं। सड़क सुरक्षा, वंचित वर्ग को भोजन, वस्त्र, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाएं वरदान टीम वर्ष भर मुहैया करवाती है।

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़े जायेंगे गांव : महेंद्र यादव

■ झामुमो के नवगठित पंचायत के कमेटी की बैठक

■ नयी कमेटी बनाने का दिया गया प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू (पलामू)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मनातू प्रखण्ड अंतर्गत मंगलवार को पलामू जिला प्रखंड संयोजक मंडली ने नव गठित पंचायत कमेटी की बैठक की। पूरे सात पंचायत कमेटी के लोग जुटे नव गठित पंचायत कमेटी ने प्रखंड कमेटी बनाने का प्रस्ताव पारित किया। जिसमें पुराने कमेटी के साथ नये सदस्यों को भी मौका मिला। झामुमो संयोजक जिला प्रमुख राजेंद्र सिंह, झामुमो संयोजक सदस्य सोनू सिद्दीकी, संयोजक सुशील मिश्रा, कांति चंद्रवंशी जिला नेत्री वरिष्ठ नेता बबलू सिंह सहित सभी पंचायत के नवगठित अध्यक्ष सचिव एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र और सोनू सिद्दीकी के नेतृत्व में मनातू प्रखंड कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गयी।

# हनुमानजी और आप सबकी कृपा से धर्म की नगरी बनेगा बराही धाम : रणधीर सिंह

■ दक्षिणमुखी हनुमान जी बराही धाम में होली की मची धूम

■ आज बृज में होली रे रसिया होरी रे रसिया, बरजोरी रे रसिया

खबर मन्त्र संवाददाता





**हुसैनाबाद पलामू।** बिहार झारखंड ही नहीं, देश स्तर पर हुसैनाबाद जपला के सुप्रसिद्ध 105 फीट ऊंची दक्षिणमुखी हनुमान प्रतिमा स्थल चर्चित बराही धाम में मंगलवार को होली मिलन सह पारंपरिक फगुआ मना, जिसमें जमकर अबीर गुलाल उड़े। यह आयोजन शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम परिवार ने किया। इसमें मशहूर कलाकारों व स्थानीय कीर्तन व्यास ढोलक झाल, हारमोनियम के साथ एक से बढ़ एक पारंपरिक फगुआ गीत से पूरा क्षेत्र भक्तिमय कर दिया। आज बृज में होली रे रसिया... आदि गीतों पर लोग खूब झूमे। ट्रस्ट के अध्यक्ष रणधीर सिंह ने कहा कि अपने गांव की होली देखने को हमलोग तरस खाते हैं। बराही धाम अब देश स्तर पर अपना स्थान बनायेगी। लोगों की आस्था व भक्ति के कारण यह छोटे से गांव में यह भव्य मंदिर स्थापित हुआ है। आगे और बड़े-बड़े मंदिर बनने बाकी हैं।

# झारखंड के दया नायक प्रमोद सिंह की टीम से ही भिड़ गया था अमन



**मेदिनीनगर।** झारखंड के चर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक के नाम से जाने जानेवाले प्रमोद कुमार सिंह की टीम के हाथों गैंगस्टर अमन साहू मारा गया। प्रमोद फिलहाल झारखंड एटीएस में इंस्पेक्टर हैं। प्रमोद पर ही कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रांची लाने की जिम्मेदारी थी। प्रमोद अमन को तीन वाहनों के काफिले से रायपुर से रांची के लिए रवाना हुए थे। इस बीच पलामू में एटीएस की टीम पर हमला हुआ और अमन को छुड़ाने की कोशिश की गयी। इसमें एटीएस की जवाबी कार्रवाई में अमन मारा गया। वहीं, एटीएस के एक हवलदार राकेश कुमार जख्मी हुए हैं। झारखंड में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद सिंह पलामू, धनबाद, रांची सहित कई इलाकों में अपराध एवं नक्सल के खिलाफ एनकाउंटर में शामिल रहे हैं। प्रमोद पहले भी पलामू में तैनात रहे हैं। वे 1994 बैच के सब इंस्पेक्टर रहे हैं और पलामू के चैनपुर में थाना प्रभारी भी रहे हैं। प्रमोशन के बाद प्रमोद फिलहाल एटीएस में इंस्पेक्टर हैं। थाना प्रभारी रहते हुए भी उन्होंने लूट के खिलाफ एनकाउंटर किया था। इस दौरान कई लुटेरे भी मारे गये थे। जिस जगह अमन हू का एनकाउंटर हुआ है यहां पहले भी एनकाउंटर में डकैत मारा गया था। पलामू में तैनाती के दौरान प्रमोद सिंह ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए काफी सुर्खियां बटोरी थी। वे 2004 में लातेहार के बरवाडीह के मंडल के इलाके में एक नक्सली को एनकाउंटर में मारा था।

# कौड़िया पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड मुख्यालय पर किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

■ बीडीओ ने पंचायत सचिव को पुनः प्रतिनियुक्त करने के विरोध में कौड़िया पंचायत के प्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

■ पंचायत सचिव को हटाने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन करते लोग।**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत के सचिव फतेह अहमद का स्थानांतरण पंडवा प्रखंड में कर दिया गया था लेकिन नौ माह बीत जाने के बाद भी प्रभार नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण पंचायत के ग्रामीण का कोई भी काम समय पर नहीं हो रहा है। इसे लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा सदर बीडीओ को कई बार मांग पत्र दिया गया है लेकिन बीडीओ के उदासीन रवैया के कारण पंचायत सचिव फतेह अहमद नवपदस्थापित पंचायत सचिव को अपना प्रभार नहीं दे रहे हैं। इतना होने के बावजूद भी सदर बीडीओ जागो महतो ने फतेह अहमद को कौड़िया पंचायत में सचिव पद पर पुनः प्रतिनियुक्त कर दिया। यह देख पंचायत के आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने मुखिया कुमारी अंजना सिंह के नेतृत्व में सदर प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करते हुए एक दिवसीय धरना दिया। धरना के संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि बीडीओ सचिव फतेह अहमद के सहारे प्रखंड में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि फतेह

■ मौके पर उप प्रमुख शीतल सिंह, पूर्व ज्रि अर्जुन सिंह, कमलेश सिंह, संगीता देवी, कविता देवी, गीता देवी, रेशमी बीबी, सत्येंद्र सिंह ने कहा कि पंचायत सचिव 3 वर्षो से ज्यादा समय से पंचायत में कार्यरत थे। इन तीन वर्षो में पंचायत के गरीब गुरबो को नजरअंदाज कर सक्षम लोगों को लाभ देकर गरीबों का हक छीना है। पंचायत के दलालों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया। अवैध पैसों की वसूली हुई है। अबुआ आवास में भी इन्होंने कई अयोग्य लोगों के नाम आवास जियोटैग किया गया। पंचायत सचिव की प्रतिनियुक्ति की जानकारी मिलने पर मुखिया सहित पंचायत के वार्ड सदस्यों ने पुरजोर विरोध किया और जिले के सक्षम पदाधिकारी को ज्ञापन देकर पंचायत से हटाने की मांग की। लोगों का कहना है कि बीडीओ लगातार ग्रामीण जनता एवं प्रतिनिधियों को गुमराह करते रहे हैं।

# परंपरागत तरीके से वर्षों से फगुआ आयोजित करती आ रही दुर्गा पूजा समिति-कीर्तन मंडली

■ पटेल नगर में पारंपरिक होली कीर्तन समारोह का आयोजन

गौतम पटेल

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाला कुर्मिटोला पटेल नगर दुर्गा मंडप में सोमवार को होली सह फगुआ कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें एक से बढ़ स्थानीय व्यासों ने फगुआ की परंपरागत गीत गाया और ढोलक, झाल, हारमोनियम की धुन ने पूरे क्षेत्र के माहौल को खुशनुमा बना दिया। बता दें कि फागुन की मस्त महीना में पुरानी परंपरा के अनुसार एक महीना प्रत्येक सोमवार को होली फगुआ की विभिन्न गीतों को गाया जाता हैं। लेकिन इस भौतिकतावादी जीवन में लोग अपने लोक लाज की परंपराओं को बहुत कम मान रहे हैं लेकिन शहर के एक मात्र यह मुहल्ला में आज भी लोक परम्परा जीवंत उदाहरण हैं। यह आयोजन दुर्गा पूजा समिति व कीर्तन मंडल समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होते आयी हैं जिससे पूरा शहर होली व फागुन की मस्त खुशनुमा महौल को बिखेरती हैं। लोगों का मानना हैं कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान हैं जो आज भी कायम हैं। मौके पर अनुज चौधरी, सुदर्शन चौधरी, दयानंद चौधरी, दिनेश ठाकुर, रमेश व्यास, प्रदीप चौधरी, विजय मस्ताना, त्रिलोकी तिवारी, रामाशीष चौधरी, विकास सोनी, पप्पू तिवारी, रामदेव चौधरी, राजकुमार पासवान, पूजा समिति के अजित चौधरी, धीरेंद्र पटेल, सुधीर पटेल, मंदीप चौधरी, शशिकांत पटेल अविनाश पटेल, मंजय चंदेल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



**होली मिलन समारोह में फगुआ गाते लोग।**

# बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ द्वारा संघ के अध्यक्ष तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित होली उत्सव में खूब रंग गुलाल उड़े और लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि होली आपसी रिश्ते को मजबूत एवं भरोसेमंद बनाने का पर्व है। भारतीय संस्कृति में होली मिलन का महत्त्वपूर्ण स्थान है। संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने कहा कि हमारे मजदूर एवं कामगार भाइयों की समस्याओं के लिए संघ सदैव तत्पर रहता है। समारोह का संचालन प्रेस सचिव गणेश कुमार पाठक ने किया। उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल से सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने एवं गिले-शिकवे दूर कर गले मिलने का त्योहार होली मिलन है। समारोह का मुख्य आकर्षण में महिला मजदूरों का होली गायन रहा जिन्होंने होली के पारंपरिक गीत गाकर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। बीएसएल रिटायर्ड गीतकार ब्रह्मानंद गोस्वामी ने फगुआ गाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में निवारण प्रसाद महतो एसआर सिंह प्रदीप कुमार सिंह श्याम कुमार श्रवण कुमार झा दुर्योधन गोप के अलावा इंदु तिवारी बेबी देवी चनारती देवी पुष्पा मिश्रा भोला महतो जगदीश शर्मा एन सिंह, एलबी सिंह रुबी कुमारी वीणा देवी मीनाक्षी सिंह विनय बाउरी निरंजन सिंह नवजोत सिंह विजय कुमार भुवनेश्वर सिंह राय अवधेश कुमार यादव धर्मेन्द्र मिश्रा ओमप्रकाश तिवारी गुलाम जिलानी जयदेव रजक विवेक कुमार सिंह सत्येंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री सुमन सिंह ने किया।

# दुमका : तीन दिन के अंदर एक नकली व दो असली चेन की छिनतई, वृद्धा को बनाया निशाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र में चेन छीने वाले उचक्कों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। जिन बाइक सवार दो युवकों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था, उन्हीं युवकों ने मंगलवार को सुबह अग्रसेन भवन से चंद कदम दूर करीब 65 साल की नारायणी देवी के गले से चेन छीन ली और आराम से फरार हो गए। वजनी चेन में हीरे का लाकेट लगा हुआ था। तीन दिन में दो असली और एक नकली चेन की छिनतई के बाद जेवर पहनकर निकलने वाली महिलाओं में दहशत है। महिला की शिकायत के बाद नगर थाना की टीम ने स्थल पर जाकर जांच की। सीसीटीवी खंगाला। इसमें रविवार को चेन छिनतई करने वालों का चेहरा सामने आया है। पुलिस दोनों की तलाश के लिए दौड़ लगा रही है। अग्रसेन भवन के समीप सोल्टी नाश्ता की दुकान के सामने रहने वाली नारायणी देवी सुबह करीब दस बजे टाटा शोरूम स्थित दादी सती मंदिर में चल रहे मंगलपाठ में जाने के निकली। वह घर से कुछ दूर टोटो का इंतजार कर रही थी। तभी बाइक सवार दो युवक आए और गले से चेन छीनकर भाग गए। जिससे महिला का गला छिल गया। महिला के बेटे विनीत ने बताया कि सीसीटीवी में जो दो युवकों का चेहरा सामने आया है, उन लोगों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था।



पीड़ित महिला।

**उचक्कों में पुलिस का डर नहीं**

शहरी क्षेत्र में महिलाओं को अपना निशाना बना रहे बाइक सवार दो युवकों को पुलिस का डर नहीं है। लगातार तीन दिन के अंदर तीन वारदातों को अंजाम देने के बाद भी शहर में घूम रहे हैं। आम तौर पर अपराधी पहली वारदात के समय जो कपड़े पहनते हैं तो दूसरी वारदात करने से पहले बदल देते हैं। यहां पर जो युवक बाइक चला रहा था, उसने वहीं शर्ट पहनी हुई थी रविवार को पहनी थी। केवल उसके साथी ने टीशर्ट की जगह शर्ट बदली। इससे साफ होता है कि दोनों को पकड़े जाने का कोई डर नहीं है।

**रंग खरीदने के बहाने अपराधी कर रहे थे इंतजार**

बाइक सवार दोनों युवकों ने इन दिनों अग्रसेन भवन के समीप अपना अड्डा जमा लिया है। रविवार को भी इसी जगह पर निर्मला देवी नामक महिला को निशाना बनाया था। नारायणी देवी जब घर से बाहर निकली तो दोनों युवक उन पर नजर बनाए हुए थे। इसके बाद पीछे से झपटा मारकर चेन लेकर चलता बना।

## एक नजर में

### सरैयाहाट : दहेज में बाइक नहीं देने पर नवविवाहिता की हत्या

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव में मंगलवार की अहले सुबह दहेज में बाइक नहीं दिए जाने पर नवविवाहिता की हत्या कर दी गई। महिला की शादी कुछ माह पूर्व ही हुई थी। मामलें को लेकर नवविवाहिता के पिता बांका जिला के कटोरिया थाना क्षेत्र बोकनमा गांव निवासी वशिष्ठ ठाकुर ने अपने दामाद सहित अन्य पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। महिला के पिता के अनुसार उसकी 19 वर्षीय बेटी मनीषा की शादी सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव निवासी विकास के साथ हुई थी। मंगलवार की सुबह विकास ने फोनकर बताया कि मनीषा की तबीयत खराब है। इस जानकारी के बाद जब वे बेटी के ससुराल पहुंचे तो उसकी बेटी मृत पड़ी थीं। जब उसने दामाद से पूछताछ की तो उसने बताया कि मनीषा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसके गले और शरीर के अन्य जगहों पर जख्म के निशान भी देखें गए। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। अनुसंधान की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### शिकारीपाड़ा : होली मिलन समारोह का आयोजन



शिकारीपाड़ा। शिकारीपाड़ा प्रखंड परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समारोह में बीडीओ के अलावा सीओ कपिल देव ठाकुर शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी अमित लकड़ा मौजूद थे। समारोह में पंचायती राज पदाधिकारी सह पंचायत सचिव संजीव कुमार ने सभी प्रखंड और अंचल कर्मियों का होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली हमारे जीवन में खुशियों भरती है। सहायक अभियंता ने ने कहा कि होली  खेलने हमारे जीवन में नया ऊर्जा आता है हमें होली जरूर खेलना चाहिए, शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी ने कहा कि हम लोग नौकरी से पहले घर में होली खेले थे ,लेकिन अब बस जहां रहते हैं उसी जगह होली होली खेलते है। वहीं अंचलाधिकारी ने सबसे पहले सबको होली की शुभकामनाएं दी और होली मनाने के पीछे पौराणिक कथाओं का जिक्र किया, बताया कि जब से बसंत ऋतु शुरू होती है तब से ही होली की शुरूआत हो जाती है, और इस ऋतु में पेड़ पौधों में नए नए पत्ते आते, बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा इसलिए भी कहा जाता है। अंतिम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ब्रज में मनाए जाने वाले होली का जिक्र किया और सभी होली की शुभकामनाएं दिया।

### तेनुघाट पंचायत मे होली मिलन का आयोजन



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट पंचायत में मुखिया नीलम श्रीवास्तव के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिला एवं पुरुष शामिल हुए और होली लुत्फ उठाए। इस मौके पूर्व मुखिया रेखा सिंह पंचायत समिति सदस्य अजीत पांडेय सहिया, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक महिला मोर्चा की अध्यक्षा के आवास पर संपन्न

बोकारो। जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक मंच के महिला मोर्चा की अध्यक्षा कविता महतो के बोकारो जिलान्तर्गत चास स्थित आवास पर संपन्न हुई। बैठक में महतो ने महिलाओं को जागरूक होने की बात कहते हुए समाज के हर विधाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिला व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की बात की। उन्होंने महिलाओं से भी आगे बढ़ने हेतु कठिन संघर्ष करने की अपील की। प्रदेश मंत्री सपना गुप्ता एवं कुमारी शिल्पा नामता ने महिलाओं में जागृति पैदा करने एवं संसदीय व विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उक्त बैठक में पुष्पलता बाला भूमिज सुचित्रा भूमिज आरती प्रसाद अरिकेत प्रसाद रूपा सिंह गणेशी भूमिज सुशीला भूमिज साधना चक्रवर्ती संजू वर्मा सीमा नामता बापी नामता गायत्री नामता ज्योति दास डिंपल जायसवाल पपाई चक्रवर्ती सुमन पाठक उपेंद्र पटेल जूली गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे। अन्य वक्ताओं ने भी महिलाओं के उत्थान से ही समाज की प्रगति एवं विकास को सम्भव बताया।

### बोकारो : अग्रवाल कल्याण महासभा ने सेक्टर 9 में किया होली मिलन समारोह



बोकारो। अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के तत्वावधान में बोकारो के सेक्टर 9 में सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संचालन नंदकिशोर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सुधीर अग्रवाल राजेंद्र गर्ग अजय अग्रवाल सहित समाज के अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से महाराज अग्रसेन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर रंग गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। इस आयोजन में एक–दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फिल्मी धुन पर होली के गीतों पर नृत्य कर होली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि होली समाज में परस्पर प्रेम की भावना को मजबूत करती है। होली पर्व सभी के जीवन में वास्तविक रंग और आनंद लाता है। मौके पर अजय अग्रवाल प्रवीण अग्रवाल किशोर अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल केशव प्रसाद अग्रवाल नरेश प्रसाद अग्रवाल प्रेमचंद अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### बेरमो : अधिवक्ताओं की बैठक



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ताओं की बैठक आहूत की गई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महा सचिव वकील प्रसाद महतो ने बताया कि सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि नियमित अधिवक्ताओं को होली पर्व के अवसर पर होली लाभांश का वितरण संघ के द्वारा किया जाएगा। तथा संगठन के सदस्यों द्वारा प्राप्त विचारों पर अमल किया जाएगा। साथ ही बुधवार को होली मिलन का आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर सभी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

### तेनुघाट व्यवहार कोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक के अधिवक्ता ने पदभार संभाला



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय, बेरमो क्षेत्र मे केन्द्रीय सरकार के द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक के रूप मे अधिवक्ता राजीव कुमार तिवारी ने अपना कार्य करना शुरू कर दिया है। नोटरी पब्लिक राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि उनकी नियुक्ति होने से बेरमो अनुमंडल के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों के लोगों को सहुलियत होगी और उनके क्षेत्राधिकारी मे आने वाले सारे कार्यों का निष्पादन सुलभ रुप से होगें।

## स्पीड न्यूज

### दिनकर शर्मा को दी गयी श्रद्धांजलि, कई लोग हुए शामिल



बेरमो/फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शर्मा कॉलोनी निवासी दिवगंत फुसरो मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा के पुत्र दिनकर शर्मा के श्राद्धकर्म में सैकड़ो गणमान्य लोग शामिल होकर दिनकर शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जहानाबाद के पूर्व विधायक अभिराम शर्मा ने कहा कि स्व शर्मा गरीबों के हित के लिए सदैव उपस्थित रहते थे। उनके निधन से समाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुई है। यहा ज्ञानती शर्मा, पुष्कर शर्मा, मधुकर शर्मा और पूजा शर्मा आदि ने आगंतुको का स्वागत किया। इस अवसर डॉ शकुंतला कुमार, डॉक्टर उषा सिंह ,निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, मधुसूदन प्रसाद सिंह ,बैजनाथ सिंह, नवीन पाण्डेय, केदार सिंह, विनोद चौरसिया, गुड्डू जैन, विक्रम पांडे, रवींद्र कुमार मिश्रा, चिकू सिंह, सुरेश वंशल, जवाहरलाल यादव, रियाज अंसारी, अशोक सिंह,नीरज सिंह, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, आर उनेश, परवेज अख्तर, महफूज आलम, प्रदीप सिंह, महबूब आलम, इंद्रजीत मुखर्जी, संतोष महतो, कृष्ण कुमार चांडक, ललन सिंह, वैभव चौरसिया, पिंटू सिंह, दिनेश सिंह, लाखन सिंह, सुरेश वंशल, बैजू मालाकार, राकेश मालाकार, धीरज पांडे, पंकज मिश्रा, मिथिलेश शर्मा, देवतानंद दुबे, राम नरेश द्विवेदी, अनिल गुप्ता, महारुद्र नारायण सिंह, मनोज सिंह, राधा देवी, राकेश शर्मा, सुधीर किशन उर्फ भोला, विजय कुमार आदि ने गहरा दुख एवं शोक प्रकट किया है।

### बोकारो : वरीय अधिवक्ता पीसी अग्रवाल बने सांसद प्रतिनिधि



बोकारो। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो ने विभिन्न विभागों हेतु अपने संसदीय क्षेत्र में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के निमित्त सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इसी के तहत विधिक प्रकोष्ठ विभाग में प्रेमचंद अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। बोकारो जिला बार एसोसिएशन के पुस्तकालय परिसर में अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम चंद अग्रवाल को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। विदित हो की बधाई देने वालों में मौके पर मुख्य रूप से अधिवक्ता राजीव मालवीय प्रवीण कुमार शिवेश पाठक वासुदेव पांडेय राकेश कुमार शशि वरुण पाण्डेय राजेश कुमार मिश्र सुनील राजहंस सीतेश कुमार विवेक शर्मा दीपक कुमार पाठक निशित कुमार युगेश कुमार महतो लाइब्रेरियन निधिश्री मिश्र व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### बीएसएल कर्मियों हेतु पेंशन योजना के तहत डिमांड लेटर लिंक उपलब्ध

बोकारो। बीएसएल के ऑन–रोल कर्मचारियों जिन्होंने पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की उच्च पेंशन योजना के तहत आवेदन किया था–उनके लिए अब ईपीएफओ द्वारा डिमांड लेटर जारी किए जा रहे हैं। कर्मचारी अपना डिमांड लेटर ईडेस्क.सेलबीएसएल.इन पोर्टल पर लॉगिन करके डाउनलोड कर सकते हैं जो किसी भी स्थान से सुलभ है। ईपीएफओ पोर्टल पर डिमांड लेटर की डाउनलोड की सुविधा प्रत्येक माह की 1 से 16 तारीख तक उपलब्ध रहेगी। बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने ये जानकारी दी।

**बेरमो : सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये सीआइएसएफ एवं सीसीएल के उच्च अधिकारियों के बीच बैठक में हुआ निर्णय**

# कोयला चोरी के खिलाफ तेज होगी कार्रवाई

>> सीसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ के अधिकारियों व जवानों द्वारा कोल इंडिया के कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने में दिये जा रहे योगदान की तारीफ की

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** बेरमों स्थित सेन्ट्रल कोल फिल्ड परियोजना के अंतगर्त ढोरी, कथारा एवं बी.एण्ड के. एरिया की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं सीसीएल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों के बीच मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ करने हेतु महाप्रबंधक ढोरी एरिया के सभागार में एक सफल द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया।

मिटिंग के दौरान सीआइएसएफ व सीसीएल द्वारा कोयला चोरी की रोकथाम हेतु नियमित रूप से किये जा रहे कोयला रेड, क्युआरटी की नियमित रूप से गश्ती, महिला बल सदस्यों द्वारा किये जाने वाली गश्ती, ड्रोन से एरिया की निगरानी, इकाई के आसूचना अनुभाग से प्राप्त इनपुट तथा चेक पोस्ट व कांटाघर पर तैनात बल सदस्यों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। सीआइएसएफ द्वारा नियमित रूप से किये गये कोल रेड के दौरान जब्त किये गये कोयला व स्थानीय पुलिस को सुपूर्द किये गये मोटरसाईकिल पर चर्चा हुयी।

माईन्स की सुरक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण के तौर पर वर्तमान में उपलब्ध सीसीटीवी, वाहन ट्रेकिंग प्रणाली के अलावा अन्य आधुनिक उपकरण जैसे आरएफआईडी एएनपीआर सॉफ्टवेयर यथाशीघ्र स्थापित किये जाने की जानकारी साझा हुई।

साथ ही साथ माईन्स एरिया के स्टोर, कांटाघर पर पर्याप्त रोशनी व अतिसंवेदनशील जगहों पर उच्च गुणवत्ता की सीसीटीवी स्थापित करने पर भी सहमति बनी। सीसीएल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों द्वारा सीआइएसएफ को सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने व कोयला ट्रांसपोर्टिंग के कार्य को निर्वाध रूप से क्रियांवित किये जाने में आने वाली बाधाओं को यथाशीघ्र दुर करने पर चर्चा की गयी।

सीसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ के अधिकारियों व जवानों द्वारा कोल इंडिया के कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने में दिये जा रहे योगदान की तारीफ की गयी और कोयला चोरी की रोकथाम में किये जा रहे कार्य को निरंतर जारी रखने की बात कही गयी। कोयला चोरों के खिलाफ कार्यवाई करने पर चर्चा की गयी तथा लगाम लगाने की बात कही गई। मिटिंग में केऔसुब, स्थानीय पुलिस, सीसीएल सुरक्षागार्ड द्वारा संयुक्त रूप से रेड की कार्यवाही किये जाने पर चर्चा हुई तथा इस प्रकार की बैठक भविष्य में भी किये जाने पर सहमति बनी। क्यूआरटी द्वारा सघन एवं विस्तारित रूप से सीआइएसएफ/सीसीएल/स्थानीय पुलिस के द्वारा रेड करने हेतु एवं प्राथमिकता के आधार पर इनलिगल माईनिंग को डोजरिंग करने हेतुचर्चा की गयी।

सुरक्षा मिटिंग में सीआइएसएफ के उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह, महाप्रबंधक ढ़ोरी रंजय सिंहा, वरिष्ठ कमाण्डेंट शशि रंजन, महाप्रबंधक सुरक्षा मेजर मनीष, सहायक कमाण्डेंट पटेल कार्तिक शरद, अक्षय नायर, के वी अनंथा श्रीधर, सुरेश सिंह व संतोष तिवारी आदि उपस्थित थे।

# अपने भक्तों की आपदाओं का शमन करते हैं भगवान : पं. गोविंद कृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट की ओर से सेक्टर- 2डी स्थित श्यामा माई मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन होली का रंग घुल गया। भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने भक्तिरस की इस रंगीन सरिता में जमकर गोते लगाए। दिव्य होली मिलन का आयोजन हुआ। जिसमें अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली गई। कथावाचक पं गोविंद कृष्ण शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ इस महोत्सव का खूब आनंद लिया। कथा में सातवें दिन पं गोविंद कृष्ण जी ने कृष्ण-सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाया। बताया गया कि कैसे गरीब ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर न चाहते हुए भी द्वारका जाने को तैयार होते हैं। सुदामा को कृष्ण से मिलने से द्वारपाल रोकता है। सखा कृष्ण सुदामा से मिलने के लिए अपने सिंहासन से उतरकर नंगे पांव दौड़ पड़ते हैं। इसके बाद कृष्ण सुदामा को गले लगाते हैं। अंत में सुदामा के अपने गांव जाने पूर्व श्री कृष्ण कैसे सुदामा के घर को महल में तब्दील कर धन-धान्य से भरपूर कर देते हैं। पं. गोविंद ने कहा कि जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं और जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। मौके पर महायज्ञ के यजमान मंजू मिश्र व गोविंद मिश्र श्यामानंद मिश्र इंदु मिश्र सहित मैथिली कलामंच कालीपूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा एवं महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर के अलावा श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट एसो. की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक तेनुघाट में हुई। इस दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें प्रशांत सिन्हा को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में संरक्षक की भूमिका नागेश्वर कुमार, नरेश प्रसाद श्रीवास्तव, विल्सन फ्रांसिस (बबलू), पंकज पांडेय (टिल्लू), अनंत कुमार दास, शैलेश चन्द्र श्रीवास्तव (ददन), मो शमशेर आलम और बीरेंद्र प्रसाद को सौंपी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारी में कार्यकारी अध्यक्षः बॉबी राज, उपाध्यक्षः मुकेश कुमार, शबा अहमद, पंकज कुमार पांडेय, अमिताभ सिन्हा, महासचिवः शिवशंकर नोनिया (पप्पू चौहान), सहायक सचिवः दिलीप कुमार, जितेन्द्र प्रसाद चौहान, जीवन सागर, विजय साव रिंकू, कोषाध्यक्षः राजकुमार, उप कोषाध्यक्षः सुभाष रविदास, नवीन सिन्हा को चुना गया। इसके अलावा, कार्यकारिणी में रतन कुमार सिन्हा, अमित कुमार, मो सेराज अंसारी, अनिल कुमार शर्मा, प्यारे लाल, शशि कुमार सिंह और प्रविण कुमार को सदस्य बनाया गया है। प्रदेश कानूनी सलाहकार के रूप में सुभाष कटरियार उर्फ राजा और रमेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ निशु को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रितम भाटिया, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, बोकारो प्रभारी राजेश कुमार सिंह, दिनेश बनर्जी, अजय महतो, अमित दत्ता मौजूद थे। प्रीतम भाटिया ने कहा कि इस नई कार्यकारिणी से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है, साथ ही सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार ने बताया कि नए नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा कार्य को सुचारू रूप से कर एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने में सक्षम रहेंगे। पत्रकारों की समस्या का समाधान करने में सहायता करेंगे। कमिटी गठन के बाद एसोसिएशन के द्वारा एसडीओ मुकेश मछुआ, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह सहित बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी को शाल ओढ़ाकर, बुके देकर सम्मानित किया। उसके बाद होली मिलन समारोह में सभी ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी ली। पत्रकार सहित सभी ने होली मिलन समारोह के अवसर पर होली के गानों पर अपने अपने नृत्य प्रस्तुत किया और फागुन के गीत भी गाए। जिससे सभी काफी प्रसन्न नजर आए। सभी ने एक दूसरे पर अबीर लगाकर होली खेल कर होली की बधाई दी। सभी ने इस अवसर पर पुआ पकवान का भी आनंद उठाया।

# एसकेएमयू के राजमहल में सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, उच्च तकनीक सुविधाओं का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने मंगलवार को मॉडल कॉलेज राजमहल परिसर में सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, जीवाश्म संग्रहालय और उच्च तकनीक सुविधाओं का उद्घाटन किया। मॉडल कॉलेज राजमहल एसकेएमयू का अंगीभूत कॉलेज है। यह कॉलेज अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होगा, जिससे न सिर्फ बिजली की बचत होगी। बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया जाएगा। छात्र-छात्राओं और युवाओं की फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को आधुनिक ओपन जिम की शुरूआत की गई है। इस जिम में अत्याधुनिक फिटनेस उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करते हुए कॉलेज में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा शुरू की गई, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी बाधा के ऑनलाइन पढ़ाई कर सकें। साथ ही उन्नत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। मदर केयर सेंटर की स्थापना छात्राओं की जरूरतों को समझते हुए की गई। इसके अलावा राजमहल पहाड़ी जीवाश्म संग्रहालय की स्थापना की गई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, डीएफओ प्रबल गर्ग और राजमहल एसडीओ आदि मौजूद थे। प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ कुमार ने कॉलेज के क्रमिक विकास की ओर ध्यान आकर्षित किया। कुलपति डॉ सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित कक्षाएं लेने के लिए प्रेरित किया।

# बेरमो कोयलांचल में फरवरी 28 तक 121.07 लाख टन हुआ कोयला उत्पादन





खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में फरवरी 2025 तक 121.07 लाख टन कोयला उत्पादन हुआ, जिसमे शुरूआत सर्वाधिक उत्पादन सीसीएल के बीएडके के क्षेत्र में 58.01 लाख टन उत्पादन हुआ। 38.83 लाख टन कोयला उत्पादन कर ढ़ोरी क्षेत्र दूसरे स्थान पर है। 23.4 लाख टन कोयला उत्पादन कर कथारा क्षेत्र तीसरे स्थान पर है जबकि फरवरी महीना उत्पादन में ग्रोथ के मामले में 29% ग्रंथ के साथ कथारा क्षेत्र प्रथम स्थान पर, 53% ग्रंथ के साथ ढोरी क्षेत्र दूसरे स्थान पर जबकि बीएंडके के क्षेत्र है 2% नेगेटिव ग्रोथ हुआ।

# झारखंड में राजनेताओं की होली

## सीएम की मौजूदगी में विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित











**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** विधान सभा के बजट सत्र के मंगलवार की कार्यवाही समाप्ति के उपरांत परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य मंत्रीगण एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को रंगों के इस उत्सव होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है। रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आये। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाये। मौके पर प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, मंत्री दीपक बिरूआ, रामदास सोरेन, सुदिव्य सोनू, योगेंद्र प्रसाद, विधायक कल्पना सोरेन, नीरा यादव, मनोज यादव, राजेश कच्छप, नवीन जायसवाल, आलोक चौरसिया आदि उपस्थित थे। सभी ने राज्यवासियों को अपने-अपने ढंग से होली की शुभकामनाएं दी।

स्पीड न्यूज

### यूडीएफ सांसदों का आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** केरल से यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) सांसदों ने आज संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया और आशा कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाने की सरकार से मांग की। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यूडीएफ सांसद संसद भवन परिसर में एकत्रित हुए और आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारी सांसद हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए आशा वर्कर्स का वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी यूडीएफ सांसदों ने आशा कार्यकताओं के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के दौरान उनका मानदेय 21,000 रुपये करने और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में उन्हें पांच लाख रुपये देने की मांग की।

### आतंकवाद तथा अलगाववाद के कारण पूर्वोत्तर विकास की दौड़ में चार दशक पीछे रह गया : शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तमाम विशेषताओं से लैस होने के बावजूद पूर्वोत्तर में मतिभ्रम और विवाद पैदा कर आतंकवाद तथा अलगाववाद खड़ा किया गया जिससे यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से चार दशक पीछे चला गया। श्री शाह ने यहां छात्र आदान–प्रदान कार्यक्रम के तहत राजधानी आये पूर्वोत्तर के राज्यों के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य गहना है और यह संस्कृति को समृद्ध करने वाली विरासत से लैस है। उन्होंने कहा, नॉर्थईस्ट में पूरी दुनिया को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षित करने की क्षमता है। साथ ही नॉर्थईस्ट में भारत के सबसे ज्यादा आई क्यू वाले युवा हैं और सबसे मेहनती जनजातियां यहीं हैं।

## मॉरिशस पहुंचे पीएम मोदी, सभी 34 मंत्रियों ने किया स्वागत, होंगे कई अहम समझौते

# मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात की

एजेंसी

**पोर्ट लुई।** पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मॉरिशस पहुंच गए हैं। मॉरिशस के पोर्ट लुइस पहुंचे जहां उनका औपचारिक स्वागत किया गया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम पीएम मोदी की अगवानी करने एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान वहां के सभी 34 मंत्री उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्टेट हाउस में मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति धर्मबीर गोकुल से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और लोगों से लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर चर्चा की। अधिकारियों के अनुसार दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और



घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस संदर्भ में, उन्होंने दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और लोगों से लोगों के बीच मजबूत संबंधों के अस्तित्व को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में दूसरी बार मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेना उनके लिए सम्मान की बात है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विशेष भाव से राष्ट्रपति गोकुल और प्रथम महिला वृंदा गोकुल को ओसीआई कार्ड सौंपे तथा उपहार के रूप में बनारसी रेशम साड़ी और गणेश प्रतिमा के अलावा बिहार का मखाना भेंट किया। प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से स्थापित स्टेट हाउस में आयुर्वेद गार्डन का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सहित पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आगे बढ़ाने में मॉरीशस भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

बातचीत के बाद, राष्ट्रपति श्री गोकुल ने प्रधानमंत्री के सम्मान में राज्य के दोपहर के भोजन की मेजबानी की। भोज के समय श्री मोदी ने मॉरीशस में अपने आतिथ्य सत्कार और सम्मान के लिए राष्ट्रपति गोकुल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल भोजन का अवसर नहीं है, बल्कि भारत और मॉरीशस के जीवंत और घनिष्ठ संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस की थाली में न केवल स्वाद है, बल्कि मॉरीशस की समृद्ध सामाजिक विविधता की झलक भी है। इसमें भारत और मॉरीशस की साझी विरासत भी समाहित है। मॉरीशस की मेजबानी में हमारी मित्रता की मिठास घुली हुई है। श्री मोदी ने कहा, इस अवसर पर, मैं राष्ट्रपति धरमबीर गोकुल और श्रीमती बृंदा गोकुल के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण, मॉरीशस के लोगों की निरंतर प्रगति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करता हूँ और, हमारे संबंधों के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराता हूं।

### तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर

**वाशिंगटन / नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेन्सी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। सुश्री गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा , मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, वापस आने से पहले फ्रांस में कुछ समय के लिए रूकूंगी। उन्होंने कहा, शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और संपर्क का मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है।

# नीतीश ने मेट्रो रेल परियोजना कार्य प्रगति का लिया जायजा

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क के सामने पटना स्टेशन के पास थर्ड टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इसके बाद पश्चात टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) भूमिगत मेट्रो लाईन के लिए कटिंग करते हुये बाहर निकली जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने पटना मेट्रो एलाइनमेंट कॉरिडोर-एक और दो के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, 



पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 किमी) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री पटना रेलवे जंक्शन के पास भी पहुंचे और कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है। इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना मेट्रो रेल परियोजना को समय पूर्ण की जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो।

# पाकिस्तान में हाईजैक हुई ट्रेन, 11 सैनिक मारे गये

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हाइजैक कर लिया है। इस दौरान बलूच लिबरेशन आर्मी ने 100 पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बनाने का भी दावा किया है। साथ ही गोलीबारी में 11 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तानी सेना कोई कार्रवाई करती है तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रेन में 500 से अधिक यात्री सवार है। सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि हमलावरों ने रेलवे ट्रैक उड़ा कर ट्रेन को रोका और उस पर कब्जा कर लिया।


ट्रेन में सवार सुरक्षा अधिकारियों और हमलावरों के बीच भारी गोलीबारी में ग्यारह पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे गये हैं। एक ड्रोन भी मार गिराया गया है। एक ट्रेन चालक घायल हो गया। बलूच लिबरेशन

### सैकड़ों यात्री, 100 से अधिक सैनिक बीएलओ के कब्जे में

आर्मी ने 100 पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बना लिया है। इस घटना के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस पर कब्जा करने के बाद यात्रियों को बंधक बना लिया है।

जाफर एक्सप्रेस पर बीएलए के लड़ाकों का पूरा नियंत्रण बना हुआ है। बीएलए ने स्पष्ट किया है कि बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आईएसआई और एटीएफ के सक्रिय कर्मी शामिल हैं, जो सभी छुट्टी पर यात्रा कर रहे थे।

**सैकड़ों यात्रियों को रिहा किया :** नागरिक यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बलूच नागरिकों को सुरक्षित रूप से रिहा कर दिया गया है और उन्हें सुरक्षित मार्ग दिया गया है।




# एयरटेल के साथ भारतीय बाजार में उतरेगी स्टारलिंक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने अमेरिकी उद्योगपति ऐलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं अपने ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए स्पेसएक्स के साथ समझौते किया है। एयरटेल ने मंगलवार को यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह भारत में हस्ताक्षरित पहला समझौता है, जो स्पेसएक्स द्वारा भारत में स्टारलिंक को बेचने के लिए अपने स्वयं के प्राधिकरण प्राप्त करने के अधीन है। यह एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाता है कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकशों को कैसे पूरक और विस्तारित कर सकता है, और कैसे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों को स्पेसएक्स की प्रत्यक्ष पेशकशों को पूरक बनाती है। एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के रिटेल स्टोर में स्टारलिंक उपकरण, एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं, समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के अवसरों के साथ-साथ भारत के सबसे ग्रामीण इलाकों में भी कई अन्य चीजों की पेशकश करने का पता लगाएंगे। एयरटेल और स्पेसएक्स यह पता लगाएंगे कि कैसे स्टारलिंक एयरटेल नेटवर्क का विस्तार और संवर्धन करने में मदद कर सकता है, साथ ही स्पेसएक्स की भारत में एयरटेल के ग्राउंड नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य क्षमताओं का उपयोग करने




तथा उनसे लाभ उठाने की क्षमता भी। एयरटेल ने कहा कि वह ग्राहक-केंद्रित सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उन्नत तकनीक का लाभ उठाते हुए व्यापक और विश्वसनीय कनेक्टिविटी और डिजिटल समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टारलिंक को अपने ऑफर में जोड़कर (यूटेलसैट वनवेब के साथ अपने मौजूदा गठबंधन के अलावा), एयरटेल देश भर में कनेक्टिविटी प्रदान करने और पहले से कम सेवा वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से आज सीमित या बिना कवरेज वाले क्षेत्रों को जोड़ने की अपनी क्षमता को आगे बढ़ाएगा। स्टारलिंक एंटरप्राइज सूट के साथ, एयरटेल उद्यमों, व्यवसायों और समुदायों को व्यापक और निर्बाध कनेक्टिविटी पैकेज प्रदान करने में सक्षम होगा। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा, ह्ल भारत में एयरटेल ग्राहकों को स्टारलिंक की पेशकश करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और दशार्ता है। स्टारलिंक एयरटेल के उत्पादों के समूह को पूरक और उन्नत करेगा, ताकि हमारे भारतीय ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और किफायती ब्रॉडबैंड सुनिश्चित हो सके - चाहे वे कहीं भी रहते हों और काम करते हों।

